सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 21 जुलाई , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 14, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 443 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे और सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा। } 10

मेल्दोवा के साथ रिश्तों को मजबूत करने पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोल्दोवा की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंची, इस यात्रा का मकसद व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना है। } 12



लखनऊ के जवाहर भवन में लगी आग

कोई हताहत नहीं, दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके व्यस्त हजरतगंज क्षेत्र स्थित बहुमंजिला सरकारी इमारत जवाहर भवन में सोमवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और आग पर काबू पा लिया गया है। जवाहर भवन में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के निदेशालय और कार्यालय हैं। आग चौथी मंजिल पर स्थित एक कार्यालय में लगी। सूत्रों के मुताबिक सुबह कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने इमारत से धुआं उठता देखा, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। अग्निशमन विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि



सुबह नौ बजकर 53 मिनट पर जवाहर भवन में आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद हजरतगंज अग्निशमन केंद्र और जिले के अन्य सभी अग्निशमन केंद्रों से तत्काल दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। बयान कहा गया मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने त्वरित और प्रभावी कार्वाई करते हुए एक घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग जवाहर भवन के पिछले हिस्से में चौथी मंजिल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

जम्मू कश्मीर में बारिश से भारी तबाही, अब तक 15 की मौत

एजेंसी

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी बारिश के चलते मंडी तहसील के लोरन ब्लॉक के पीर पंजाल पहाड़ियों में स्थित दोमेल ढोक क्षेत्र में हुए भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ। अब तक 11 लोगों की मौत हो गई, जिससे पिछले दो दिनों में मरने वालों की संख्या 23 बताई जा रही है।

सोमवार को लगातार बारिश के बीच दोमेल ढोक इलाके में अचानक भूस्खलन हुआ, जिसमें कई लोग मलबे की चपेट में आ गए। यह क्षेत्र बेहद दूरदराज और दुर्गम होने के कारण घटना की जानकारी प्रशासन तक देर शाम पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मंडी प्रशासन और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन एवं पुलिस दल को घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया है।

लगातार बारिश के कारण पुंछ जिले के कई इलाकों में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।



पिछले दो दिनों की भारी बारिश से सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। पुंछ में 10 लोगों की मौत हुई और छह लापता हैं, जबकि राजौरी में दो लोगों की जान गई और एक जल शक्ति कर्मचारी लापता है। बचाव और राहत कार्य लगातार हो रही भारी बारिश से बाधित हुए हैं। बचाव दल में पुलिस, सेना, एसडीआरएफ, नागरिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में 24 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी

लखनऊ। दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के 12 जिलों और उनके आसपास के इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों तथा उनके आसपास के इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान अत्यधिक भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गयी। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 174 मिलीमीटर (मिमी) वर्षा बहेड़ी (बरेली) में हुई, इसके बाद मुसमरी (बिजनौर) में 160 मिमी, कालीनगर (रामपुर) में 152.4 मिमी और ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

त्रिपुरा के डीजीपी ने की आत्महत्या

अगरतला। त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग धनखड़ का शव सोमवार को पुलिस मुख्यालय स्थित उनके आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह मुख्य सचिव और गृह सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय पहुंचे। साहा ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा मैं त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग धनखड़ के दुखद निधन से बेहद स्तब्ध और दुखी हूं। उनका शव आज आधिकारिक कक्ष के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी को तुरंत अगरतला स्थित जीबीपी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया।

कानपुर : 100 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में पुलिस ने सोमवार को नौकरी का झांसा देकर और बिना पंजीकरण के आयुर्वेदिक उत्पाद बेचकर 60 हजार से अधिक लोगों से करीब 100 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि विन मेकर आयुर्वेद और विन मेकर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित कंपनी बेरोजगार युवाओं को 25 हजार से 50 हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी का झांसा देकर सेमिनार में बुलाती थी। वहां उन्हें 12 हजार से 30 हजार रुपये देकर अपंजीकृत आयुर्वेदिक दवा किट खरीदने और एमएलएम नेटवर्क से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता था तथा इसके बाद उनसे नए लोगों को जोड़ने के लिए कहा जाता था।

सपा-कांग्रेस विकास की विरोधी : योगी

○ युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव व लूट के बारे में बतायें बुजुर्ग ○ केडी सिंह बाबू की हवेली को बनाएंगे संग्रहालय

भूपेन्द्र पाल सिंह

लखनऊ/बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी की धरा से प्रदेशवासियों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी विरासत, विकास, गांव-गरीब, किसानों, नौजवानों और महिलाओं की जन्मजात विरोधी हैं। इनसे सावधान और सतर्क रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे अन्यथा जैसे ही इनसे सटेंगे तो खतरा बढ़ेगा। सीएम ने बुजुर्गों से अपील की कि युवाओं को सपा की गुंडागर्दी, उपद्रव, सरकारी धन की डकैती व लूट के बारे में बताइए। मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव के सामने से जाने वाली सड़क को टूलेन से फोरलेन बनाने और गेट को भव्य बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाराबंकी में रामनगर व दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 542 करोड़ से अधिक की 82 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

सीएम ने साहित्यिक विभूतियों, खिलाड़ियों, किसानों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमा की सुरक्षा करने वाले युवाओं आदि का नाम लेकर बाराबंकी को विरासत, आध्यात्मिकता, साहित्य, समर्पण, युवा शक्ति से ओतप्रोत, स्वतंत्रता आंदोलन में अविस्मरणीय योगदान वाली प्रतिभाशाली व समृद्ध धरा बताया। सीएम ने कहा कि बाराबंकी को लोधेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त है। सोमवार को बाबा का दर्शन कर



अंतःकरण से आनंद की अनुभूति हुई। यहां अगल-बगल के कई जनपदों से श्रद्धालु आते हैं, फिर भी मंदिर जीर्ण-शीर्ण ही रहा। आजादी के बाद भी आपके पैसे से विकास की लौ कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल तक तो पहुंची, लेकिन लोधेश्वर महादेव मंदिर, केडी सिंह बाबू की हवेली, पारिजात के महाभारत कालीन वृक्ष के संरक्षण, महादेवा, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, गोला गोकर्णनाथ, महापुरुषों, वीरांगनाओं आदि के नाम पर

नाइट सफारी जल्द शुरू हो, फायर सुरक्षा मानकों में न हो लापरवाही

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की छठी बैठक में प्रदेश में संचालित प्रमुख आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास, निवेश, जनकल्याण और सेवा वितरण से जुड़ी परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जीरो पॉवर्टी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की विशेष टीम गठित कर पात्र परिवारों का अंत्योदय कार्ड बनवाया जाए और उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास सहित सभी पात्र योजनाओं से चरणबद्ध रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का समग्र लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाढ़ हो या सूखा, हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित हो : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बाढ़ हो या सूखा, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, किसानों की फसल और आमजन की आजीविका की रक्षा करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति तक समयबद्ध सहायता पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रदेश में अनियमित वर्षा से उत्पन्न दोहरी चुनौती, एक ओर कम वर्षा वाले क्षेत्रों में सूखे की आशंका और दूसरी ओर अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में संभावित बाढ़, के दृष्टिगत आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्येक ...शेष पृष्ठ 10 पर

कॉजपा के प्रदर्शन में पुलिस का लाठीचार्ज

प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को संसद मार्ग पर तब आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भांजीं, जब मानसून सत्र के पहले दिन हजारों प्रदर्शनकारी संसद भवन की ओर मार्च कर रहे थे। सत्र के पहले दिन के लिए संसद में सभी सांसद जुटे हुए थे। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ हुई झड़प के दौरान 50 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। घायल कर्मियों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि पुलिस ने हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

शिक्षा में सुधार के लिए कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन में छात्र संगठनों ऑल



इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकर्ताओं और कई पेशेवरों ने हिस्सा लिया। हालात तब तनावपूर्ण हो गए, जब पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्ग पुलिस थाने के सामने लगे एक प्रमुख अवरोधक को तोड़ दिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारी बारिश से ढहा मकान, पांच की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के फुगाना क्षेत्र में रविवार को भारी बारिश के दौरान ढहे एक मकान के मलबे में दबने से चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए।

उप जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि फुगाना थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव में बारिश के दौरान एक मकान ढहने से चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान इस्लाम, अहद, रुखसार, अलशिफा और जीशान के रूप में हुई है। इस घटना में घायल हुए पांच अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तब हुई जब भारी बारिश के दौरान घर में लोग खाना खा रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिये हैं। सहारनपुर के मंडलायुक्त डॉ. ...शेष पृष्ठ 10 पर


भारी बारिश, भूस्खलन से थमी चारधाम यात्रा

हालात सामान्य होने तक आगे नहीं बढ़ेंगे श्रद्धालु : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में सक्रिय मानसून के कारण लगातार हो रही भारी बारिश ने चारधाम यात्रा की रफ्तार पर फिलहाल विराम लगा दिया है। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और सड़कों पर मलबा आने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने चारधाम यात्रा को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया है। मौसम विभाग की ओर से जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर यह निर्णय पूरी तरह एहतियात के तौर पर लिया गया है।

बारिश के चलते बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाले कई प्रमुख मार्ग प्रभावित हुए हैं। कई स्थानों पर चट्टानें गिरने और मलबा जमा होने से सड़कें असुरक्षित



हो गई हैं, जिसके कारण यात्रियों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन का कहना है कि यात्रा तभी दोबारा शुरू होगी, जब सभी मार्गों का निरीक्षण कर उन्हें पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया जाएगा। गढ़वाल मंडलायुक्त आनंद स्वरूप ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर जहां भी श्रद्धालु ठहरे हुए हैं, ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हाई अलर्ट (पृष्ठ-02)
- 1.95 लाख से अधिक पुराने वाहन चलन से बाहर(पृष्ठ-02)
- रुपया 14 पैसे टूटकर 96.44 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- सोना 1,400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का जारी (पृष्ठ-10)
- बजट पेश, विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, लखनऊ में छः दिवसीय जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता का समापन

विराज सागर दास ने जूडो प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज, लखनऊ में सम्पन्न हुई छः दिवसीय जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वॉइस प्रेसिडेंट, उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष व यूपी ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास शामिल हुए। उन्होंने विजेताओं को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया।

इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन एवं यूपी जूडो एसोसिएशन द्वारा संचालित जूडो





महाकुम्भ के छठे एवं अंतिम चरण में सीनियर प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूडोकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया एवं अद्भुत खेल प्रतियोगितायें दिखाई। मुरादाबाद की पुरूष एवं महिला टीम ने 03 स्वर्ण, 03 रजत व 03 कांस्य पदक जीतकर इण्डिया पेस्टिसाइड्स सीनियर विजेता कैश अवार्ड जीता जबकि लखनऊ की पुरूष एवं महिला टीम ने 03 स्वर्ण, 03 रजत व 01 कांस्य पदक जीतकर इंडिया पेस्टिसाइड्स सीनियर उप विजेता कैश अवार्ड जीता। विराज सागर दास ने सभी सीनियर ग्रुप के पुरूष एवं महिला विजेता टीमों एवं बेस्ट जूडोकाओं को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही सीनियर प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता एवं जूडो महाकुम्भ का समापन किया। सीनियर महिला वर्ग में कानपुर नगर की अंजना बाजपेयी एवं सीनियर पुरूष वर्ग में लखनऊ के कार्तिकेय मिश्रा इंडिया पेस्टिसाइड्स ...शेष पृष्ठ 10 पर

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को न दें राजनीतिक रंग

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच पर यूपी सरकार से पूछा सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की संभावना के बारे में जानकारी मांगी और याचिकाकर्ताओं को चेतावनी दी कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से निर्देश लेने को कहा कि क्या स्थानीय पुलिस के बजाय एसआईटी को इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसने प्राथमिकी दर्ज होने से पहले पूरे मामले की जांच की थी। सीजेआई ने कहा बस एक बात का ध्यान रखें। कृपया इस मामले को राजनीतिक रंग न दें। अदालतें राजनीति की जगह नहीं हैं। यह अपराध का एक साधारण मामला है। हम (यहां) सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि इसकी ठीक से जांच हो। शुरुआत में, मेहता ने कहा कि पहले के आदेश का पालन करते हुए राज्य सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है।

बीबीडी विश्वविद्यालय में भारतीय भाषाओं में अनुवाद पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला सम्पन्न





लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल), मैसूर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के सहयोग से 16 से 18 जुलाई 2026 तक 'भारतीय भाषाओं (हिन्दी, उर्दू एवं सिंधी) में अनुवाद' विषय पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना तथा भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अनुवाद कौशल का विकास करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव, कुलपति, बीबीडी विश्वविद्यालय ने किया। इस अवसर पर डॉ. एस. सी. शर्मा, प्रति-कुलपति, डॉ. दिनकर प्रसाद, भाषा सलाहकार, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर तथा डॉ. सी. एम. नौटियाल, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के संयोजक एवं अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. एस. अहमद अली ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. दिनकर प्रसाद ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय अनुवाद मिशन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है तथा अनुवाद इस दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है ।तीन दिनों तक आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अनुवाद के विविध आयामों पर व्याख्यान दिए। डॉ. सी. एम. नौटियाल ने वैज्ञानिक लेखन की कला विषय पर व्याख्यान देते हुए वैज्ञानिक लेखन में स्पष्टता, शुद्धता और सरलता के महत्व तथा वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद में इन गुणों को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रो. आर. पी. सिंह ने साहित्यिक अनुवाद की चुनौतियों, डॉ. राजीव कुमार सिंह ने विधिक (लीगल) अनुवाद की जटिलताओं, डॉ. एस. मोहम्मद फैयाज ने उर्दू अनुवाद में भाषिक एवं सांस्कृतिक पक्षों, सुंदरदास वी. गोहराणी ने सिंधी भाषा में अनुवाद एवं लिप्यंतरण की चुनौतियों, डॉ. मंजरी जौहरी ने साहित्यिक अनुवाद के व्यावहारिक पक्ष तथा प्रो. रजनीश अरोड़ा ने भाषा शिक्षण में अनुवाद की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रो. एस. अहमद अली, डीन, बेसिक साइंस, ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में अनुवाद के माध्यम से विज्ञान एवं गणित को सुलभ बनाना विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विज्ञान एवं गणित के ज्ञान के वैश्विक प्रसार में अनुवाद की ऐतिहासिक भूमिका, वैज्ञानिक एवं गणितीय ग्रंथों के अनुवाद की कार्यप्रणाली, मानकीकृत वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुवाद की गुणवत्ता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में विषय-विशेषज्ञों की भूमिका सर्वोपरि बताया। कार्यशाला में व्याख्यानों के साथ-साथ व्यावहारिक अभ्यास, संवादात्मक सत्र, मूल्यांकन तथा प्रतिभागियों की सहभागिता पर विशेष बल दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को अनुवाद के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पक्षों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई।

समापन समारोह में डॉ. दिनकर प्रसाद, भाषा सलाहकार, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर ने प्रतिभागियों को संबोधित किया, जबकि डॉ. वी. के. सिंह, निदेशक, बीबीडी एनआईआईटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. एस. अहमद अली ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, राष्ट्रीय अनुवाद मिशन तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला ने भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण ज्ञान-सामग्री के विकास, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य के अनुवाद तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों की पूर्ति में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया।

प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक पुराने वाहन चलन से बाहर

वाहन मालिकों को 15 प्रतिशत तक रोड टैक्स पर छूट के साथ कई फायदे

- प्रदेश में अब तक 50 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी सेंटर शुरू हुए

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी साबित हो रही है। पॉलिसी लागू होने के बाद 30 जून 2026 तक प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक निजी और 10 हजार से अधिक सरकारी वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्रों के माध्यम से स्क्रैप किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक कुल 1.95 लाख से अधिक पुराने व अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने वाहन स्क्रैपिंग की पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित, पारदर्शी और आसान बनाया है। प्रदेश में वर्तमान समय में 101 रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें से 50 केंद्र पूरी तरह संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से पुराने और अनुपयोगी वाहनों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा रहा है। पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के वी-स्क्रैप पोर्टल व वाहन प्रणाली के जरिए ऑनलाइन संचालित होती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ वाहन स्वामियों को भी भागदौड़ से राहत मिल रही है।

परिवहन विभाग के मुताबिक प्रदेश सरकार व विभाग का उद्देश्य केवल पुराने वाहनों को हटाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है। इस पॉलिसी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, वायु प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन घटेगा, ईंधन दक्षता बढ़ेगी। साथ ही स्क्रैप धातु एवं अन्य सामग्रियों का वैज्ञानिक पुनर्चक्रण संभव होगा। इसके साथ ही निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की भी उम्मीद है। पॉलिसी के तहत ऐसे पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है, जो निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते।

वाहनों की फिटनेस जांच आधुनिक ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) में अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत मशीनों से मानवीय हस्तक्षेप के बिना की जाती है। यदि कोई वाहन निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो उसे पहले अनफिट घोषित किया जाता है और पुनः परीक्षण में भी असफल रहने पर उसे एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईएलवी) घोषित कर स्क्रैपिंग की प्रक्रिया में शामिल किया जाता है। प्रदेश सरकार स्क्रैपिंग नेटवर्क का तेजी से विस्तार भी कर रही है। जिन जिलों में अभी तक स्क्रैपिंग केंद्र स्थापित नहीं हुए हैं, वहां निजी निवेश के माध्यम से नए केंद्र खोलने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में 30 नए स्क्रैपिंग केंद्रों के प्रस्ताव व आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिससे आने वाले समय में यह सुविधा प्रदेश के ज्यादातर जिलों तक पहुंच जाएगी।

पॉलिसी में वाहन स्वामियों के हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। अधिकृत स्क्रैपिंग केंद्र पर वाहन जमा करने के बाद उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट जारी किया जाता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर नया वाहन खरीदने पर व्यावसायिक वाहनों के लिए रोड टैक्स में 10 प्रतिशत तक व निजी वाहनों के लिए 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। इसके अलावा वाहन मालिक को स्क्रैप किए गए वाहन का मूल्य भी प्राप्त होता है। यदि वाहन स्वामी तुरंत नया वाहन नहीं खरीदता, तो वह अपने डिपॉजिट प्रमाणपत्र को निर्धारित व्यवस्था के तहत किसी अन्य जरूरतमंद को बेच सकता है। इस नीति से सिर्फ पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा को ही मजबूती नहीं मिलेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल, स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, प्लास्टिक और रबर रीसाइक्लिंग उद्योगों को भी बेहतर कच्चा माल उपलब्ध हो पा रहा है। इससे विनिर्माण लागत कम हो रही है। वाहन स्क्रैपिंग, लॉजिस्टिक्स, मशीन संचालन, गुणवत्ता परीक्षण व पर्यावरण प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण का शुभारंभ

- कृषि विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा 45 दिवसीय 122वें मंडी सचिव प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु पांडे, मुख्य अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मंडियों के कुशल संचालन, पारदर्शिता और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से करने का आह्वान किया।

निदेशालय की ओर से उप-कृषि विपणन सलाहकार श्री भवेश कुमार जोशी ने मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण मंडी प्रबंधन, कृषि विपणन सुधार, गुणवत्ता नियंत्रण और किसानों के लिए बेहतर विपणन सुविधाएं विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी जितेन्द्र सिंह, एम. जे. अहमद और अनुपम कुमार ने भी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान से आए मंडी सचिव हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कृषि विपणन से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए 14 दिवसीय अखिल भारतीय अध्ययन भ्रमण भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें देश के विभिन्न राज्यों की उन्नत कृषि विपणन व्यवस्थाओं को समझने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने प्रशिक्षण मंडी सचिवों को अपने-अपने राज्यों में कृषि विपणन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में सक्षम बनाएगा।

जदयू प्रदेश कार्यालय में मना निशांत कुमार का जन्मदिवस



लखनऊ। जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश ने सोमवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर, मिठाइयां वितरित कर तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने विकास, सुशासन एवं सामाजिक न्याय की राजनीति के माध्यम से देशभर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उसी प्रकार प्रदेश का प्रत्येक जदयू कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं विकास की भावना को पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करे। कार्यक्रम में जदयू उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता डॉ. जितेंद्र सिंह ने निशांत कुमार के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिवस समारोह का शुभारंभ किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हरि शंकर, सुभाष पाठक, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जय वीर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर सिंह, अनिल चौधरी, भगवान सिंह गुर्जर, सुनील पटेल, अवधेश सिंह, फूल चंद आर्य, चंदन, पप्पू पांडे, अशोक वर्मा, एचएन सिंह, मनीष श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यालय के अतिरिक्त विभिन्न जनपदों में भी जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में निशांत कुमार का जन्मदिवस मनाया।

छात्रों पर लाठी, आंसू गैस चलाना लोकतंत्र पर हमला: लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने संसद के बाहर प्रतियोगी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को छात्रों की बात सुननी चाहिए थी, न कि उन पर लाठियां बरसानी चाहिए थीं।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश को बैठाकर अपनी मन की बात सुनाती है, लेकिन यदि वह इन छात्रों की भी मन की बात सुन लेती, तो लाठीचार्ज और आंसू गैस की नौबत ही नहीं आती। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि शाहीन बाग से लेकर किसानों के आंदोलन और अब छात्रों तक, हर विरोध की आवाज का जवाब बल प्रयोग से देना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। आखिर ये छात्र भी इसी देश के बेटे-बेटियां हैं, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान या अन्य देश के नागरिक नहीं।

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से प्रतापगढ़ के शिवम को मिली नयी पहचान

- डेयरी से सालाना 20 लाख रुपये की कमाई, ग्रामीण उद्यमिता की बने मिसाल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। प्रतापगढ़ जिले के सांड़वा चंडिका गांव निवासी शिवम सिंह इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरे हैं। एक घायल देसी गाय की सेवा से शुरू हुआ उनका सफर आज आधुनिक डेयरी उद्यम में बदल चुका है, जिससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय हो रही है।

शिवम सिंह बताते हैं कि करीब पांच वर्ष पहले उनके पिता राकेश सिंह को रास्ते में एक घायल देसी गाय मिली थी। परिवार ने उसे घर लाकर उपचार और देखभाल शुरू की। इसी दौरान गोपालन के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया और धीरे-धीरे गोवंश की संख्या बढ़कर 25 तक पहुंच गई। गोपालन को व्यवस्थित व्यवसाय का रूप देने की सोच के बीच उन्हें यूट्यूब के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की जानकारी मिली, जिसने उनके जीवन को नई दिशा दी।

योजना के तहत आवेदन और चयन के बाद शिवम को पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहायता से उन्होंने राजस्थान से साहीवाल और गिर नस्ल की 10 उच्च गुणवत्ता वाली गायें खरीदीं और आधुनिक डेयरी की स्थापना की। वर्तमान में उनकी डेयरी से प्रतिदिन लगभग 110 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। इससे उन्हें सालाना 20 लाख रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है।

\डेयरी के विस्तार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शिवम ने अपनी डेयरी में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। उनका कहना है कि भविष्य में वे दूध से घी और अन्य मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों का उत्पादन शुरू करेंगे, जिससे बाजार में अलग पहचान बनाई जा सके।

गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या समेत 16 जिलों में तीन महीने में घर पर नही हुई डिलीवरी

- योगी सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में हासिल की बड़ी उपलब्धि
- आशा कार्यकर्ताओं, एंबुलेंस सेवाओं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अहम योगदान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के 16 जिलों में अप्रैल से जून 2026 के दौरान सभी प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में संपन्न हुए हैं। इस अवधि में इन जिलों में एक भी गैरसंस्थागत यानी घर या अन्य स्थान पर प्रसव दर्ज नहीं किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह उपलब्धि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, गर्भवती महिलाओं में बढ़ी जागरूकता और स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रसूति सेवाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जिला महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूति सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी, दवाओं की उपलब्धता और रेफरल व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है।

एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, गाजीपुर, शामली, गाजियाबाद, हाथरस, इटावा, महोबा और कौशांबी में अप्रैल से जून के बीच एक भी गैरसंस्थागत प्रसव नहीं हुआ। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, नियमित जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर संपर्क और एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि अस्पतालों में प्रशिक्षित डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों की मौजूदगी, आपातकालीन प्रसूति सेवाएं, नवजात देखभाल और जरूरत पड़ने पर तत्काल रेफरल व्यवस्था से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलती है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को संस्थागत प्रसव के लिए लगातार प्रेरित किया। प्रसव की संभावित तिथि से पहले तैयारी और समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था ने इस उपलब्धि को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। प्रदेश सरकार का कहना है कि 16 जिलों की यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बनेगी और सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

प्रदेश में कांवड़ यात्रा को लेकर हाई अलर्ट

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने की अंतरराज्यीय सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा
- जीरो इंसीडेंट-जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य के साथ काम करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/मेरठ। कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने मेरठ में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडलों के साथ-साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह विशाल धार्मिक आयोजन है, जिसे बिना किसी अप्रिय घटना और दुर्घटना के संपन्न कराना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को कांवड़ मार्गों, शिविरों, स्नान घाटों और प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा और भीड़ प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ शिविरों में विद्युत कनेक्शन, अग्नि सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और अन्य मानकों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, बाइक एंबुलेंस और अस्पतालों में पर्याप्त बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग ‡जीरो इंसीडेंट-जीरो एक्सीडेंट‡ के लक्ष्य के साथ कार्य करें। मुख्य सचिव ने सीमावर्ती राज्यों और जिलों के बीच बेहतर समन्वय, रूट प्लानिंग और त्वरित सूचना आदान-प्रदान पर जोर दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। वहीं डीजीपी राजीव कृष्णा ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति पर तत्काल कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और एक्सप्रेस-वे के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

डीजीपी ने निर्देश दिए कि डीजे संचालन सुप्रीम कोर्ट के निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुसार कराया जाए। बिना साइलेंसर वाहन चलाने, स्टंटबाजी और अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक खबरों और फेक नैरेटिव की निगरानी कर तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, जल निकासी, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन, मोबाइल टॉयलेट, प्लास्टिक मुक्त व्यवस्था, सुरक्षा समितियों के साथ संवाद और कानून व्यवस्था शामिल रहे।

बैठक के बाद मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जलाभिषेक किया। इस अवसर पर एडीजी भानु भास्कर, मेरठ मंडल आयुक्त भानू चन्द्र गोस्वामी, डीआईजी कलानिधि नैथानी, विभिन्न मंडलों के आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी मेरठ डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी मेरठ अविनाश पांडे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सपा सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान पुलिस से नोंकझोंक, पुलिस ने हिरासत में सपाइयों को लेकर पहुंचाया इकोगार्डेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा सांसद डिम्पल यादव के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर नीट छात्रों के समर्थन में गये पार्टी के सभी सांसदों को पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध, केंद्रीय शिक्षा



मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान नेताओं की पुलिस से तीखीं नोंकझोंक हुई और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। वहां पर उन्होंने धरना दिया।

सपा लखनऊ महानगर एवं जिले के सभी पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सिविल हॉस्पिटल के पास एकत्र हुए। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में पार्टी का झंडा-बैनर लेकर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए हजरतगंज चौराहे तक मार्च किया। चौराहे पर पहुंचकर सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। भाजपा के अलोकतांत्रिक रवैये का विरोध किया।

प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की की। पुलिस ने सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ जोर-जबरदस्ती की और सभी को हिरासत में लेकर बसों में भरकर इकोगार्डेन पार्क ले गयी। इकोगार्डेन पार्क में सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में धरना दिया।



विरोध-प्रदर्शन में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक अरमान खान, पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, लखनऊ जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, पार्षद दल के नेता कामरान बेग, ब्लाक प्रमुख ऊषा सेन, महिला सभा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर, पूजा शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, प्रदेश सचिव विजय सिंह, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, राम सिंह राणा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, अनूप बाजपेयी, दीपक रंजन सहित अशोक यादव देव, शब्बीर अहमद खान, रंजीत यादव, प्रदीप शर्मा, राम प्रकाश यादव, राम सागर यादव, वंदना चतुर्वेदी, पंडित शर्मिला महाराज, दीनू रावत, अरूण यादव, अनिल पासी, राजबाला रावत, बचान सिंह यादव, अंजनी प्रकाश यादव, रितु अग्रवाल, बीना रावत, वीरेन्द्र सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, सर्वेश यादव, शैलेन्द्र सिंह बल्लू, सुहैल अहमद, सफाहत हुसैन, धीरज श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव, अनिल मास्टर समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



गृह-जल व सीवरकर के ब्याज पर 100% छूट

प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को बड़ी राहत : ओटीएस योजना लागू, 762 नगरीय निकायों में मिलेगा लाभ

- 15 अगस्त से 15 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे बकाया

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स (गृहकर, जलकर और सीवरकर) के बकायेदारों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश सरकार ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू कर दी है। इसके तहत बकायेदारों को केवल मूल कर राशि जमा करनी होगी और उस पर लगा ब्याज व सरचार्ज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य राजस्व वसूली बढ़ाने के साथ ही वर्षों से लंबित कर विवादों का निस्तारण करना है। प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरु प्रसाद ने सोमवार को इस संबंध में शासनादेश जारी किया। प्रदेश के सभी 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों समेत कुल 762 नगरीय निकायों में यह योजना लागू होगी।

ओटीएस योजना के तहत गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकायेदारों को केवल मूल कर राशि का भुगतान करना होगा। ब्याज और सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट तभी मिलेगी, जब पूरा मूल बकाया जमा कर दिया जाएगा। योजना का लाभ आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग वाली सभी संपत्तियों को मिलेगा। एक अप्रैल 2026 तक के बकाये पर यह सुविधा लागू होगी। व्यक्तिगत करदाताओं के अलावा सरकारी विभागों, स्वायत्तशासी संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों को भी योजना में शामिल किया गया है।

बकायेदारों को राहत देते हुए भुगतान के लिए अधिकतम तीन किस्तों की सुविधा दी गई है। योजना लागू होने के 30 दिन के भीतर कम से कम एक-तिहाई मूल बकाया जमा करना होगा। शेष राशि दो मासिक किस्तों में जमा की जा सकेगी। हालांकि पूरा भुगतान तीन महीने के भीतर करना अनिवार्य होगा। ओटीएस योजना 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। 15 अगस्त से 14 सितंबर तक नगरीय निकायों की ओर से प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर बकायेदारों को योजना की जानकारी दी जाएगी। नगर विकास विभाग को उम्मीद है कि ओटीएस योजना से लंबे समय से लंबित कर मामलों का समाधान होगा और नगरीय निकायों की आय में वृद्धि होगी। वहीं भवन स्वामियों को ब्याज और सरचार्ज से बड़ी राहत मिलेगी।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन : योजना का लाभ लेने के लिए बकायेदार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकेंगे। नगरीय निकाय अपनी वेबसाइट अथवा विशेष पोर्टल के माध्यम से आवेदन स्वीकार करेंगे। इसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर निस्तारण करना अनिवार्य होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

लखनऊ में 2.43 लाख भवन स्वामियों को राहत : राजधानी लखनऊ में इस योजना का लाभ करीब 2.43 लाख भवन स्वामियों को मिलेगा। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में कुल 2,43,479 भवनों पर हाउस टैक्स बकाया है। इन भवनों पर मूल कर के रूप में 426.70 करोड़ रुपये और ब्याज के रूप में 223.45 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। ओटीएस के तहत मूल कर जमा करने पर पूरा ब्याज माफ हो जाएगा। नगर निगम के जोनवार आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक बकायेदार जोन-6 में हैं। यहां 62,511 भवनों पर 90.67 करोड़ रुपये का बकाया है। वहीं जोन-1 में बकाये की राशि सबसे अधिक है। यहां 24,705 भवनों पर 167.06 करोड़ रुपये की देनदारी दर्ज है। इसके अलावा जोन-8 में 109.90 करोड़, जोन-4 में 65.70 करोड़ और जोन-3 में 62.05 करोड़ रुपये का बकाया है।

शर्तों के साथ लैटरल एंट्री के अभ्यर्थी काउंसलिंग में ले सकते हैं भाग

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसिल के जरिये बीटेक, बी फार्मा लैटरल एंट्री कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी जिनका डिप्लोमा के अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित नहीं हुआ है, उन्हें शर्तों के तहत मुख्य चरण की काउंसलिंग में भाग लेने की अनुमति दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीयूईटी यूजी की परीक्षा दी है, वे उसी के रैंक के आधार पर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

काउंसलिंग में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का डिप्लोमा के पांचवें सेमेस्टर तक पूर्ण रूप से उत्तीर्ण होना जरूरी है। अभ्यर्थी के डिप्लोमा के प्रथम से लेकर पांचवें सेमेस्टर तक किसी भी विषय में कोई बैक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा अभ्यर्थी को पंजीकरण के समय या संस्थान में रिपोर्टिंग के दौरान अपने पूर्व के सभी सेमेस्टर की उत्तीर्ण मार्कशीट प्रस्तुत करनी होगी।

अलीगंज अग्निकांडः बिल्डर ने खुद हटाना शुरू किया अवैध निर्माण

- 25 जुलाई तक स्वयं कार्रवाई की मिली थी मोहलत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अलीगंज सेक्टर-डी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने कार्रवाई तेज कर दी है। भूखंड संख्या एमएस-102 पर निर्मित अवैध व्यावसायिक भवन के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। एलडीए के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर ने स्वयं ही अवैध निर्माण हटाने का काम शुरू कर दिया है।

एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वीरेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला व अन्य द्वारा अलीगंज सेक्टर-डी स्थित भूखंड संख्या एमएस-102 पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया था। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम की धारा-27(1) के तहत 23 जून 2026 को नोटिस जारी किया गया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान विपक्षी को निर्माण की वैधता से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। 7 जुलाई को पहली सुनवाई हुई, जबकि 8 जुलाई को विपक्षी की ओर से आपत्ति दाखिल की गई। एलडीए प्रवर्तन जोन-4 की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के बाद 9 जुलाई को सभी तथ्यों की समीक्षा की गई।

इसके बाद 10 जुलाई 2026 को विहित प्राधिकारी न्यायालय ने भवन निर्माण को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए। आदेश के तहत भवन स्वामी को स्वयं अवैध निर्माण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, जिसकी अवधि 25 जुलाई को पूरी होनी है। एलडीए के अनुसार, समय सीमा पूरी होने से पहले ही सोमवार को भवन स्वामी की ओर से अवैध स्ट्रक्चर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। सूचना मिलने पर प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया।

ओवर आल टूर्नामेंट विनर रहा लखनऊ पब्लिक कालेज



लखनऊ। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के कानपुर रोड कैंपस ने सीबीएसई ईस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप 2026-27 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। फिलहाल ओवर आल टूर्नामेंट विनर लखनऊ पब्लिक कालेज की शाखा विनम्र खंड गोमती नगर रहा। चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई, ब्रेस्टस्ट्रोक और रिले दौड़ सहित कई स्पधाओं में रोमांचक प्रतियोगिताएं हुईं। अनेरी गौतम ने अंडर 11 आयु वर्ग की 50 मीटर बटरफ्लाई रेस में स्वर्ण पदक और वेस्ट स्ट्रोक रेस में रजत पदक जीता। अंडर 14 आयु वर्ग में निवेदिता ने 200 मीटर फ्री, 200 मीटर वेस्ट स्ट्रोक और 50 मीटर फ्री स्टाइल रेस में रजत पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में अहाना तिवारी ने 6 स्पर्धाओं - 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, फ्रीस्टाइल रिले में स्वर्ण पदक जीता।

लविवि में शुद्ध पेयजल के लिए एमओयू



लखनऊ। शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार तथा आधुनिक तकनीकों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य एक समझौता (एमओयू) संपन्न हुआ।

मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दुर्गेश राय ने कहा कि उनकी कंपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित समाधानों के माध्यम से शुद्ध पेयजल के क्षेत्र में कार्य कर रही है। यह तकनीकी सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न जनहितकारी पहल संचालित करने की निःशुल्क सहयोग का उद्देश्य आधुनिक तकनीक का उपयोग कर समाज को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अनुसंधान, नवाचार तथा तकनीकी विकास को बढ़ावा एवं जनस्वास्थ्य देना है।

लविवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि शुद्ध पेयजल जैसे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषय पर मर्करी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड जैसी अकआधारित तकनीकी कंपनी के साथ सहयोग स्थापित हुआ है। यह समझौता विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार एवं तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। दोनों संस्थानों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ भावना मिश्र एवं शिक्षक, कर्मचारियों ने हर्ष जताया।

स्मार्ट मीटर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो

लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में लगाए गए स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। परिषद का कहना है कि प्रदेश में 92 लाख से अधिक उपभोक्ता स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे हैं और उन्हें यह जानने का अधिकार है कि उनके घरों में लगे मीटर गुणवत्ता मानकों पर कितने खरे हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नए बिजली कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

ऐसे में चार सदस्यीय समिति द्वारा तैयार की गई जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं का भरोसा कायम हो सके। उन्होंने कहा कि जब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होती और उसमें बताई गई कमियों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक स्मार्ट मीटरों को लेकर उठ रहे सवाल बने रहेंगे। उपभोक्ता परिषद ने बताया कि स्मार्ट मीटरों में तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

यूपी कैबिनेट की बैठक आज

विशेष संवाददाता (vol)

- एक्सप्रेस-वे ग्रिड से लेकर इलेक्ट्रिक बसों तक कई अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर
- विधानसभा मानसून सत्र की तारीखों पर भी होगा फैसला, महिला छात्रावास और आउटसोर्सिंग निगम को लेकर भी प्रस्ताव

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। सुबह 10:30 बजे होने वाली इस बैठक में एक दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर मंजूरी दिए जाने की संभावना है। बैठक में अवस्थापना विकास, परिवहन, महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, सहकारिता और वित्त से जुड़े कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

कैबिनेट बैठक में सबसे प्रमुख प्रस्ताव प्रदेश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को और मजबूत करने से जुड़े होंगे। सरकार विंध्य एक्सप्रेस-वे, विंध्य-पूर्वांचल समर लिंक एक्सप्रेस-वे के संरेखण और विस्तार को मंजूरी देने पर विचार करेगी। इसके अलावा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गंगा एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने की योजना पर भी निर्णय लिया जा सकता है। इससे प्रदेश में एक बड़े एक्सप्रेस-वे ग्रिड का रास्ता साफ होगा और औद्योगिक व आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। बैठक में उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को लेकर भी चर्चा होगी। संभावना है कि 3 अगस्त से विधानसभा सत्र शुरू हो सकता है। कैबिनेट की औपचारिक मंजूरी के बाद सत्र की तिथियों की घोषणा की जा सकती है। इस बार विधानसभा सत्र में कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और हाल के राजनीतिक मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस के आसार हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी में मुख्यमंत्री भागीरथी महिला छात्रावास योजना के तहत 500 क्षमता वाले छात्रावास निर्माण के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय में छात्राओं के लिए आधुनिक छात्रावास निर्माण को भी मंजूरी मिल सकती है। परिवहन विभाग प्रदेश में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए यूपी रोडवेज के बेड़े में नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का प्रस्ताव लाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में करीब 4000 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक बस खरीद नीति पर निर्णय लिया जा सकता है।

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश आउटसोर्सिंग सेवा निगम के संचालन के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 200 करोड़ रुपये के ब्याज रहित ऋण के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। वहीं लखनऊ स्थित ग्राम विकास बैंक को 650 करोड़ रुपये तक पुनर्वित्त और 1500 करोड़ रुपये की शासकीय गारंटी देने संबंधी प्रस्ताव सहकारिता विभाग की ओर से रखा जाएगा। राज्य कर विभाग की ओर से सांस्कृतिक महत्व की फिल्म 'कृष्णावतारम' को एसजीएसटी की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति देकर टैक्स फ्री करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा गृह विभाग की राजभवन सचिवालय सेवा नियमावली-2026, कानपुर में उप निबंधक कार्यालय के लिए भूमि आवंटन सहित अन्य प्रस्तावों पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

तैराकी में सीएमएस छात्रों ने जीती चैम्पियनशिप ट्राफी



लखनऊ। सीएमएस के राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने मोहम्मद हैदर मेमोरियल लखनऊ डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग चैम्पियनशिप में 13 गोल्ड मेडल, 9 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रांज मेडल समेत कुल 28 मेडल के साथ चैम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस चैम्पियनशिप में सीएमएस राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के छात्र अयान यादव ने 5 गोल्ड मेडल, रजुता साहू ने 3 गोल्ड, 1 सिल्वर एवं 1 ब्रांज मेडल, भव्या पाण्डेय ने 2 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल, अनन्त श्रीवास्तव ने 1 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल, शिव जायसवाल ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 2 ब्रांज मेडल, शिवी तिवारी ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर एवं 2 ब्रांज मेडल, अभिनव मिश्रा ने 2 सिल्वर एवं 1 ब्रांज मेडल जबकि आरोही आर्या गुप्ता ने 1 सिल्वर मेडल जीतकर अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने इन बाल तैराकों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सेंट जोसेफ कॉलेज का अमन ने बढ़ाया मान



लखनऊ। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की सीतापुर रोड शाखा के एक और छात्र सत्र 2024 बैच के मेधावी अमन वर्मा पुत्र रामजीवन सिंह एवं वंदना सिंह जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 95.75% मार्क्स प्राप्त किए थे, ने नीट 2026 की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व दो छात्र छात्राओं का नीट परीक्षा में चयन हो चुका है। अमन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 2854 एवं ओबीसी केटेगरी रैंक 1064 प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। प्रधानाचार्या अमिता सिंह, कोऑर्डिनेटर सीनियर विंग डॉ. नीलू गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने किया संगठन का विस्तार



लखनऊ। राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने अवध प्रांत की योजना बैठक का आयोजन किया, जिसमें संगठन का विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के 32 जिलों में राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संगठन का उद्देश्य अपने कार्यों का विस्तार अन्य राज्यों एवं प्रदेशों तक करना है। बैठक में अवध प्रांत, काशी प्रांत, ब्रज प्रांत, गौ रक्षा प्रांत, कानपुर प्रांत एवं पश्चिम प्रांत सहित सभी छह प्रांतों में संगठन को और अधिक सशक्त एवं विस्तारित करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राकेश कुमार सनातनी ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद का स्थापना दिवस 13 सितंबर 2026 को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा संगठन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए चार प्रमुख सूत्रों पर विशेष बल दिया। सनातन की रक्षा (चिंतन), संपर्क, कार्यक्रम व बैठक। प्रांत अध्यक्ष शशिभूषण सनातनी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले एवं प्रदेश में संगठन को किस प्रकार मजबूत बनाया जाए तथा युवाओं की भूमिका को और अधिक सक्रिय कैसे किया जाए। उन्होंने प्रत्येक घर एवं प्रत्येक प्रखंड स्तर पर संयोजकों की नियुक्ति कर नियमित बैठकों के आयोजन पर बल दिया। प्रदेश प्रभारी प्रवेश सनातनी ने 'सनातनी कवच' के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

केबल ड्रमों के टेंडर में खेल, कसेगा शिकंजा

- बिना सही आकड़ो के ही ड्रमो का आनन-फानन में कर दिया टेंडर
- जब 1425 लेसा में ही ड्रम तो टेंडर 50 ड्रमो का क्यो
- गायब ड्रमो का अधीक्षण अभियंता क्यो नही दे रहे है हिसाब
- मध्यांचल एमडी के नये होने का अधिकारी उठा रहे है फायदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। 33 केवी केबल ड्रमों के रखरखाव और हिसाब-किताब को लेकर उठे विवाद के बाद अब जांच का दायरा लेसा से बढ़ाकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के सभी 19 जिलों तक कर दिया गया है। स्टोर के अधीक्षण अभियंता की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं।

बिजली उपकेंद्रों पर उपलब्ध केबल ड्रमों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद संबंधित उपकेंद्रों पर तैनात रहे अवर अभियंताओं को नोटिस मिलने के बाद जिन स्थानों पर केबल ड्रम उपलब्ध हैं, उन्हें संबंधित उपकेंद्रों पर लाकर रखा जा रहा है। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल भी उठ रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि केवल वही ड्रम वापस लाए जा रहे हैं जो वर्तमान में उपलब्ध हैं, जबकि पहले से गायब हो चुके अथवा कथित रूप से कबाड़ में बेचे जा चुके ड्रमों का हिसाब अभी भी स्पष्ट नहीं है।

स्टोर के अधीक्षण अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि जहां-जहां ड्रम मिल रहे हैं, उन्हें वहीं से एकत्र कर उपकेंद्रों पर रखा जा रहा है। सभी ड्रमों का सत्यापन पूरा होने के बाद उनकी पहचान कर आगे नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वहीं, कुछ ठेकेदारों का कहना है कि अधिकांश ड्रमों का मूल्य पहले ही बिलों के माध्यम से समायोजित किया जा चुका है और जिन मामलों में भुगतान शेष है, उसका भी निस्तारण कर दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, लेसा के चारों जोनों में अब तक केवल 1425 ड्रमों की ही गिनती हो सकी है, जबकि पूरे मध्यांचल के 19 जिलों में 33 केवी केबल ड्रमों की संख्या लाखों में बताई जा रही है। ऐसे में करोड़ों रुपये मूल्य के ड्रमों के औने-पौने दामों पर निस्तारण की आशंका भी जताई जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यांचल के नव नियुक्त प्रबंध निदेशक संदिप भागिया ने सभी जिलों में ड्रमों का सत्यापन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अधिकारियों से बात किया जायेगा।

एआई-पावर्ड 'रेवायन' प्लेटफॉर्म लांच

लखनऊ। रेवा यूनिवर्सिटी और सेल्सफोर्स ने छात्रों को व्यक्तिगत और डिजिटल अनुभव देने के लिए एआई-पावर्ड प्लेटफॉर्म 'रेवायन' लांच किया है। यह प्लेटफॉर्म प्रवेश, नामांकन, पढ़ाई, परीक्षाओं और कैंपस सेवाओं सहित पूरे छात्र जीवनचक्र को एकीकृत डिजिटल प्रणाली से जोड़ता है।

रेवायन, एजेंटफोर्स फॉर एजुकेशन, एजेंटफोर्स फॉर मार्केटिंग और एजेंटफोर्स 360 पर आधारित है। यह रेवा यूनिवर्सिटी के चार वर्षों के डिजिटल परिवर्तन अभियान का महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है। यूनिवर्सिटी ने सेल्सफोर्स एकेडेमिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से बीटेक पाठ्यक्रम में सेल्सफोर्स आधारित विशेष प्रशिक्षण भी शामिल किया है। वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 2,000 से अधिक छात्रों को सेल्सफोर्स-रेडी कौशल प्रदान किए गए हैं। रेवा यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पी. श्यामा राजू ने कहा कि यह पहल छात्रों को एआई-संचालित भविष्य के लिए तैयार करेगी और नवाचार को बढ़ावा देगी।

एआई से हाईटेक होगी काशी, गलियां बतायेंगी बाबा विश्वनाथ धाम का रास्ता

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। पुरातन और आध्यात्मिक नगरी काशी अब आधुनिक तकनीक से लैस होने जा रही है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शहर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेंसर, डिजिटल साइनेज और स्मार्ट नेविगेशन सिस्टम के जरिए भीड़ प्रबंधन की नई व्यवस्था विकसित की जा रही है। अब काशी की गलियां और सड़कें श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ धाम और ऐतिहासिक गंगा घाटों तक पहुंचने का रास्ता दिखाएंगी।

टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन की ह्यसस्टेनेबल सिटीज चैलेंजह्ल पहल के तहत वाराणसी को चुना गया है। इस परियोजना में दुनिया के कई शहरों के साथ काशी को भी शामिल किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब इसका विस्तार किया जा रहा है। चयनित कंपनियां शहर में यातायात, पैदल यात्रियों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए आधुनिक समाधान विकसित कर रही हैं। काशी में क्राउड मैनेजमेंट के लिए एआई आधारित सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए चार घंटे पहले ही यह अनुमान लगाया जा सकेगा कि किस स्थान पर कितनी भीड़ बढ़ सकती है। इससे पुलिस और प्रशासन को समय रहते भीड़ नियंत्रण, रूट डायवर्जन और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने में मदद मिलेगी। सिटी डेटा के सीईओ अपूर्व कुमार के अनुसार, सिटीफ्लो बिग डेटा और जेनरेटिव एआई तकनीक के माध्यम से भीड़ और यातायात के पैटर्न का अध्ययन किया जाएगा। वर्तमान में आठ एआई सेंसर लगाए गए हैं, जिन्हें आगे बढ़ाकर 50 से अधिक किया जाएगा। ये सेंसर लगातार भीड़ और ट्रैफिक की स्थिति की जानकारी काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तक पहुंचाएंगे।

काशी की गलियों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कलर कोडिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। अलग-अलग रंगों की लाइनों के जरिए लोग अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। पीली लाइन से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, नीली लाइन से गंगा घाट और लाल लाइन से वापसी मार्ग की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा म्यूरल पेंटिंग और डिजिटल साइनेज के माध्यम से भी रास्तों की जानकारी दी जाएगी। वोजिक एआई के सीईओ अर्जित विश्वास ने बताया कि एआई आधारित एप रियल टाइम डेटा के आधार पर श्रद्धालुओं को भीड़ वाले रास्तों से बचाएगा और वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देगा।

परिवहन कर्मचारी संघ ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संभागीय परिवहन कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। संघ की ओर से आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने परिवहन आयुक्त एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय सिंह, प्रांतीय महामंत्री आशुतोष तिवारी, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण सिंह, प्रांतीय सचिव पवन कुमार त्रिपाठी, प्रांतीय संगठन मंत्री अनुज यादव एवं पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री सिंहराज भाटी ने परिवहन आयुक्त को विस्तृत प्रत्यावेदन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं, लंबित मांगों और विभागीय स्तर पर आ रही चुनौतियों से अवगत कराते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की।

20 घंटे बिजली ठप, उपभोक्ताओं में आक्रोश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। मलिहाबाद नगर पंचायत विद्युत उपकेंद्र से जुड़े चांदपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार देर रात करीब 12 बजे बाधित हो गई, जो सोमवार देर शाम तक भी पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी। करीब 20 घंटे तक बिजली गुल रहने से चांदपुर फीडर से जुड़े अहमदाबाद, कटौली, भतोइया, भुलभुला खेड़ा, भिम्माखेड़ा, ईसापुर, चांदपुर, रसूलाबाद, रसूलपुर, सुरगौला, गौंदा, नई बस्ती, सलामत खेड़ा, नत्था खेड़ा, औलिया खेड़ा और गुलाल खेड़ा समेत दर्जनों गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ गई। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे मलिहाबाद की 33 केवी लाइन में भी तकनीकी खराबी आ गई। इससे पहले से बाधित विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना और कम हो गई। विभाग की टीमें घंटों तक फॉल्ट का पता लगाने और उसे ठीक करने में जुटी रहीं, लेकिन देर शाम तक आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी।

बिजली संकट का सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा। बिजली से संचालित पानी की मोटरें बंद रहने के कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। घरों में इनवर्टर जवाब दे गए, मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गए और गर्मी व उमस के बीच बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई गांवों में लोग दिनभर बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक भी राहत नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में हल्की बारिश के बाद भी क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बार-बार चरमरा जाती है। उनका आरोप है कि लगातार होने वाली तकनीकी खराबियों के कारण उपभोक्ताओं को हर वर्ष इसी तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती हैं।

इस संबंध में मलिहाबाद के अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि बारिश के कारण तकनीकी खराबी उत्पन्न हुई है। विभाग की टीमें लगातार फॉल्ट की तलाश और मरम्मत कार्य में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि खराबी दूर होते ही विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०	106-टेली/टेंडर/20/2026-27
कार्य का नाम : लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के BBK-AYC-ZBD, AYC-SLN-MBDP-PFM और ON-UCR सेक्शन के लिए सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन ऑप्टिकल फाइबर केबल मॉनिटरिंग सिस्टम की व्यवस्था।	
अनुमानित लागत



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

तबादले के लिए शिक्षकों को दोबारा मिलेगा आवेदन का मौका : हाईकोर्ट



विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के अंतरजनपदीय तबादले के मामले में राहत देते हुए प्रभावित शिक्षकों के लिए आवेदन की समयसीमा दो सप्ताह बढ़ाने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि 22 जून 2026 को जारी स्पष्टीकरण के कारण आवेदन से वंचित रहे शिक्षक इस अवधि में नए सिरे से आवेदन कर सकेंगे।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकलपीठ ने ज्योति कुशवाहा व चार अन्य शिक्षकों की याचिका का निस्तारण करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह इस फैसले का व्यापक प्रचार-प्रसार अपनी वेबसाइट और समाचार पत्रों के माध्यम से करे, ताकि सभी पात्र शिक्षक दोबारा आवेदन कर सकें। याचियों की ओर से कहा गया कि चार जून 2026 के शासनादेश में पति-पत्नी दोनों के बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षक होने की स्थिति में स्थानांतरण का प्रावधान था। लेकिन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 22 जून को जारी स्पष्टीकरण में व्यवस्था बदल दी गई, जिससे कई शिक्षक आवेदन करने से वंचित रह गए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि प्रभावित शिक्षकों को दोबारा आवेदन का अवसर देने पर सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। इस पर हाईकोर्ट ने प्रभावित शिक्षकों के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय देते हुए निर्देश दिया कि इस अवधि में प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार विचार कर निर्णय लिया जाए।

राहुल गांधी की संपत्ति मामले में सीबीआई-ईडी जांच की मांग पर दो घंटे चली इन-चैंबर सुनवाई

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग वाली याचिका पर करीब दो घंटे तक इन-चैंबर सुनवाई की। हालांकि देर शाम तक इस मामले में पारित आदेश हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो सका। वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की खंडपीठ ने कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई की। याचिका में राहुल गांधी पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाते हुए सीबीआई और ईडी से जांच कराने की मांग की गई है। इससे पहले पारित आदेश में हाईकोर्ट ने कहा था कि यदि याची की शिकायत संबंधित एजेंसियों को प्राप्त हो गई है तो कानून के अनुसार आरोपों का सत्यापन किया जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि सीबीआई और ईडी कानून के तहत जो भी उचित कार्रवाई कर सकती हैं, वह करें। पीठ ने सीबीआई और ईडी के अलावा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय तथा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) को भी याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। 12 मई को हुई पिछली इन-चैंबर सुनवाई के आदेश में सीबीआई ने अदालत को बताया था कि उसे याची की शिकायत प्राप्त हो गई है और वह निर्धारित समय में अपना जवाब दाखिल करेगी। वहीं ईडी ने भी शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा था कि आरोपों का सत्यापन कर उसकी प्रगति से अदालत को अवगत कराया जाएगा। अदालत ने यह भी कहा था कि संबंधित एजेंसियां अपने जवाबी हलफनामों में याची की शिकायत पर की गई कार्रवाई और जांच की प्रगति की जानकारी दें। याचिका की पोषणीयता (मेंटेनेबिलिटी) पर उठे सवाल पर अदालत ने कहा था कि सभी पक्षों के जवाब और प्रत्युत्तर आने के बाद इस मुद्दे पर विचार किया जाएगा। साथ ही याची द्वारा दाखिल दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में सुरक्षित रखने का निर्देश भी दिया गया था।

युवक पर जानलेवा हमला फायरिंग का आरोप

- अज्ञात आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक पर कथित रूप से सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में युवक की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसकी कार में कई बार टक्कर मारी, लाठी-डंडों से हमला किया, फायरिंग की और जान से मारने की धमकी दी। एफआईआर के अनुसार, मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ता निवासी अजय सिंह (30) ने बताया कि 16 जुलाई की शाम वह अपनी मां तारा सिंह के साथ ब्रेजा कार से मित्र लल्ला यादव के गांव तिलसुवा गया था। मां को मित्र के घर छोड़ने के बाद वह पास स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित पार्टी में शामिल होने चला गया। रात में लौटते समय दुधारा मंदिर के पास सड़क पर बने ब्रेकर के निकट सामने से आए एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक ने वाहन पीछे कर दोबारा और फिर तीसरी बार भी कार में टक्कर मारने का प्रयास किया। इसी दौरान सिर पर गमछा बांधे एक व्यक्ति ने बांस के मोटे डंडे से कार के शीशे पर हमला कर दिया, जबकि चार-पांच अन्य लोगों ने कार को चारों ओर से घेर लिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। अजय सिंह के अनुसार, घटना के दौरान गोली चलने जैसी आवाज भी सुनाई दी, जिससे वह घबरा गया। मौका मिलते ही वह किसी तरह कार लेकर तिलसुवा की ओर भाग निकला और इंद्रवारा गांव पहुंचकर परिचितों से मदद मांगी। इसके बाद उसने परिजनों और मित्र को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हमले में कार का अगला हिस्सा और शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित का यह भी दावा है कि कार के बाईं ओर गोली लगने जैसा निशान मिला है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अज्ञात हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात आधा दर्जन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

बर्थ-डे पार्टी में देर रात तड़तड़ायीं गोलियां

लखनऊ। हजरतगंज स्थित नामचीन शर्मा चाय दुकान के मालिक के बेटे गौरव शर्मा ने अपनी बर्थ-डे पार्टी में सोमवार रात कई राउंड गोलियां तड़तड़ाई।

घटना मोहनलालगंज में सिसेंडी-मदारपुर रोड पर स्थित स्पोरो रिसॉर्ट में हुई। वह दोस्तों के साथ पार्टी मना रहा था। कर्मचारियों ने जब फायरिंग का विरोध किया तो उन्हें भी पीटा। बताया जा रहा है इस दौरान कई लोग नशे में थे। पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गौरव शर्मा को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह के मुताबिक, गौरव शर्मा हजरतगंज स्थित शर्मा चाय दुकान के संचालक का बेटा है। रविवार को सिसेंडी-मदारपुर मार्ग पर स्थित स्पोरो रिसार्ट में 35-40 दोस्तों के साथ रात बर्थडे पार्टी मनाने पहुंचे थे। डीजे नाच-गाना पार्टी में चल रहा था। रिसॉर्ट कर्मचारी जितेंद्र के मुताबिक रात 11 बजे डीजे पर गौरव और उनके साथी डांस कर रहे थे। सभी नशे में धुत थे। गौरव ने पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ चार राउंड गोलियां तड़तड़ाई। जितेंद्र के मुताबिक उन्होंने और अन्य कर्मचारियों ने विरोध किया तो गौरव और उसके साथियों ने उन्हें पीटा। इंस्पेक्टर ने बताया कि जितेंद्र की तहरीर के आधार पर गौरव समेत 14 लोगों के खिलाफ मुकदमता दर्ज कर लिया गया है। गौरव को हिरासत में ले लिया गया है।

फुटेज से हमालवरों की जा रही पहचान: इंस्पेक्टर ने बताया कि पार्टी के दौरान कुछ वीडियो और सीसी फुटेज मिली हैं। उन वीडियो और सीसी फुटेज की मदद से हमलावरों के साथ ही फायरिंग के समय मौके पर मौजूद लोगों की पहचान की जा रही है। मौके से चार खोखे बरामद किए गए हैं।

नौकरी का झांसा देकर वेतन हड़पने का आरोप

लखनऊ। राजधानी में संचालित प्राइम फाइनाक्सिस (अरबन मनी) कंपनी के खिलाफ कई कर्मचारियों ने नौकरी का झांसा देकर काम कराने, वेतन रोकने, धमकी देने तथा धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारियों ने डीसीपी मध्य व थाना हजरतगंज को प्रार्थना पत्र देकर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार पीड़ित अखण्ड प्रताप ने बताया कि उन्होंने 19 जून 2026 को कंपनी में नौकरी शुरू की थी और कंपनी के निर्देशानुसार पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य किया। आरोप है कि 15 जुलाई 2026 को बिना किसी वैध कारण के उन्हें और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद से अब तक उनका वेतन और फुल एंड फाइनल सेटलमेंट (एफएण्डएफ) नहीं किया गया। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि 18 जुलाई 2026 को वेतन मांगने के लिए कंपनी कार्यालय पहुंचने पर उन्हें कार्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया गया। आरोप है कि कंपनी की ओर से कहा गया कि 112 पर कॉल कर लो या लीगल एक्शन ले लो, लेकिन अब वेतन नहीं मिलेगा। शिकायतकताओं का कहना है कि कंपनी पहले आकर्षक वेतन और नौकरी का आश्वासन देकर कर्मचारियों की भर्ती करती है, उनसे पूरा काम कराती है और बाद में योजनाबद्ध तरीके से वेतन रोककर मानसिक दबाव बनाती है। उन्होंने इसे आर्थिक शोषण, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी का मामला बताया है। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस से कंपनी के मालिक, निदेशक, एचआर और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने तथा सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन और फुल एंड फाइनल सेटलमेंट दिलाने की मांग की है।

फीनिक्स मॉल के जूडियो स्टोर में खरीदारी करने गई युवती के बैग से आभूषण चोरी

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र स्थित फीनिक्स मॉल के जूडियो स्टोर में खरीदारी के दौरान एक युवती के बैग से सोने के आभूषण चोरी हो गए। वही पीड़िता ने अपनी सहकर्मी पर चोरी का आरोप लगाया है। वही पुलिस ने पीड़िता की नामजद शिकायत पर घटना के डेढ़ सप्ताह बाद सोमवार को केस दर्ज किया है। आलमनगर तालकटोरा थाना क्षेत्र मे रहने वाली युवती दीक्षा भट्ट पुत्री स्व श्याम किशोर भट्ट के अनुसार वह एक निजी कम्पनी मे मार्केटिंग का कार्य करती है। बीते 7 जुलाई को अपनी सहकर्मी आराधना मिश्रा और सीनियर रिया कौशल के साथ फीनिक्स मॉल स्थित जूडियो स्टोर में खरीदारी करने गई थीं। आरोप है कि ट्रायल रूम में कपड़े ट्राई करने से पहले उन्होंने अपना बैग सहकर्मी आराधना मिश्रा को सौंप दिया था और ट्रायल के बाद बैग लेकर वह घर के लिए निकल गईं। रास्ते में उसे पता चला कि बैग में रखा सोने का चेन और कान के झाले गायब हैं। इसके बाद वह वापस जूडियो स्टोर पहुंचीं और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। तो फुटेज में सहकर्मी आराधना मिश्रा उनके बैग के साथ छेड़छाड़ करती दिखाई दे रही हैं। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से लिखित नामजद शिकायत कृष्णानगर कोतवाली में पुलिस से की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी.के. सिंह ने बताया पीडित महिला की नामजद शिकायत पर चोरी की धारा मे केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुई किशोरी

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से करीब 3 माह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी के मामले में उसके परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के मुताबिक कक्षा 10 में पढ़ाई करने वाली उसकी 17 वर्षीय बेटी बीती 15 अप्रैल की शाम करीब चार बजे लापता हो गई। महिला का कहना है कि बाद में उसकी काफी खोजबीन की गई। तब पता चला कि सरोजनी नगर के बदाली खेड़ा में अपनी मां संगीता रावत के साथ रहने वाला बंथरा थाना क्षेत्र के सूबेदार खेड़ा निवासी सुमित रावत उसे बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। लेकिन उस दौरान लोक लाज के कारण उसकी शिकायत नहीं की और लगातार बेटी की तलाश करते रहे। बाद में इंस्टाग्राम पर सुमित द्वारा किशोरी के साथ फोटो साझा किए जाने पर उन्हें उसके साथ होने का पूरा यकीन हो गया। पीड़िता की मां का कहना है कि फरवरी 2026 में भी आरोपी किशोरी को अपने साथ ले गया था।

सतरिख रोड के चौड़ीकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को सतरिख रोड के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यह आदेश तौकीर आलम की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका पर सुनवायी के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि लखनऊ में पड़ने वाले सतरिख रोड के 7.13 किलोमीटर हिस्से के चौड़ीकरण का प्रस्ताव भेज गया है। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश पारित किया।

जवाहर भवन : 16 दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हजरतगंज स्थित जवाहर भवन में सोमवार को चौथी मंजिल स्थित ट्रेजरी विभाग की कैंटीन से आग की लपटे उठीं थीं आहर आग तेजी से फैली, जिससे की लपटें ऊपरी मंजिलतकजापहुंची और भीषण आग लगने से बहुमंजिली इमारत में कई सरकारी कार्यालय मेंमौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। गनीमत रही की ज्यादातर लोग अभी अपने कार्यालय तक पहुंचे भी नहीं थे, इससे पहले ही आग लग गयी और जो लोग पहुंच गए थे समय रहते बाहर निकल भागे। दमकलकर्मियों ने 16 दमकलों से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन आग में खाद्य एवं रसद विभाग का फर्नीचर व दस्तावेज जल कर नष्ट हो गए।

एसडीआरएफ भी पहुंची : राहत एवं बचाव कार्य को तेज करने के लिए राज्य आपदा मोचन बल की एक टीम भी जवाहर भवन पहुंच गई है। सुरक्षा के मद्देनजर भवन के आसपास का क्षेत्र खाली कराया गया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा।

कैंटीन में लगी थी आग : जवाहर भवन में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के निदेशालय और कार्यालय संचालित होते हैं। इमारत की चौथी मंजिल पर स्थित कैंटीन में आग लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकलकर्मी मौकेपरपहुंचे। सुबह कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने इमारत से धुआं उठता देखा पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी थक्ष। अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह करीब पौने दस बजे आग कैंटी में लगी थी।

डिप्टी सीएम भी पहुंचे : जवाहर भवन में आगलगनेकीजानकारी मिलते ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के पंकज मेहरोत्रा ने बताया कि जिस तल पर आग लगी थी, उस पर कैंटीन, मलेरिया विभाग सहित कई अन्य कार्यालय हैं।

जांच के बाद पता चलेगा आग लगने का कारण : इस बीच जिलाधिकारी विशाख जी भी पहुंचे और जानकारी दी कि जवाहर भवन में काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि अग चौथी मंजिल पर कैंटीन में लगी थी। इस भवन और आसपास के दूसरे भवनों को पूरी तरह खाली करा लिया गया था। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही आग लगने की वास्तविक वजह का पता चल सकेगा। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम से बुझाई आग : पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम से आग बुझाई, इस बीच दमलकर्मी मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। जवाहर भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए पहले तीन-चार दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन बादमें संफख्या बढ़ी और 16 दमकल तक जा पहुंची। शुरूआती तौर पर पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई।

वाटर बाउजर के मॉनिटर ब्रांच से बौछार मारकर बुझाई गई आग : मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ (सीएफओ) व अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज (एफएसओ) का कहना है कि दो मोटर फायर टेंडर व वाटर बाउजर, एमडीआरवी के सहित तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और घटनास्थल कर देखा कि आग जवाहर भवन के पीछे की तरफ चौथे तल पर जिसमें खाद्य एवं रसद विभाग का कॉन्फ्रेंस हॉल में लगी थी। आग की ऊंची ऊंची लपटें व धुआं खिड़कियों से बाहर निकल रहा था। दो डिलीवरी हौज पाइप बिछाते हुए चौथे तल तक जीने के सहारे आग के पास तक पहुंच गया। दोनों डिलीवरी हौज पाइपों को चला कर आग बुझाना प्रारंभ किया और वाटर बाउजर के मॉनिटर ब्रांच से चौथे तल पर सीधे पानी की धार व बौछार मारकर आग को बुझाया।

विधानसभाडयूटी में लगी दमकलें भी बुलाईं : सीएफओ महोदय द्वारा अन्य फायर स्टेशनों से प्रभारी व फायर टेंडरों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने हेतु निर्देशित किया गया तथा घटनास्थल पर फायर स्टेशन हजरतगंज से एचपीएफ व एडब्लूटी को तथा विधानसभा ड्यूटी पर लगी गाड़ी को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया। कुछ ही समय में अन्य स्टेशन के प्रभारी मय मोटर फायर इंजन सहित घटनास्थल पर उपस्थित हो गए। सभी के सहयोग से आग को चारों तरफ से घेर कर बुझाना जारी रखा गया।

चार फायरमैनों को ब्रीदिंग ऑपरेटस सेट पहनाकर भेजा धुएं में : जवाहर भवन में अत्यधिक धुआं भरा होने के कारण चार फायरमैनों को ब्रीदिंग ऑपरेटस सेट पहनाकर भवन के अंतिम छोर तक जहां आग लगी थी, लगभग 45 मिनट तक कठिन परिश्रम से आग को पूर्ण रूप से शांत कर दिया गया। इस अग्निकांड को बुझाने में लगभग 18 वाहनों को मौके पर लगाना पड़ा। घटनास्थल पर जिला अधिकारी लखनऊ महोदय व एडीजी महोदया अग्निशमन तथा आपात सेवा तथा जिले के अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

19 बार नोटिस को किया नजरअंदाज : इस अग्निकांड ने प्रशासनिक लापरवाही को पूरी तरह उजागर कर दिया है। जिस जवाहर भवन में आग लगी, उसे फायर सेफ्टी की कमियों को लेकर पहले ही 19 बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। ये नोटिस भवन के प्रशासनिक अधिकारी (व्यवस्था अधिकारी) और अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) को भेजे गए। अगर जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते इन नोटिसों पर ध्यान देकर सुधार कराया होता, तो शायद यह हादसा नहीं होता।

सुरक्षा मानकों में मिली थीं खामियां: फायर विभाग ने अपने पूर्व निरीक्षण और फायर ऑडिट के दौरान पाया था कि भवन में अग्निशमन उपकरण सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इमारत में कई जरूरी उपकरण या तो उपलब्ध ही नहीं थे या ठीक से काम नहीं कर रहे थे। नोटिसों में इन कमियों को जल्द से जल्द दूर करने के कड़े निर्देश दिए गए थे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि फायर विभाग लगातार सरकारी और निजी इमारतों का फायर ऑडिट करता है।

महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ। रिटायर बैंक मैनेजर की अय्याशी से परेशान महिला ने आशियाना थाने में प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने केबाद आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सेक्टर-आई आशियाा निवासी सुनीता सोनकर का कहना है कि उनके पति रजोल सोनकर एसबीआई से शाखा प्रबन्धक के पद से रिटायर हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि वह अपने से कमउम्र लड़कियों से संबंध रखते हैं।

वर्क फ्रॉम होम का झांसा दे युवती से 1.93 लाख ठगे

लखनऊ। पीजीआई इलाके में वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर जालसाजों ने युवती से एक लाख 93 हजार रुपये हड़प लिए। राजीव नगर की डूडा कॉलोनी निवासी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्क फ्रॉम की तलाश में टेलीग्राम पर आवेदन किया था। कुछ देर बाद ही उनके व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आ गया। जालसाज ने प्रियंका को ऑन लाइन होटल रेटिंग का काम दे दिया। जालसाज ने पहले ही उसके खाते में मानदेय के तौर पर कुछ हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता को पेड टॉस्क कंप्लीट करके अधिक मुनाफा कमाने के लिए झांसा दिया। इस बार पीड़िता ने जालसाज के खाते में कई बार में एक लाख 93 हजार रुपये भेज दिए। टॉस्क कंप्लीट करने पर पीड़िता के खाते में रुपये नहीं पहुंचे।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के तपोवन नगर निवासी संदीप यादव ने मोहल्ले के ही आर्यन, ओम, राम श्री और संगीता पर पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमले करने का आरोप लगाया है। संदीप यादव के मुताबिक 18 जुलाई की शाम करीब 3:30 बजे वह दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आर्यन और ओम ने गाली-गलौज करते हुए सरिया की रॉड से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि उसकी बहन द्वारा घटना का वीडियो बनाया गया तो आरोपियों के घर की रामश्री और संगीता ने उससे भी अभद्रता और गाली-गलौज की। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अनधिकृत रेव पार्टी पर बवाल, क्लब संचालक फरार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में इकाना स्टेडियम के पीछे स्थित ईफिल विवासा स्टेट अपार्टमेंट के क्लब हाउस में रविवार रात बिना अनुमति के रेव पार्टी कराने का मामला सामने आया है। शोर-शराबा बढ़ने पर जब अपार्टमेंट के लोग विरोध करने पहुंचे तो क्लब संचालक ने अभद्रता शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पार्टी बंद कराई, लेकिन तब तक संचालक सामान लेकर फरार हो गया। इसको लेकर सोमवार को सोसायटी के लोगों ने क्लब हाउस के बाहर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया।

अपार्टमेंट निवासियों के अनुसार रविवार रात क्लब हाउस में अपार्टमेंट के बाहर के लड़के-लड़कियां शामिल होकर देर रात तक तेज आवाज में संगीत और पार्टी कर रहे थे। अधिक शोर होने पर लोग मौके पर पहुंचे और आपत्ति जताई।

आरोप है कि मेसर्स इंफ्रा डेवलपर्स बिल्डर्स से लीज पर क्लब हाउस लेकर चला रहे ठेकेदार ए.के. सिंह ने लोगों से अभद्रता की। इसके बाद फ्लैट ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पार्टी तुरंत बंद करवाई। हालांकि पुलिस के जाने से पहले ही क्लब संचालक कार में सामान भरकर वहां से निकल गया।

सोमवार को किया प्रदर्शन: घटना से नाराज अपार्टमेंट के निवासियों ने सोमवार को क्लब हाउस के बाहर एकत्र होकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बिना अनुमति के बाहरी लोगों को प्रवेश न दिया जाए और क्लब संचालन के नियम तय किए जाएं।

प्रदर्शन का नेतृत्व ईफिल विवासा अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने किया। उनके साथ अरविंद पांडेय, अनुश्री वर्मा, किरन राम, बीना पांडेय, चारू श्रीवास्तव, वंदना सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

नही मिली थी कार्यक्रम की अनुमति: सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के अनुसार क्लब हाउस में 18 जुलाई को पार्टी के लिए आवेदन आया था, लेकिन अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बावजूद 19 जुलाई की रात अपार्टमेंट के लोगों ने सूचना दी कि क्लब हाउस में पार्टी चल रही है। मौके पर पहुंचकर पार्टी बंद कराई गई। क्लब संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उससे बात नहीं हो पा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कुलदीप त्रिवेदी को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **इन्द्रजीत त्रिवेदी पुत्र राज कुमार नि.- ग्राम व पर. चण्डरा तह. व थाना महोली जिला सीतापुर।**

सूचना

मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 01-05) में त्रुटिवश उसका नाम मो. ऊमर बेग, पिता का नाम हकीम बेग (HAKEEM BAIG) माता का नाम शाहीन फातिमा (SHAHEEN FATIMA) अंकित हो गया था जबकि उसका सही नाम MOHAMMAD UMAR BEIG पिता का नाम HAKEEM BEIG माता का नाम SHAHIN FATIMA है जो कि सत्य एवं सही है। हमे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। हकीम बेग पुत्र शमीम बेग निवासी ग्राम-पोस्ट चकईनामी तहसील सदर थाना सिधारी आजमगढ़

कार्यालय-डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स

पत्रांक-963/आई-7674/अयोध्या/दिनांक 17.06.2026 संस्था जनता माध्यमिक विद्यालय मानपुर बाराबंकी पंजीकरण संख्या 289/1957-1958 पत्रावली संख्या आई-7674 का नवीनीकरण पंजीयन के उपरान्त नही हुआ। उक्त के नवीनीकरण हेतु श्री राधेश्याम वर्मा पुत्र श्री महेश प्रसाद वर्मा पाटमऊ नानमऊ बाराबंकी के द्वारा कार्यालय डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, अयोध्या मण्डल अयोध्या 145 रीडगंज, अयोध्या में व्यवस्थापक की हैसियत से प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था सदस्य को नवीनीकरण पर कोई भी आपत्ति हो तो वह उक्त कार्यालय में 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है।

आज्ञा से
(लक्ष्मी कान्त)
डिप्टी रजिस्टार
अयोध्या मण्डल अयोध्या

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 446/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/नि.कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 16 जुलाई, 2026

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-445/15वां वि.आ. (अन०ग्रा०)/टेण्डर /2026-27 दिनांक : 16 जुलाई, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु. 5.00 लाख से कम लागत के 10 निर्माण कार्यों एवं वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत 03 निर्माण कार्यों सहित कुल 13 निर्माण कार्यों हेतु जी.एस.टी. रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन दिनांक : 5 अगस्त 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली भी जायेंगी । निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशित की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँक 03 अगस्त, 2026 को प्रातः 10.00 बजे से सायं उपस्त 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेंगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत रहेगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp

गर्व होता है अवॉर्ड विनिंग फिल्मों का हिस्सा बनकर : सुनीता राजवार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। इन दिनों सुनीता चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म 'गुड़हल' से। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई इस फिल्म वृद्धाश्रमों की उन अनकही सच्चाइयों से पर्दा उठाती है। सुनीता का कहना है कि इस फिल्म में काम करने के बाद उन्हें काफी संतुष्टि मिली। वे कहती हैं, 'गर्व होता है, जब आप अवॉर्ड विनिंग फिल्मों का हिस्सा बनते हैं। इस बार तो मैं किसी फेस्टिवल में नहीं जा पाई, जाहिर है निमार्ता के लिए भी सभी कलाकारों को फेस्टिवल में ले जाना आर्थिक रूप से भारी पड़ता है, मगर कांस में संतोष की स्क्रीनिंग पर उस गर्व भरे पल को महसूस कर चुकी हूं।' इस खास मुलाकात में वे अपनी जिंदगी और करियर के कई अनछुए पहलुओं पर बेबाकी से बात करती हैं।

घर में बेटा-बेटी के बीच भेद कभी नहीं हुआ: हल्द्वानी में पली-बढ़ी सुनीता राजवारका मानना है कि वे बहुत खुशकिस्मत हैं, जो उन्हें प्रोग्रेसिव परिवार मिला। वे कहती हैं, 'मेरी मां हाउस वाइफ थीं और पिता ट्रक ड्राइवर, इसके बावजूद दोनों ही बहुत लिबरल थे। चाहे बात पढ़ाई की हो, जीवन जीने की हो या सोच की, उन्होंने कभी लड़का-लड़की में फर्क नहीं किया। हमने बहुत अच्छी जिंदगी जी। अच्छे स्कूलों में पढ़े, अच्छी जगह घूमे और सबसे बड़ी बात घर का माहौल बहुत अच्छा था। मुझे मेरे पिता ने कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाया। मैंने सचमुच एक फ्री बर्ड की तरह जिंदगी जी। हम दो बहनें हैं और एक छोटा भाई है। लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ कि भाई को ज्यादा महत्व मिले और हमें कम। मैंने बचपन से यही देखा कि जो काम लड़का कर सकता है, वही काम लड़की भी कर सकती है। यही वजह है कि मुझे आज भी कुछ भी असंभव नहीं लगता।

शुरुआत में थोड़ा अजीब लगता था

सभी जानते हैं कि सुनीता रजवार को अपने अनकन्वेंशनल लुक्स के कारण कई छोटी-मोटी भूमिकाओं से गुजरना पड़ा, मगर उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है। वे कहती हैं, 'मेरे दिमाग में कभी यह था ही नहीं कि मुझे हीरोइन बनना है या सिर्फ मेन लीड करना है। मैंने कभी अपने आपको उस नजर से देखा ही नहीं। शायद यही मेरे लिए प्लस पॉइंट रहा। मेरे हिसाब से काम, काम होता है। अगर कोई यह सोचकर आता है कि मुझे सिर्फ हीरोइन बनना है और फिर उसे वैसा काम नहीं मिलता, तो उसे झटका लगता है। लेकिन मैं मानसिक रूप से पहले से तैयार थी। मगर हां, जिस वक्त मैंने एक्टिंग में एंट्री ली, उस वक्त ग्लैमर बहुत बड़ी चीज थी। विज्ञापनों में भी वही लोग काम पाते थे, जिनके बड़े-बड़े फोटोग्राफर से पोर्टफोलियो बने होते थे। शुरूआत में थोड़ा अजीब लगता था कि अच्छा, ऐसे काम मिलता है। लेकिन मुझे लगातार काम मिलता रहा, चाहे छोटा हो या बड़ा। इसलिए मैंने उस बात को स्वीकार कर लिया कि यही फैक्ट है और इसी हिसाब से काम करना होगा।

नाटकों से जुगाड़ तो एनएसडी से जिंदगी सीखी

पंचायत की क्रांति देवी के रूप में लोकप्रिय हुई सुनीता ने बचपन में एक्टिंग के बारे में कभी सोचा नहीं था। वे हंसते हुए कहती हैं, 'बचपन में तो रामलीला में रावण के दरबार में खूब नाची हूं। लेकिन जब मैं बड़ी हुई तो मैं नैनीताल के युगमंच नामक नाटक ग्रुप से जुड़ गई। बड़े कमाल के दिन थे। कई बार कलाकार अपनी मां की साड़ी, पत्नी के कपड़े, बच्चों के कपड़े लेकर आते थे। सेट भी खुद मिलकर बनाते थे। लेकिन हमारा ग्रुप काफी व्यवस्थित था। पैशन था नाटकों का, बेबसी नहीं थी।' मगर जब वे एनएसडी में आईं तो उनका सामना एक अलग दुनिया से हुआ। बकौल सुनीता, 'एनएसडी में आपको सिर्फ अभिनय नहीं सिखाया जाता, बल्कि जिंदगी जीना सिखाया जाता है। तीन साल तक आप बीस अजनबियों के साथ रहते हैं। पहले ही दिन ऐसा लगता है जैसे आपको समंदर में छोड़ दिया गया हो। अब तैरना है या डूबना है, यह आपको खुद तय करना है। वहां कोई टीचर स्कूल की तरह पीछे नहीं पड़ता। सही फैसला लेना है या गलत, सब आपकी जिम्मेदारी होती है।

क्रांति देवी ने नहीं, धनिया ने बदली जिंदगी

लोगों का मानना है कि पंचायत में क्रांति देवी की भूमिका सुनीता के करियर का अहम मोड़ साबित हुई, मगर सुनीता इस बात को खारिज करते हुए कहती हैं, 'मेरी जिंदगी सिर्फ पंचायत से नहीं बदली। उससे पहले मैंने ये रिश्ता क्या कहलाता है में धनिया नाम का चरित्र किया था। हालांकि वह मेड का किरदार था, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण था। उसी रोल से मुझे घर-घर में पहचान मिली। मैंने टीवी और फिल्मों में काम किया। एक चालीस की लास्ट लोकल में मेरे काम की बहुत तारीफ हुई थी। उस फिल्म के लिए मुझे बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस का नॉमिनेशन भी मिला था। लेकिन टीवी की लोकप्रियता अलग होती है। शायद उसी वजह से लोगों ने मुझे नोटिस किया और फिर मुझे गुल्लक के लिए बुलाया। गुल्लक के बाद पंचायत आई। दिलचस्प बात ये है कि मैंने नीना गुप्ता की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, मगर वो रोल मुझे नहीं मिला। लेकिन बाद में मेरे लिए क्रांति देवी का किरदार क्रिएट किया गया और मैं फेमस हो गई। देखिए, हमें कभी नहीं पता होता कि क्या खोकर क्या मिलने वाला है।

भजन प्रस्तुति संग बच्चों को मिला प्रमाण पत्र



● संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से 15 दिवसीय संगीत कार्यशाला का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज सोमवार को संस्था राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) मोहन रोड, लखनऊ में उ प्र संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग उ.प्र) के सहयोग से 15 दिवसीय संगीत कार्यशाला का समापन किया गया। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, उ प्र राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र संस्था अधीक्षक अनिमेष श्रीवास्तव, कार्यक्रम संचालक प्रशांत पाठक, कार्यशाला प्रशिक्षक विनोद कुमारएवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा, कार्यक्रम प्रस्तुति के दौरान किशोरों द्वारा भजन एवं गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया, तत्पश्चात अतिथि गणों द्वारा बच्चों को कार्यशाला का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

ज्योतिष व्यक्ति के जीवन में टॉर्च का कार्य करता है : विहसंत सागर महाराज





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आनंदमय पावन वर्षायोग समिति के तत्वावधान में पूज्य उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में भव्य ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों एवं युवाओं ने भाग लेकर अपने जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। सम्मेलन में विख्यात जैन ज्योतिषाचार्य रवि जैन गुरुजी (दिल्ली), सुशील कुमार जैन (ज्योतिष, कर्मकांड एवं पूजन विशेषज्ञ), डॉ. हुकुमचंद जैन (ग्वालियर) तथा वास्तुविद राजीव जैन (दिल्ली) ने उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं एवं कैरियर चयन, युवाओं ने रोजगार एवं भविष्य, अभिभावकों ने बच्चों के विवाह, व्यापारियों ने व्यापार वृद्धि, नौकरीपेशा लोगों ने पदोन्नति तथा अनेक लोगों ने स्वास्थ्य, पारिवारिक सुख-शांति एवं जीवन की विभिन्न समस्याओं से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने ज्योतिष, वास्तु एवं व्यावहारिक जीवन के अनुभवों के आधार पर संतोषजनक समाधान प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज ने अपने प्रेरक प्रवचन में कहा कि ज्योतिष व्यक्ति के जीवन में टॉर्च का कार्य करता है। जैसे अंधकार में टॉर्च मार्ग दिखाती है, वैसे ही ज्योतिष जीवन की सही दिशा का बोध कराता है। वास्तु के विषय में उन्होंने कहा कि वास्तु आपके खाने और सोने की दशा एवं दिशा को नियंत्रित करता है। जैसा आपका खान-पान होगा, वैसी आपकी दशा बनेगी और जैसी आपकी निद्रा की दिशा होगी, वैसा ही जीवन प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में ज्योतिष और वास्तु तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति अपने आचरण, संस्कार, संयम और सद्विचारों को भी अपनाए।

अच्छे संस्कार, स्वस्थ परिवार और सकारात्मक सोच ही सुखी जीवन का वास्तविक आधार हैं। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विशेषज्ञों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। आनंदमय पावन वर्षायोग समिति द्वारा आयोजित यह सम्मेलन समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ।

रवि जैन गुरुजी ने दिया कैरियर, व्यापार एवं विवाह पर मार्गदर्शन: दिल्ली से पधारे विख्यात जैन ज्योतिषाचार्य रवि जैन गुरुजी से विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता, व्यापारियों ने व्यापार में लगातार आ रही बाधाओं तथा अभिभावकों ने विवाह में विलंब से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि ज्योतिष भाग्य का नहीं, सही दिशा का मार्गदर्शक है।

नियमित परिश्रम, अनुशासन और उचित समय पर लिए गए निर्णय सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार में सही समय, सही निर्णय एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है तथा विवाह में केवल ग्रह नहीं, बल्कि संस्कार, परिवार और आपसी समझ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सुशील कुमार जैन ने संस्कार, पूजा एवं पारिवारिक शांति पर दिया जोर: ज्योतिष एवं कर्मकांड विशेषज्ञ सुशील कुमार जैन से श्रद्धालुओं ने घर में अशांति, पूजा-पाठ की उपयोगिता तथा बच्चों में संस्कारों को लेकर प्रश्न किए। उन्होंने कहा कि नियमित पूजा, नमोकार मंत्र का जाप, धार्मिक वातावरण और परिवार के सदस्यों का सकारात्मक व्यवहार जीवन में शांति एवं सुख का आधार है। उन्होंने कहा कि बच्चों में संस्कार देने की शुरूआत परिवार से होती है।

डॉ. हुकुमचंद जैन ने विवाह एवं संयुक्त परिवार की महत्ता समझाई: ग्वालियर से पधारे डॉ. हुकुमचंद जैन से सर्वाधिक प्रश्न विवाह संबंधी समस्याओं पर पूछे गए। उन्होंने कहा कि आज विवाह में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि परिवार एवं संस्कारों की अपेक्षा पैकेज और आय को अधिक महत्व दिया जा रहा है। पहले परिवार, खान-पान, संस्कार और चरित्र को देखा जाता था, इसलिए वैवाहिक जीवन अधिक सफल रहता था। उन्होंने संयुक्त परिवार को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि परिवार में बुजुर्गों का अनुभव और बच्चों के संस्कार ही समाज की वास्तविक पूंजी हैं।

राजीव जैन ने वास्तु के वैज्ञानिक पक्ष को समझाया: दिल्ली से आए वास्तुविद राजीव जैन से घर एवं प्रतिष्ठान के वास्तु को लेकर अनेक प्रश्न पूछे गए। उन्होंने बताया कि वास्तु पंचमहाभूतों—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश—के संतुलन पर आधारित है। यदि रसोई जैसी अग्नि से संबंधित व्यवस्था अनुचित दिशा, विशेषकर जल तत्व वाले स्थान पर हो, तो उसका प्रभाव व्यापार, स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। उन्होंने घर एवं कार्यस्थल में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने के लिए सही दिशा, स्वच्छता एवं प्राकृतिक प्रकाश का महत्व बताया।

आज से शुरू होगा सिद्धचक्र महामंडल विधान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दिगंबर जैन परंपरा के प्रख्यात संत आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज का अपने शिष्य मंडल (कुल 8 संत) के साथ इंदिरा नगर स्थित जैन मंदिर में विराजमान हैं। समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आचार्य श्री के सानिध्य में 21 जुलाई से 28 जुलाई तक आठ दिवसीय 'श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान' का भव्य आयोजन किया जाएगा। विधान से पूर्व मंगलवार को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी उसके बाद विधान शुरू होगा। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री का यह मंगल पदार्पण लखनऊ में आगामी 'चातुर्मास' के पावन निमित्त से हुआ है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी कलश स्थापना: श्री जिनशासन प्रभावना चातुर्मास समिति के अध्यक्ष संजीव जैन ने बताया कि इस वर्ष के चातुर्मास कलश स्थापना का मुख्य कार्यक्रम गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व 29 जुलाई को गोमती नगर स्थित 'इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान' में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भव्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आचार्य संघ के स्वागत और मंगल प्रवेश के इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए लखनऊ के अतिरिक्त सिधौली, बाराबंकी, सीतापुर, बिसवां और हरदोई सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

सावन ऋतु आय गई...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कजरी गीत की कार्यशाला के पांचवें दिन संस्था की अध्यक्ष रंजना मिश्रा ने ने बताया कि सोमवार को प्रतिभा तीरथ ,अपार्टमेंट, हनुमानसेतू, में किया, जिसमें वरिष्ठ लोकगायिका इन्दिरा श्रीवास्तव जी के निर्देशन में कार्यशाला में सावन, कजरी ,नकटा सिखाया। कार्यशाला की शुरूआत देवी गीत मइया बड़ी वरदान मैं देखिए आई...से की। तत्पश्चात.....सावन ऋतु आय गई...सिखाई। उन्होने बताया कि वो अलग अलग प्रकार के कजरी सिखाएगी जो सावन व भादो में गाए जाते हैं के अवसर गाए जाते हैं। कार्यशाला में, प्रतिमा त्रिपाठी, अल्पना श्रीवास्तव, नीलिमा सिंह, सुनीता निगम, आशा तिवारी, निशा पाठक, रीना सिंह, आभा श्रीवास्तव, सुनीता चौरसिया, सरिता अग्रवाल, वीना सक्सेना, अमिता दिवेदी ,निकिता मिश्रा, प्रीती दिवाकर, सुषमा रस्तोगी, रंजना सिंह, भावना शुक्ला, अरुणा उपाध्याय, सीमा पाण्डेय कुमकुम मिश्रा, अनुराधा गुप्ता, सहित 30 महिलाये आनलाईन व आफलाइन जुडी हैं जिनमें बड़ा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है। और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते है।



हजरत कासिम शहीद बाबा का सालाना उर्स 27 से, तैयारियां शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हजरत शहीद कासिम शहीद बाबा सेवा समिति दिलकुशा गार्डन, विलायती बाग कैन्ट लखनऊ में सेवा समिति के कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक दरगाह शरीफ के सज्जादा नशीन जुबैर अहमद खाँन की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों / कार्यकारिणी सदस्य द्वारा प्रति वर्ष की भाँति दरगाह हजरज कासिम शहीद रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मुबारक 27 28 29 जुलाई से मनाये जाने के सम्बन्ध में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि सालाना उर्स मुबारक तीन दिनों तक मनाया जायेगा, जिसमें विगत वर्षों के तरह सभी विभिन्न कार्यक्रम किये जायेगे जायरीनों के लिए दरगाह कमेटी द्वारा हेल्प लाईन नम्बर जारी किया गया है, उर्स मुबारक सम्बंधित जानकारी जायरीन कॉल व व्हाट्सएप से ले सकते हैं। उर्स सम्बन्धी सभी तैयारियों को अतिशीघ्र पूरा करवाने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों / सदस्यों का आह्वान किया तथा कहा कि उर्स मुबारक के अवसर पर 27 को 'मिलाद-शरीफ' मगरिब की नमाज के बाद शुरू होगा इशा की नमाज से पहले खत्म होगा, जिसमें मौलानाओं को मिलाद में शिरकत करने के लिए दावतनामा भेजा जा रहा है तथा बाद नमाज इशा सरकारी चादर चढ़ायी जायेगी जिसमे देश व प्रदेश में अमन चैन खुशाली तथा उपस्थित जायरीनों के लिए दुवाएं की जाएगी। उसके बाद नातिया मुशायरा होगा।

28 को मरहूम जमीर अहमद खॉन वारसी सज्जादानशीन के इसाले शबाब के लिए दरगाह के सज्जादानशीन जुबैर अहमद खाँन के द्वारा जायरीनों को लगर तस्कीम भडारा मगरिब की नमाज के बाद किया जायेगा। इशा की नमाज के बाद महफिले शमा विशेष कव्वाली प्रोग्राम होगा एवं 29 महफिले शमा नातिया कव्वाली प्रोग्राम होगा। जिसमें प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री/राज्य मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी गणों व कव्वाल पार्टी को विशेष रूप से आमंत्रित कर दिया गया है। सभी की सालाना उर्स में शिरकत करने की पूर्ण सम्भावना है। जिसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विशेष रूप से तैयार रहना होगा। सालाना उर्स मुबारक की दिनांकों में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उर्स मुबारक की तीनों दिनांकों में शाम 6 बजे से 10 बजे तक उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है।

बैठक के समापन में जुबैर अहमद खाँन ने कहा कि सालाना उर्स मुबारक में हजारों की तादाद में जायरीनों का आना निश्चित है उनके रहने नहाने खाने व वुजुखाने एवं सुलभ शौचालय आदि का विशेष प्रबन्ध सभी को मिल-जुल कर करना होगा। दरगाह - कमेटी के पदाधिकारी में मुख्य रूप से इजहार अहमद बृजेश श्रीवास्तव, सतोष कुमार वर्मा कार्यकारिणी - सदस्य जुनैद अहमद, जे०पी० यादव, मो० हनीफ, नईम अहमद, मोहित कुमार जुऐद अहमद खाँन आदि उर्स सम्बन्धी समस्त जानकारी प्रेस को जुबैर अहमद खाँन सज्जादा नशीन व संरक्षक दरगाह कमेटी ने दी।

भोजपुरी गाना 'दरदिया ए बालम' हुआ रिलीज

लखनऊ। खेसारी लाल यादव अपनी अदाकारी के साथ-साथ गायिकी और डांस के लिए भी मशहूर हैं। भोजपुरी फिल्म जगत के सुपरस्टार के गानों का फैंस के बीच अलग ही क्रेज है। खेसारी भी लोगों की डिमांड पर नए-नए गाने रिलीज करते रहते हैं। एक बार फिर वे एक धमाकेदार गाना लेकर आए हैं। खेसारी लाल यादव नया भोजपुरी गाना लेकर आए हैं, जिसका टाइटल 'दरदिया ए बालम' है। इस गाने में उनका जबर्दस्त अंदाज देखने को मिला है। यह गाना खेसारी और रानी पर फिल्माया गया है। दोनों ने जबर्दस्त ठुमके लगाए हैं। गाना 'ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में रानी और खेसारी लाल यादव के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिली है। खेसारी ने अपने कई सिग्नेचर डांस स्टेप किए हैं। गांव वाली पृष्ठभूमि पर आधारित इस गाने में परंपराओं की भी झलक है और रोमांस का तड़का है। गाने को खेसारी लाल यादव ने और शिल्पी राज ने मिलकर गाया है। गाने के बोल टुनटुन यादव ने लिखे हैं। खेसारी का यह गाना आज शनिवार को ही रिलीज हुआ है। अब तक इसे दो लाख 88 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। कमेंट बॉक्स में नेटिजंस खूब तारीफ कर रहे हैं। खेसारी के फैंस लिख रहे हैं, 'यह गाना सीधे दिल में उतर रहा है'। वहीं, रानी की अदाकारी और डांस की भी तारीफ कर रहे हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ।
निकट-विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ

E_mail:-seredlucknow@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

पत्रांकः-1554/ग्रा.अ.वि./निविदा/लखनऊ/2026-27 दिनांक-13.07.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ.प्र. में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी.एस.टी. के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी.एस.टी. का भुगतान सरकार के निदेर्शानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत हैः-

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	कार्य की कुल लागत (लाख रु. में) (जी.एस.टी. सहित)	बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में)	जी.एस.टी. सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु. में)	वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
.1	लखनऊ	विधान सभा-मोहनलालगंज के अर्न्तगत 202 सार्वजनिक स्थलों पर सिंगिल सोलर स्ट्रीट लाईट (18 वॉट) के अधिष्ठान का कार्य।	41.25	0.83	5000.00	03 माह

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 24.07.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 24.07.26 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 03.08.26 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः- 24.07.26 को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 11.08.26 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 12.08.26 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी पषप पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन-लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल-लखनऊ।
श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।

UPID-253911 Date: 20.07.2024 Website : www.upgov.nic.in

दर्शकों के मनोरंजन में कामयाब रही अजय देवगन की 'धमाल' 4

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



● ऐक्टर : अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा
● डायरेक्टर : इंद्र कुमार

रेटिंग-3/5

लखनऊ। बॉलीवुड की नैया इन दिनों सीक्वल और फ्रैंचाइजी फिल्मों पर ही सवार चल रही है। अकेले अजय देवगन की बात करें तो वह 'गोलमाल', 'सिंघम', 'दे दे प्यार दे', 'दृश्यम', और 'रेड' फ्रैंचाइजी में पार्ट 1, 2, 3, 4 की झड़ी लगाए हुए हैं। इसी लिस्ट में वह 2007 की हिट कॉमेडी फिल्म 'धमाल' के तीसरे पार्ट 'टोटल धमाल' का भी वह हिस्सा बने थे। अब शुक्रवार को इसकी नई कड़ी 'धमाल 4' सिनेमाघरों में पहुंच चुकी है।

अभी दो हफ्ते पहले ही आई अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' की तरह ही, अजय देवगन की यह फिल्म भी दर्जन भर कलाकारों के साथ पागलपन भरी बिना सिर-पैर वाली कॉमेडी फिल्म है, जो आपको हंसाने की कोशिश तो खूब करती है, लेकिन उसमें कामयाब कहीं-कहीं पर ही हो पाती है। कहानी इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्मों जैसी ही है।, जहां अलग-अलग टुकड़ी के लोग हैं और पैसों के लिए उनका लालच है। इस बार भी एक खजाने के खोज में सारे किरदार शेर-व्हेल, मगरमच्छ-सांप, खाई-तूफान जैसे तरह-तरह की मुसीबतों से गुजरते हैं। कहानी में तीन टोलियां हैं और उसके 8 किरदार हैं। पहली टोली में दो बच्चों की मां आलिया (ईशा गुप्ता) है, जिससे शादी करने की चाह रखने वाला गुड्डू (अजय देवगन) और उसका साथी जॉनी (संजय मिश्रा) है। दूसरी टोली है भाइयों आदित्य (अरशद वारसी), मानव (जावेद जाफरी) और आदी की पत्नी (संजीदा शेख) की। तीसरी लालची टोली है किस्मत का मारा लल्लन (रितेश देशमुख) की, जो पहले तो किसी अमीरजादी से शादी करके वजनदार बनना चाहता है, मगर उसके हिस्से आती है ड्राइवर पिता की वजनदार बेटी पारो (अंजली आनंद)। इन सबके अलावा है, एक दिमाग से पैदल समुद्री लुटेरा अधूरा (रवि किशन) भी है। वह भी इस खजाने की खोज में है। अब लालच की यह अफरा-तफरी इन सबको किस हद तक और कहां ले जाती है, जैसा कि ट्रेलर से साफ है, इंद्र कुमार निर्देशित यह फिल्म पागलपंती भरी, दिमाग के दरवाजे बंद करके देखने वाली सेंसलेस कॉमेडी है। हर सीन में नॉनस्टॉप कॉमेडी ऑफ एरर क्रिएट करने के चक्कर में कुछ भी ऊटपटांग हो रहा है। इंद्र कुमार कहीं न कहीं अब भी 90 के उसी दशक में अटके हुए हैं, जहां लोगों के हकलाने और वजन पर जोक्स आदि को हंसने का सबब माना जाता था। 'धमाल 4' के ज्यादातर जोक्स पुराने और घिसे-पिटे हैं। जाहिर है ऐसे में ये ज्यादा प्रभावित नहीं करते। फिल्म का वीएफएक्स कमजोर है। हालांकि, कुछ ट्रैक्स मजेदार भी हैं, जो दर्शकों को हंसने का मौका देते हैं। जैसे- अरशद-जावेद जाफरी और संजीदा की तिकड़ी। वे जब भी सीन पर आते हैं, हंसाते हैं। फिल्म में संजय मिश्रा का ब्रो-मांस भी मजेदार लगता है। जबकि, रितेश का देसी अंदाज थोड़ा लाउड हो गया है। बाकी, एक्टिंग के मामले में सभी कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका ठीक-ठाक निभाई है। कुल मिलाकर, अगर आप दिमाग के दरवाजे बंद करके फिल्म देखने की कला जानते हैं, तभी यह 'धमाल 4' आपको रास आएगी, वरना सिर्फ पकाएगी।

संक्षेप

मारपीट में घायल अधेड़ की मौत

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मजडिहा गांव में मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हुए अधेड़ चंदन राजभर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव में तनाव का माहौल बन गया। एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ।मृतक की मां ने अपनी बहू और ग्राम प्रधान पर मारपीट कर हत्या कराने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

40 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर। सुजानगंज थाने की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की 199 ग्राम हेरोइन के साथ दो अंतरप्रांतीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो मोबाइल फोन, दो पर्स, दो आधार कार्ड और 1,050 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार सुजानगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर, सई नदी पुल के पास ग्राम बखोपुर में घेराबंदी कर दोनों तस्करों को पकड़ा गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मो. सर्फुद्दीन राईनी पुत्र मो. सुभान, निवासी स्टूवरगंज, थाना मोहनियां, जिला कैमूर (भभुआ), बिहार, और वाजिद अली पुत्र स्व. आबिद हुसैन, निवासी स्टूवरगंज, थाना मोहनियां, जिला कैमूर (भभुआ), बिहार (वर्तमान पता सदर चैक, वार्ड नं. 34, थाना देहरी, जिला रोहतास, बिहार) के रूप में हुई है ।पुलिस के अनुसार, ये दोनों अभियुक्त बिहार से हेरोइन लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर नशे के आदी लोगों को बेचते थे।

किशोरी की नहर में मिली लाश

मीरजापुर। यूपी के मिर्जापुर जिले में नहर में एक किशोरी की लाश मिलने के बाद सनसनी फैल गई है। हालांकि किशोरी की पहचान हो गई है वह दो दिन से घर लापता होनी बताई जा रही है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि उसकी मौत कैसे हुई है? दरअसल, सोमवार को जिले के अदलहाट थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुतिहार स्थित नहर में एक लड़की के शव होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर अदलहाट पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया गया तो मृतका की पहचान रिजवाना बानो पुत्र अब्दुल हसन निवासिनी ग्राम दौलताबाद बेलहर थाना अदलहाट 17 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा बताया गया कि वह 18 जुलाई 2026 की शाम को अपने भाई अफरोज से कहासुनी कर नाराज होकर घर से चली गयी थी। जिसकी काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया था। पुलिस के मुताबिक मृतका के शरीर पर किसी प्रकार का चोट का होना नहीं पाया गया है, प्रथम दृष्टया मौत का कारण पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। अदलहाट थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भिजवाते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बाइक से गिरकर महिला घायल

लालगंज(मीरजापुर) थाना क्षेत्र के खोमर मैना गांव निवासी गोविंद पटेल की पत्नी 47 वर्षीया उर्मिला देवी सोमवार को शाम पांच बजे बाइक से गिर कर गंभीर रूप से चोटिल हो गई। मौके पर पहुंचे थाने की पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर महिला का उपचार चल रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के खोमर मैना गांव के गोविंद पटेल अपनी पत्नी उर्मिला देवी को बाइक पर बैठा कर घर से लहंगपुर में स्थित दांत के डाक्टर के पास लेकर जा रहे थे। गोविन्द अपनी पत्नी उर्मिला को लेकर रीवा मीरजापुर राष्ट्रीय मार्ग पर पतुलकी के मिश्रपुर गांव में पहुंचे थे कि अचानक उर्मिला देवी बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। सिर में चोट लगने से वह अचेत हो गई और काफी खून गिरने लगा। देखते ही देखते काफी लोग जमा हो गए। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय को सूचना मिलते ही उन्होंने थाने की सरकारी जीप से एक महिला आरक्षी समेत उपनिरीक्षक पहुंचे और घायल उर्मिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण जल्द करें



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएसपोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। श्री गौड़ ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें।

उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, उन्होनें कहा कि जिन भी अधिकाररियों के शिकायतें डिफाल्टर की श्रेणी में प्राप्त होगीं उन अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेगी। अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्प संख्यक अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

डीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश



सोनभद्र। डीएम चर्चित गौड़ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जायें, लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाये।

उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें, इसका भी ध्यान दिया जाये। पी0एम0 स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन नहीं किये जाने व ऋण वितरण न किये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों का वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बिकने वाले खाद्य सामग्री की जॉच कराते रहें, ताकि किसी प्रकार प्रकार की मिलावटी की स्थिति न आने पायें, इसके लिए छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लाया जायें और जो भी शासन द्वारा मानक व फामूर्ला निर्धारित किया गया है, उसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

दहेज उत्पीड़न केस में फरार वारंटी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। दुद्धी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया ।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत की गई। अभियान की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल और क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी कर रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिवप्रसाद पुत्र राघव, निवासी नवजीवन, थाना विंध्यनगर, जिला सिंगरौली (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। उसके खिलाफ वर्ष 2023 में दुद्धी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506, 498ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3व4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था ।न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में थी। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार सिंह और महिला आरक्षी सुमन सरोज की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। उसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

जिले में अपराधियों, वारंटियों और कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि न्यायालय से जारी सभी वारंटों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी आरोपी को कानून से बचने का अवसर नहीं मिलेगा।

इम्प्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा 28 को

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट, कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा 28 जुलाई को दो परीक्षा केंद्र पर होगीडीआईओएस अजय कुमार ने बताया कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट, कम्पार्टमेंट परीक्षा सुबह 8रू30 से 11रू45 बजे तक और इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा दोपहर 2रू30 से 5रू15 बजे तक होगी। हाईस्कूल परीक्षा के लिए शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। छात्र-छात्राओं को मोबाइल, स्मार्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी केंद्रों पर वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होगी। प्रश्नपत्र डबल लॉक स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखे जाएंगे। संबंधित प्रधानाचार्य परिषद की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएंगे। डीआईओएस ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के बेलकुंडा रसूलपुर गांव में रविवार देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सीबू पत्नी लकी की रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। बताया जा रहा है कि मृतका करीब छह माह पहले अपने घर से लकी के साथ चली गई थी। इसके बाद दोनों ने प्रेम विवाह कर साथ रहना शुरू कर दिया था। घटना की सूचना पर रौनापार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि विवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी चालक-खलासी घायल

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ एनएचआई 218 अ हाइवे मार्ग पर स्थित जिवली बाजार के समीप सोमवार की भोर में अल्बेस्टर सीट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक 25 वर्षीय विवेक और खलासी 30 वर्षीय विशाल घायल हो गए। दोनों मिजार्पुर जिले के थाना मड़ियांन क्षेत्र के ग्राम जुड़िया के निवासी है। दोनों घायलों को ग्रामीणों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक जौनपुर के सतहरिया से 600 पीस अल्बेस्टर सीट ट्रक पर लादकर बिहार प्रांत के दरभंगा जिला जा रहा था।

सोनम वांगचुक को लेकर पत्रक सौंपने जा रहे आप के नेताओं और पुलिस के बीच नोंकझोंक

मीरजापुर। सोनम वांगचुक को लेकर जिलाधिकारी को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में मामला पत्रक सौंपने जा रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं को रोके जाने को लेकर यूपी के मिजार्पुर में आम आदमी पार्टी के नेताओं और पुलिस के बीच नोंकझोंक हुई। बताया जा रहा है कि जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे आप नेताओं को पुलिस ने रोका तो आप नेता आक्रोशित हो उठे। परिणामस्वरुप पुलिस और आप नेताओं में जमकर नोकझोंक हुई। पुलिस द्वारा रोके जाने से नाराज आप नेता डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए बाद में धरना पर बैठे आप नेताओं से मिलकर एडीएम ने लिया ज्ञापन लिया है तब जाकर विवाद थमा है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सुनील पांडेय ने आरोप लगाया की केन्द्र सरकार हठवादी रवैया अपना रही है। बारबार नीट पेपर लीक होने के मामले को लेकर जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज को अनसुना करते हुए केन्द्र सरकार और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी नाकामियों को छुपा हठयोग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक को समर्थन प्रदान करते हुए गांधीवादी नेता अरुण मिश्रा ने कहा इस देश में संवैधानिक मूल्यों का हनन करते हुए स्वघोषित राष्ट्रवादी विचारधारा को थोपने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी के देश में गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित होकर अपनी बात को रखने वालों की आवाज को दबाया जा रहा है, अनसुना किया जा रहा है। इस दौरान काफी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित तमाम संगठनों से जुड़े हुए लोग भी मौजूद रहे हैं।

शिविर में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान



जौनपुर।किराना व्यापार संघ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जागरूकता शिविर का आयोजन शहर के मध्य स्थित एक होटल में किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री गरीश चन्द्र यादव, अध्यक्षता व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने की,। शिविर का मुख्य उद्देश्य व्यापारयों को विभागीय नियमों के प्रति जागरूक करना और उनकी व्यावहारिक समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना था मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन मे कहा कि व्यापारी समाज अर्थव्यवस्था की रीढ़ है सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है उन्होंने व्यापारियों से अपील की वे खाद्य सुरक्षा के मानकों का पूरी तरह पालन करें ताकि जनता को शुद्ध वस्तुएं मिल सकें और व्यापार में पारदर्शिता आए, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने व्यापारियों को लाइसेंशिसंग, रजिस्ट्रेशन और खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़े नियमों की विस्तृत जानकारी दी, शिविर के दौरान व्यापारयों ने विभाग से जुड़ी कई जटिल समस्याओं को उनके समक्ष रखा, जिसका उन्होंने मौके पर ही उचित समाधान किया,। महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, संजय केडिया, मनोज कुमार साहू, अनिल वर्मा, राजेन्दर मोदनवाल, बंटी मोदनवाल, आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र जायसवाल ने किया।

सीएचपी व रसायन विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन



जिला संवाददाता

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रसायन विभाग एवं सीएचपी विभाग में विभागीय हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। सोमवार को रसायन विभाग में विभागीय कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नियम, 1976 के सभी 12 नियमों एवं राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को तकनीक के माध्यम से सरल बनाने हेतु प्रतिभागियों को ई-टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान लीला सॉफ्टवेयर एवं कंठस्थ 2.0 जैसे भारतीय भाषा आधारित सॉफ्टवेयरों के उपयोग एवं उनके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष टी.एन. सीतारमण ने हिंदी को अत्यंत सरल एवं व्यवहारिक भाषा बताते हुए कहा कि इसे अपनाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यालयीन कार्यों में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने तथा राजभाषा संबंधी सभी संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया ।दोनों कार्यशालाएं सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुईं। अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में दिनांक 14 जुलाई 2026 को भी सीएचपी विभाग के वर्कशॉप सभागार में आयोजित हिंदी कार्यशाला में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण)एम. सुरेश, विभागाध्यक्ष(सीएचपी) शिवा प्रसाद एसपी सहित लगभग 30-35 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मेंएम. सुरेश मणिकम ने हिंदी को लोकप्रिय एवं जनप्रिय भाषा बताते हुए कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिकाधिक प्रयोग तथा राजभाषा नीति के प्रभावी अनुपालन पर बल दिया ।कार्यशाला का संचालन सहायक राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी से संबंधित दैनिक कार्यालयीन कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई तथा ई-ऑफिस में हिंदी टंकण, लीला पोर्टल एवं कंठस्थ जैसे भारतीय भाषा आधारित डिजिटल टूल्स के प्रयोग के संबंध में व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया।

जनसुनवाई दिवस का अयोजन

सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज 20 जुलाई 2026 सोमवार कोरूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया।



तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबर में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 4, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

श्रीमती प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

मारपीट में युवक की मौत, तीन हिरासत में

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल युवक दिनेश तिवारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है ।पुलिस के अनुसार, रविवार रात राजापुर गांव में मोनू, दिनेश तिवारी और महावीर तिवारी, पड़ोसी हैं, के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान दिनेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए भदोही के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई ।घटना की जानकारी मिलते ही रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना रामपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में नामजद तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ विजय चैधरी ने बताया कि रविवार रात राजापुर गांव में पाटीदारों के बीच हुए विवाद में दिनेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तीन नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

फर्जी आयकर अधिकारी सहित चार गिरफ्तार

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर बाजार स्थित एक सराफा दुकान पर आयकर विभाग का अधिकारी बनकर छापेमारी के नाम पर लूट की कोशिश करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से फर्जी आयकर विभाग की आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल फोन तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी बोलेरो वाहन बरामद की है। गिरोह का एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत रामपुर थाना पुलिस ने की। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन तिवारी उर्फ चाहत तिवारी, अजय कुमार पटेल, दिलीप कुमार तथा राजेश कुमार उपाध्याय शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि रोशन तिवारी यूपीएससी की तैयारी कर रहा था, जबकि राजेश कुमार उपाध्याय सिकरारा थाने में होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। आरोपी गोपालापुर स्थित सराफा व्यवसायी दिनेश चंद्र बरनवाल की दुकान पर पहुंचे और स्वयं को आयकर विभाग का अधिकारी बताते हुए जांच शुरू कर दी। आरोप है कि उन्होंने दुकान में रखा सोना-चांदी जबरन कब्जे में लेने, मारपीट करने तथा लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर भागने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और चार आरोपियों को मौके से हिरासत में ले लिया ।पूछताछ में आरोपियों के पास से दो फर्जी आयकर विभाग के पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल फोन तथा किराये पर ली गई फर्जी नंबर प्लेट लगी बोलेरो वाहन बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी जितेंद्र कुमार सिंह अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

अनशन को बाधित किये जाने के खिलाफ प्रदर्शन

जौनपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर चले रहे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे प्रख्यात वैज्ञानिक व समाजसेवी सोनम वांगचुक को जबरन हटाए जाने के



खिलाफ तथा अन्य भूख हड़तालियों व धरना प्रदर्शन के समर्थन में छात्र संगठन-एआईडीएसओ, युवा संगठन- एआईडीवाईओ व ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी की ओर से बदलापुर सब्जी मण्डी से जुलूस निकालकर इन्दिरा चौक पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान - शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो इत्यादि नारों से आकाश गूंज उठा। वक्ताओं ने कहा कि, पिछले एक महीने से अधिक समय से, देश के छात्र, युवा, अभिभावक और आम लोग पेपर लीक और एनटीए में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली और देश के कई अन्य हिस्सों में लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम सभी सरकार से जवाबदेही, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और एनटीए को तुरंत भंग करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन को रामकुमार यादव, यादवेंद्र पाल, प्रमोद कुमार शुक्ल, कृष्णा सिंह, दिनेशकान्त मौर्य, संतोष कुमार प्रजापति, इन्दुकुमार शुक्ल, राजबहादुर विश्वकर्मा, अपूर्व दूबे, अंजली सरोज, पूनम प्रजापति, नीरज गुप्ता, गार्गी पाल, विजय मौर्य व अन्य ने सम्बोधित किए। संचालन - दिलीप कुमार ने किया।

सेक्स रैकेट के अड्डे पर छापा, दो हिरासत में



जौनपुर। पुलिस ने लाइनबाजार थाना क्षेत्र के कटघरा स्थित अंजु गिल एकेडमी स्कूल के समीप कथित रूप से संचालित सेक्स रैकेट के खिलाफ कार्रवाई की। लाइनबाजार और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए ।पुलिस के अनुसार, स्थानीय लोगों की ओर से लंबे समय से इस स्थान पर संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। शिकायतों के आधार पर संयुक्त टीम ने छापा मारा। प्रारंभिक जांच में पुलिस को कई महत्वपूर्ण तथ्य मिले हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, यह कथित अवैध गतिविधि पिछले करीब छह माह से संचालित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

शिवपाल सिंह यादव पहुंचे विन्ध्याचल धाम, साधा बीजेपी पर निशाना

मीरजापुर। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव सोमवार को विन्ध्याचल धाम पहुंचे। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने मां विंध्यवासिनी देवी धाम पहुंच कर दर्शन पूजन किया है। दर्शन-पूजन शिवपाल सिंह यादव के तीर्थ पुरोहित विजय बाबू मिश्रा ने कराया। तत्पशचात दर्शन-पूजन करने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सपा राष्ट्रीय महासचिव ने साधा निशाना कहा दिल्ली जंतर मंतर प्रोटेस्ट को लेकर केन्द्र सरकार अत्याचार कर रही। उन्होंने कहा सोनम वांगचूक जनता की बात रख रहे, मगर सरकार नहीं मान रही है। बोले समाजवादी पार्टी जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने वालों के साथ है। सपा राष्ट्रीय महासचिव ने आगे कहा कि भगवान राम के मंदिर में चोरी करने वाले बड़े अधर्मी हैं, इन्हें भगवान भी माफ नहीं करेंगें। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा सपा की तैयारी पूरी है। 2027 का चुनाव सपा पूरे दमखम के साथ लडेगी। इसके लिए उन्होंने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह जोरशोर से कमर कस तैयार रहें। कहा मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेने आए हैं, मां के आशीर्वाद से समाजवादी पार्टी की जीत होगी. दर्शन पूजन कर विंध्याचल मंदिर से स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के आश्रम सक्तेशगढ के लिए

संक्षेप

पिकअप वाहन की टक्कर से भतीजे और बुआ की मौत

बदायूं। जिले में पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक व उसकी बुआ की मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम वजीरगंज थाना क्षेत्र में बरीपुरा गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास हुई जब सत्यम सिंह (20) अपनी बुआ महेश्वरी देवी (40) और बहन मनु के साथ मोटरसाइकिल से बरेली स्थित मनौना धाम जा रहा था।बिसौली के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि इसी दौरान सामने से आ रहे एक पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में सत्यम और उसकी बुआ महेश्वरी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनु गंभीर रूप से घायल हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मनु को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

जमीन के विवाद में एक व्यक्ति की हत्या

अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के भद्दौर गांव में कथित तौर पर जमीन के विवाद में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गई।

सुबह से शाम तक बरसता रहा पानी, हुआ जलभराव



जिला संवाददाता

मथुरा। सोमवार को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक रुक-रुक कर हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कंकाली रोड पर करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

सुबह हल्की बारिश हुई, लेकिन दोपहर करीब दो बजे तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद महोली रोड, भूतेश्वर पुल, कंकाली रोड बीएसए कॉलेज रोड सहित शहर के कई हिस्सों में सड़कें जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवाजाही में काफी कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों के साथ-साथ मथुरा पहुंचे श्रद्धालुओं को भी जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने पर स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया और स्थायी समाधान की मांग की। शाम तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहने से कई इलाकों में देर तक पानी भरा रहा। मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने बस स्टैंड पुल और भूतेश्वर पुल के नीचे जलभराव की समस्या के समाधान का दावा किया है।

लेकिन सोमवार की स्थिति इन दावों के विपरीत दिखी। नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने जलभराव की समस्या को गंभीर बताया।

उन्होंने कहा कि इसे प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की योजना बनाई गई है और आने वाले समय में मथुरा-वृंदावन को इस समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

नर्स की हत्या के मामले में ओटी टेक्नीशियन समेत दो गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ के हापुड़ रोड स्थित एमसीसी अस्पताल में 26 वर्षीय नर्स नेहा रानी की हत्या के मामले में पुलिस ने अस्पताल के टेक्नीशियन समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खरखौदा थाना क्षेत्र के फफूंडा गांव की रहने वाली और एमसीसी अस्पताल में नर्स नेहा रानी का शव पिछले शनिवार को अस्पताल की एक कमरे से बरामद हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद किया था।

सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में ऑपरेशन थिएटर के टेक्नीशियन सुरेश चंद और उसके साथी फरहान को नेहा के साथ कमरे में जाते तथा कुछ देर बाद बाहर निकलते देखा गया। इसके बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरेश और नेहा के बीच पिछले सात माह से प्रेम संबंध थे जबकि सुरेश पहले से विवाहित है और उसका पांच वर्षीय बेटा है। सूत्रों ने बताया कि नेहा द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने के बाद सुरेश ने फरहान के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। इसके बाद नेहा को ड्रिप के जरिए जहरीला रासायनिक पदार्थ दिया गया और बेहोश होने के बाद उसे सल्फास आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।

25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर सत्ता मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस एसओजी एवं सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर अपराधी सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि 16 जून 2026 को थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र में लूट एवं डकैती के अभियुक्तों के सत्यापन के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग की गई थी। इस मामले में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी पर मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद से 10 हजार तथा भिंड जनपद से 5 हजार रुपये का अतिरिक्त इनाम भी घोषित है।

गठित एसओजी, सर्विलांस और थाना बसई मोहमदपुर पुलिस की टीमों को रविवार को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव की ओर आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीमों ने घेराबंदी की। ईंधौन पुल के आगे नगला चूरा फीडर के पास खुद को घिरा देखकर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा,दो जिंदा कारतूस,दो खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम मालीपट्टी थाना बसई मोहम्मदपुर का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, भिंड और मुरैना समेत विभिन्न जनपदों में लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने रोडवेज बस ने बाइक सवार को रौंदा, जबड़े व सीने में गंभीर चोट



मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार यूपी रोडवेज की बस ने दिल्ली से मथुरा की ओर आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा और बस के नीचे जा फंसा। चालक ने समय रहते अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने तत्काल बस के नीचे फंसे घायल युवक को बाहर निकाला और सूचना देकर एंबुलेंस बुलवाई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान आयुष गुप्ता पुत्र रवि गुप्ता निवासी डी-71, दयानंद ब्लॉक, शकरपुर, पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई है। वह दिल्ली नंबर की बाइक से मथुरा की ओर जा रहा था। दुर्घटना में उसके जबड़े पर गंभीर चोट आई है, जबकि सीने में भी अंदरूनी चोट बताई जा रही है। चिकित्सकों ने उसे निगरानी में रखा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। राहगीरों ने यातायात नियंत्रित करते हुए घायल को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलने पर थाना जैंत पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे में शामिल यूपी रोडवेज की बस ताज डिपो की बताई गई है, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 78 केएन 2234 है। पुलिस ने बस और चालक को अपने कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। घायल के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जीएलए यूनिवर्सिटी के सामने हाईवे पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इस स्थान पर यातायात सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने की मांग की है।

75 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता



मथुरा। गोवर्धन थाना पुलिस ने जमीन के नाम पर 75 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने पहले ही बिक चुकी जमीन का फर्जी बैनामा तैयार कर वादी से लाखों रुपए ठग लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्राम गांठौली निवासी उम्मेद उर्फ उमेशचंद और दुर्गाप्रसाद के रूप में हुई है। उम्मेद को उसके घर से और दुर्गाप्रसाद को उसकी दुकान से गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने खसरा संख्या-381 स्थित जमीन पहले ही अन्य लोगों को बेच दी थी। इसके बावजूद उन्होंने वादी और उसके भाइयों को 276.46 वर्गमीटर भूमि बेचने का झांसा देकर फर्जी और कूटरचित बैनामा तैयार कराया। बाद में इसे 11 सितंबर 2025 को मथुरा के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत भी करा दिया। जांच के अनुसार, इस सौदे की कीमत करीब 75 लाख रुपए तय हुई थी। आरोपियों ने वादी पक्ष से 56.20 लाख रुपए नकद और 13.80 लाख रुपए चेक के जरिए ले लिए। बाद में पता चला कि जिस जमीन का बैनामा किया गया, वह पहले ही बेची जा चुकी थी। विवेचना में राजस्व अभिलेख, प्रमाणित बैनामों और गवाहों के बयानों के आधार पर यह भी सामने आया कि आरोपी दुर्गाप्रसाद ने पूरे सौदे में मध्यस्थ (दलाल) की भूमिका निभाई थी। इसी आधार पर उसे भी गिरफ्तार किया गया। यह मामला 24 जून 2026 को पीड़ित की शिकायत पर गोवर्धन थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस मुठभेड़ में पांच शातिर चोर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली



फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने नकबजनी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी तेज सिंह के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम रहल निवासी भंवर सिंह ने 12 जुलाई 2026 को थाना नसीरपुर में तहरीर देकर बताया था कि 11/12 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने मकान की चार इंच मोटी दीवार तोड़कर घर में रखे बक्से और अलमारी के ताले तोड़ दिए तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। इस संबंध में थाना नसीरपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रपड़ी के जंगल में कुछ बदमाश चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आत्मसमर्पण के लिए कहा, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी तेज सिंह के पैर में गोली लग गई, जबकि अन्य चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए सीएचसी शिकोहाबाद में भर्ती कराया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों में तेज सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, नैमीचंद पुत्र छोटेलाल, सुरेशचंद्र पुत्र सेवाराम, सियाराम पुत्र कैदार सिंह तथा राधेश्याम पुत्र कैदार सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी आगरा जनपद के पिनाहट, फतेहाबाद के निवासी हैं।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए आभूषणों में एक करधनी तीन जोड़ी पायल, बच्चों के दो खड़ुआ दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस तीन खोखा कारतूस तथा दीवार तोड़ने में प्रयुक्त सब्बल, रिंच और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से कई के विरुद्ध पूर्व में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

337 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में डीएम ने स्थल का किया निरीक्षण



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी और लोक कल्याणकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन आज जे०एम०आर० रिजॉर्ट इनदूमई में आयोजित होगा। कार्यक्रम को गरिमामई और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। कुल 337 जोड़ों का चयन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किया गया है, जो आज एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बनेंगे सर्व धर्म सम्भाव की मिसाल पेश करते हुए इस आयोजन में कुल 63 मुस्लिम जोड़े शामिल है, जिनका निकाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाएगा, इसके साथ ही अन्य सभी हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरा के अनुसार संपन्न होगा। वर्तमान में बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी निर्देश दिए हैं कि यह पूरा कार्यक्रम एक कवर्ड एरिये में आयोजित किया जाए, ताकि किसी भी लाभार्थी के परिवार, रिश्तेदार या अतिथि को मौसम की वजह से कोई असुविधा न हो।जैसा कि विदित है कि इस योजना में प्रत्येक जोड़े पर सरकार द्वारा कुल व्यय एक लाख किया जा रहा है, ताकि गरीब कन्याओं का विवाह पुरी भव्यता से हो सके। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह माननीय मुख्यमंत्री जी की अत्यंत महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजना है, जिसका सीधा उद्देश्य समाज के हर गरीब और जरूरतमंद परिवार को संबल देना है, सभी अधिकारी इसे पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राम बदन राम उप निदेशक कृषि सतेंद्र सिंह समाज कल्याण अधिकारी राजमती सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

ऑपरेशन कन्विक्शन का असर, नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा



मथुरा। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मथुरा पुलिस को एक बड़ी कानूनी सफलता मिली है। थाना हाईवे क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में स्थानीय अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

थाना हाईवे पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 में एक नाबालिग वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म का मामला मु.अ.सं. 62/2020 (धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट) के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों को जुटाने में तत्परता दिखाई। सोमवार विशेष पोक्सो न्यायालय, मथुरा ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए अभियुक्त सुखदेव उर्फ सोनू निवासी नौगांव, थाना हाईवे को दोषी पाया और उसे 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले में सजा सुनिश्चित कराने में पुलिस टीम और अभियोजन पक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण रही।एडीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु द्वारा न्यायालय में की गई प्रभावी पैरवी ने इस मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुँचाया। इसके साथ ही, थाना हाईवे के तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक राकेश कुमार की गुणवत्तापूर्ण विवेचना और कांस्टेबल नरेश राजपूत के सहयोग से ठोस साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा सके, जिसके फलस्वरूप अपराधी को सजा मिली। इस चुनौतीपूर्ण मामले में सजा सुनिश्चित कराने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (आगरा जोन), पुलिस उपमहानिरीक्षक (आगरा परिक्षेत्र) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा लगातार समीक्षा की गई और टीम को उचित दिशा-निर्देश दिए गए। मथुरा पुलिस की इस सफलता की सराहना की जा रही है, जो महिला सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

शिकोहाबाद पुलिस मुठभेड़ की होगी मजिस्ट्रियल जांच, एसडीएम को सौंपी जिम्मेदारी

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में गत दिनों हुई पुलिस मुठभेड़ की घटना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। जांच की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद राजेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 17 जुलाई 2026 को इटावा पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में रेलवे स्टेशन एवं आसपास के इलाकों में वांछित अपराधियों की घेराबंदी की गई थी। इस दौरान पुलिस और अभियुक्तों के बीच हुई मुठभेड़ में अंकित पुत्र किशन चन्द्र तथा सुमित यादव उर्फ सोनू पुत्र गुलाब सिंह घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में थाना शिकोहाबाद में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह जांच सर्वोच्च न्यायालय के पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम महाराष्ट्र राज्य (2014) के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रावधानों के अनुरूप कराई जा रही है। जांच अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे घटना से जुड़े तकनीकी, चिकित्सीय एवं प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्यों का गहन परीक्षण कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक अंकित और सुमित यादव उर्फ सोनू की मृत्यु के कारणों की मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। उन्होंने आमजन एवं मृतकों के परिजनों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति इस मामले से संबंधित मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहता है तो वह 30 जुलाई 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में तहसील शिकोहाबाद स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष या साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाएगी, ताकि घटना के सभी तथ्यों का निष्पक्ष परीक्षण सुनिश्चित हो सके।

गुमशुदा बालिका सकुशल बरामद



टूंडला। थाना टूंडला पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय कार्य करते हुए 12 वर्षीय गुमशुदा बालिका को मात्र दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार गुमशुदा बालिका परी पुत्री प्रेमचंद्र, निवासी ओम नगर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी टूंडला के पर्यवेक्षण में तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तलाश अभियान चलाया गया। साथ ही सोशल मीडिया और विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी बच्ची की खोजबीन की गई। पुलिस की तत्परता और सक्रिय कार्रवाई के परिणामस्वरूप गुमशुदा बालिका को मात्र दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया।

बच्ची के सकुशल मिलने पर उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने खुशी जताई और फिरोजाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह निरीक्षक अपराध सारदेव सिंह, उपनिरीक्षक शेरपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक रुचिका तथा महिला कांस्टेबल निशा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पौधरोपण व हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाया गया संत राजूदास महाराज का जन्मोत्सव



मथुरा। जयगुरुदेव मंदिर के निकट सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संत राजूदास महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पौधारोपण किया गया, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ तथा महाराज के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और राष्ट्र एवं धर्म सेवा के लिए प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अशोक प्रताप सिंह ने कहा कि संत राजूदास महाराज का जीवन अध्यात्म, राष्ट्रसेवा और प्रकृति संरक्षण का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवन का आधार माना गया है। पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में आगरा मंडल प्रभारी विनोद कुमार, जिला प्रभारी धीरेन्द्र कुमार, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रेशु अग्रवाल, जिला महानगर अध्यक्ष नवीन कुमार वार्ष्णेय, जिला महामंत्री चन्द्र प्रकाश उपाध्याय, जिला महामंत्री वीरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री एम.एल. कौशिक, जिला महामंत्री अंकित कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवनीश सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष कृपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, जिला मंत्री गुलाब सिंह, जिला मंत्री पवन चैधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य दाऊदयाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य ब्रजेश कुमार, जिला कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर विशाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य विशाल ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य मोहन डांगर, संयोजक संत सम्भाग सन्तोष, संयोजक शिक्षक सम्भाग सर्वेश शुक्ला, संयोजक व्यापारी सम्भाग जितेन्द्र सिंह, वृन्दावन नगर अध्यक्ष ठाकुर अजय सिसोदिया तथा तारसी बूथ अध्यक्ष विपिन सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में सभी ने संत राजूदास महाराज के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके बताए सेवा, राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

हनुमान रूप में यमुना प्रदूषण के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन



मथुरा। वृंदावन यमुना नदी में गिरते गंदे नालों को बंद कराने के लिए समाजसेवी दीपक शर्मा ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। रविवार को उन्होंने हनुमान जी का प्रतीकात्मक रूप धारण किया और बिहार घाट स्थित मुख्य नाले के ऊपर ही दिन-रात के सात दिवसीय अनशन पर बैठ गए। दीपक शर्मा ने शासन-प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गंदे नाले मां यमुना में जहर घोल रहे हैं। पिछली बार प्रदर्शन कर उन्होंने इस सच्चाई को देश-विदेश तक पहुंचाया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 51ए का हवाला देते हुए इसे अपना नागरिक कर्तव्य बताया है। दीपक शर्मा ने ब्रजवासियों और यमुना भक्तों से आंदोलन का समर्थन करने और यमुना मुक्ति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

आयात पर निर्भरता


शाहिद ए चौधरी

आयात पर निर्भर हमारी अर्थव्यवस्था के सामने एक बार फिर से चुनौती खड़ी हो गयी है। तेल, गैस एवं उर्वरकों की आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है, इनके दाम भी बढ़ने लगे हैं और फिर से आर्थिक संकट मंडराने लगा है। आयात पर निर्भरता का यह दुष्परिणाम है कि राष्ट्रपति ट्रंप बयान देते हैं और देशों की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खाने लगती हैं। बाजार धड़ाम से गिरते हैं। तेल, गैस, उर्वरक और अन्य सामान की किल्लत बढ़ने लगती है। लिहाजा संकट भी व्यापक और विकराल होने लगते हैं। मंदी और महंगाई भी बढ़ने लगती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के अलग-अलग ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर लगातार 21 दिन तक हमलों की योजना का ऐलान किया है। फिलहाल औसतन 4 घंटे हर रोज हमले किए जा रहे हैं। ईरान ने भी नई मिसाइल से खाड़ी देशों के अमरीकी ठिकानों पर विनाशक हमले जारी रखे हैं। अमरीका के वायु बेस, नौसेना बेड़े, रडार सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन ठिकानों पर हमले कर ईरान ने साफ कर दिया है कि वह युद्ध के मोर्चे पर अभी तैनात है और लड़ रहा है। बहरहाल इन हमलों का पहला असर यह है कि कच्चे तेल के दाम 86 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गए हैं। ये दाम 71 डॉलर तक लुढक आए थे, जब समझौते के सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे। एकबारगी लगा था कि युद्ध का अंत निकट है, लेकिन यह पहले की तरह ही विनाशक और वीभत्स हो रहा है। अब तेल-बाजार में जो शिपमेंट (लदान) बुक की जा रही है, वह 86-87 डॉलर के हिसाब से की जा रही है। बीते 15 दिनों में ही भारत के खजाने पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ चुका है, क्योंकि



आयात-बिल बढ़ा है। भारत को कच्चा तेल 105 डॉलर प्रति बैरल पर खरीदना पड़ रहा है। इसमें युद्ध-बीमा, परिवहन की बढ़ी दरें और ईरान का टोल-टैक्स आदि भी शामिल हैं। यदि लाल सागर की ओर हूती लड़ाकों ने बाब-अल-मंदेब मार्ग को बंद कर दिया, तो 12 फीसदी वैश्विक आपूर्ति और प्रभावित होगी, नतीजतन तेल की कीमतें 200 डॉलर तक उछल सकती हैं, ऐसा विशेषज्ञों का दावा है। दरअसल अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था आयात-केंद्रित हो चुकी है। घरेलू उत्पादन से बेहतर आयात लगता है और वह अभी तक आसान भी रहा है। आयात न केवल घरेलू बाजार, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) पर, बल्कि निर्यात पर भी हावी हो चुका है। भारत का आयात 16 फीसदी बढ़ चुका है। अनुमान है कि आयात 17-18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जो बीते साल में 11 लाख करोड़ रुपए रहा है। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात करता रहा है, लेकिन ईरान युद्ध और खाड़ी देशों तक आपूर्ति के व्यवधान और जोखिमों के कारण निर्यात काफी प्रभावित हो रहा है। इन परिस्थितियों में भारत का व्यापार-घाटा बढ़ रहा है। यदि कच्चा तेल 10 फीसदी भी महंगा होता है, तो चालू खाता घाटा देश के जीडीपी का 0.4 फीसदी बढ़ जाता है। सीईआईसी के मुताबिक, भारत में जहां मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति पूर्ववत है, वहीं निर्माण-कार्यों और सेवा क्षेत्र के व्यापार और परिवहन में भारी गिरावट दर्ज की गई है। गांव के गरीबों, किसानों को शहर के निर्माण-कार्यों में रोजगार मिलता रहा है, लेकिन गिरावट के बाद उन्हें गांव की ओर लौटना पड़ रहा है। सूखे से खेती पर भी असर पड़ना तय है। लिहाजा कई फसलें इस बार कम बोई गई हैं। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सामने भी कई तरह की चुनौतियां हैं। महंगाई की जो दरें उच्चतम स्तर पर पाई गई हैं, उनमें गांव में महंगाई अपेक्षाकृत बढ़ी है। बहरहाल भारत में कच्चे तेल की फिलहाल आपूर्ति बनी हुई है, लेकिन संकट कभी भी खड़ा हो सकता है। इसलिए जब तक मिडिल ईस्ट में युद्ध जारी है तब तक देश में बूंद-बूंद तेल बचाने का प्रयास करना चाहिए। इससे हमारी अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां कम होंगी।

स्पेन फुटबॉल की जुनूनी दुनिया का बादशाह



फीफा फुटबॉल विश्वकप

टोर्रेस का यह विजयी गोल 19 जुलाई 2026 को ठीक 16 वर्ष व 8 दिन बाद आया था, जब एंड्रेस इनस्टा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ एक्स्ट्रा-टाइम में गोल करके 2010 में स्पेन को पहली बार विश्व चैंपियन बनाया था। स्पेन की दूसरी खिताबी विश्व कप जीत भी 1-0 के अंतर से ही आयी। मैच के बाद टोर्रेस ने अपने गोल के बारे में कहा, 'सच कहूं तो मैंने ज्यादा कुछ सोचा नहीं।

नब्बे मिनट में दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी थी। हालांकि स्पेन ने दर्जनों अवसर बनाये गेंद को गोल में डालने के लिए, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर एमी मार्टिनेज ने फाइनल में रिकॉर्ड 11 बार सफल बचाव किया, जबकि लियोनल मेसी व उनके लड़कों को कोशिश करने का भी अवसर नहीं मिला, जिससे गेम पर ला रोजा की पकड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है। बहरहाल, एक्स्ट्रा-टाइम के दूसरे हाफ में 39 सेकंड भी न बीते थे यानी 106वें मिनट में पेड्रो पोर्रो ने लेफ्ट से आउट-स्विंगिंग क्रॉस बैक पोस्ट की तरफ मारा, निको विलियम्स गेंद को हेड करके वापस स्पेस में डालने में कामयाब रहे और फेरन टोर्रेस ने हाफ-वॉली को जाल में डाल दिया। डाइव लगाते हुए मार्टिनेज देखते रह गये। प्रतियोगिता में पेड्रो का यह एकमात्र गोल था और यही निर्णायक साबित हुआ, जोकि गोल करने का 20वां प्रयास था। टोर्रेस का यह विजयी गोल 19 जुलाई 2026 को ठीक 16 वर्ष व 8 दिन बाद आया था, जब एंड्रेस इनस्टा ने नीदरलैंड्स के खिलाफ एक्स्ट्रा-टाइम में गोल करके 2010 में स्पेन को पहली बार विश्व चैंपियन बनाया था। स्पेन की दूसरी खिताबी विश्व कप जीत भी 1-0 के अंतर से ही आयी। मैच के बाद टोर्रेस ने अपने गोल के बारे में कहा, 'सच कहूं तो मैंने ज्यादा कुछ सोचा नहीं। मैंने गेंद को अपनी तरफ आते हुए देखा और मैंने सभी स्पेनी लोगों की पॉवर से शॉट लगा दिया।'

गर्मी व तेज धूप की वजह से पिच की घास सूख गई थी, जिसकी वजह से गेम में गति नहीं आ पायी और कलात्मक ड्रिबल करना भी कठिन रहा। लेकिन इसके बावजूद स्पेन का गेंद पर कब्जा 65 प्रतिशत रहा और अर्जेंटीना को अपने बेहतर प्रतिद्वंदियों के सामने गेंद अपने पास रखने में कड़ा संघर्ष करना पड़ा, जो असफल अधिक रहा। यह बात उस समय भी सही थी, जब दोनों तरफ से 11-11 खिलाड़ी मैदान में थे और ज्यादा मुश्किल उस समय हो गई, जब अर्जेंटीना के 10 ही खिलाड़ी रह गये थे; क्योंकि एंजो फर्नांडज ने दूसरी बार फाउल किया और रेफरी के पास कोई विकल्प न था कि उन्हें बेंच पर बैठा दिया जाये। यह सामान्य समय के अंत से जरा पहले की बात है। स्पेन एकमात्र देश है जिसने दो बार यह कमाल किया कि यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने के बाद फिर विश्व कप भी जीता। उसने यह कारनामा पहले 2008-2010 में किया और अब 2024-2026 में किया है। स्पेन पहला विश्व कप चैंपियन है, जिसने पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ.एक गोल खाया, इसलिए उसके गोलकीपर उनै साइमन को गोल्डन ग्लव से सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि गोल्डन बॉल स्पेन के रोड्रि को मिली। बेस्ट यंग प्लेयर भी स्पेन के पाव कबरसी रहे और फेयर प्ले अवार्ड नीदरलैंड्स को मिला। तीन प्रमुख प्रतियोगिताएं- कोपा अमेरिकास (2021 व 2024) और विश्व कप 2024 लगातार जीतने के बाद मेसी की अर्जेंटीना चैथे फ्रंटियर पर नाकाम हो गई, विशेषकर इसलिए कि आठ बार बैलोन डी ओर जीतने वाले 39-वर्षीय मेसी, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में 8 गोल व 4 असिस्टस का श्रेय प्राप्त किया, को फाइनल में बामुश्किल ही गेंद को स्पर्श करने का अवसर मिला; क्योंकि स्पेन का दबदबा ही कुछ ऐसा था। पूरे फाइनल में मेसी कभी भी ऐसे नहीं लगे कि वह अर्जेंटीना का खिताब बरकरार रखने में कामयाब हो जायेंगे। हालांकि वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने देश की कप्तानी लगातार तीन विश्व कप में की है, लेकिन फाइनल में वह वैसे प्रभावी खिलाड़ी नजर नहीं आये जैसे पहले दो विश्व कप और इस तीसरे विश्व कप के फाइनल से पहले थे। स्पेन ने अपने गेंद पर कब्जा रखने वाले खेल से उतना ही बेबस कर दिया जितना उसने सेमीफाइनल में फ्रांस के काय्लिन एम्बापे को किया था। प्रतियोगिता में 10 गोल व 4 अस्सिट्स के साथ एम्बापे ने मेसी को पछाड़ते हुए गोल्डन बूट अपने नाम किया। एम्बापे ने 2022 में भी गोल्डन बूट जीता था। एम्बापे विश्व के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार दो बार गोल्डन बूट जीता है। ब्राजील ने 1958 व 1962 में लगातार दो विश्व कप जीते थे। तब से कोई टीम ऐसी सफलता नहीं पा सकी है। अर्जेंटीना के लिए इस दोहराने का अवसर था, लेकिन स्पेन ने उसके इरादों को नाकाम कर दिया। फाइनल के बाद मेसी भावुक हो गये, उनकी आंखों से आंसू भी छलके, शायद इसलिए भी कि विश्व कप में यह उनका अंतिम मैच था।

इस जीत ने स्पेन के कोच लुई डे ला फुएंते को यह श्रेय प्राप्त हुआ कि उन्होंने सबसे अधिक आयु में अपनी टीम को विश्व कप खिताब दिलाया। वह 65 बरस के हैं। उन्होंने कहा, 'हम विश्व चैंपियन हैं और सब मिलकर इस मंच पर पहुंचे हैं।' लेकिन अंतिम सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों के बीच कुछ धक्कामुक्की भी देखने को मिली, जिसे जल्द नियंत्रित कर लिया गया। स्पेन जब जश्न मना रहा था तो अर्जेंटीना के अधिकतर खिलाड़ी अविश्वास में टर्फ पर बैठे हुए थे। आखिरकार समझदारी से काम लिया गया और स्पेन के खिलाड़ी ऑनर गार्ड में खड़े हो गये जब अर्जेंटीना का दल स्टेज पर रनर-अप मैडल लेने के लिए जा रहा था। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कैलोनी ने स्वीकार किया कि स्पेन बेहतर टीम थी। बहरहाल, फीफा 2026 विश्व कप का फाइनल दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच भी था। एक तरफ स्पेनी सरकार के वामपंथी आदर्श थे तो दूसरी तरफ तरफ अर्जेंटीना का अति दक्षिणपंथी नजरिया। यह टकराव सिर्फ.मैदान पर ही न था बल्कि मैदान के बाहर भी था कि स्पेनी समर्थक स्टैंड में फिलिस्तीन का झंडा लिए हुए थे। लेकिन इससे भी दिलचस्प मुकाबला अनुभव व यूथ का था। जहां 39 वर्षीय मेसी अपना छठा विश्व कप खेल रहे थे, वहीं 19 वर्षीय लमिने यमाल अपना पहला विश्व कप खेल रहे थे। दोनों खिलाड़ियों की आयु में 20 साल का अंतर था, जिसे अधिक दिलचस्प एक बीस साल पुराने फोटो ने भी बनाया, जिसमें मेसी शिशु यमाल को अपनी गोद में लिए हुए हैं।

मेसी के अनुसार वह पहला अवसर था जब उन्होंने किसी बच्चे को अपनी गोद में लिया था और अब 20 साल बाद वह दोनों मैदान में आमने सामने थे। हालांकि इस विश्व कप में टेक्नोलॉजी (वीएआर), राजनीतिक हस्तक्षेप (डोनल्ड ट्रम्प के दबाव में अमेरिका के खिलाड़ी पर से प्रतिबंध हटाना), हाइड्रेशन ब्रेक, फाइनल का देर से शुरू होना व अधिकतम 15 मिनट की बजाय 27 मिनट का हाफ-टाइम ब्रेक होना आदि को लेकर काफी विवाद भी रहा, लेकिन पांच ऐसे बहुमूल्य मंत्र भी सामने आये जो किसी भी क्षेत्र में किसी भी देश या कारपोरेशन के लिए सफलता का आधार बन सकते हैं। एक, टैलेंट पर फोकस करना, वह चाहे कहीं से भी हासिल हो। दो, नागरिकता में कट्टरता न दिखाना। फुटबॉल में खिलाड़ी दूसरे देश के लिए भी खेल सकता है अगर 21 वर्ष का होने से पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हों। तीन, लोगों पर विश्वास करना व उन्हें साथ लाना। चार, अच्छे नियम जो सभी पर एक समान लागू होते हैं, बिना किसी भेदभाव के और पांच, अच्छा नेतृत्व। हर उस टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसके पास खिलाड़ियों व कोचों का सक्षम नेतृत्व था।

सोशल मीडिया


महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्तजी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन, उनका त्याग व बलिदान युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगा। अमितशाह


देश के टूटे हुए एजुकेशन सिस्टम में आपने जो देखा, सुना और झेला है...वो समस्या का सतह मात्र है, असली सचाई इससे कहीं ज्यादा गहरी है। राहुल गांधी


लोकसभा, विधानसभा चुनावों में हार-दर-हार ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और केजरीवाल समेत तमाम विपक्षी नेताओं को राजनीतिक रूप से असहज कर दिया है। केशवप्रसाद म

एथलेटिक्स में कुशारे और कुजुर ने लिखी नई पटकथा


खेल जगत

सारिम अन्ना

हाल ही में दो भारतीय एथलीट्स ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं, जो भारत के लिए ऐतिहासिक हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड होल्डर सर्वेश कुशारे पहले भारतीय हाई जम्पर हैं, जिन्होंने डायमंड लीग में पोडियम फिनिश किया। मोनाको में इस प्रतियोगिता में डेब्यू करते हुए उन्होंने तीसरा स्थान प्राप्त किया और वह उन चार भारतीयों के एक्सक्लूसिव क्लब में शामिल हो गये हैं, जिन्होंने डायमंड लीग में टॉप थ्री में फिनिश किया है। दूसरी ओर अनिमेष कुजूर 11 जुलाई 2026 को विदेशी धरती पर सबसे तेज 100 मी. दौड़ने वाले भारतीय बने। वह वेटजलर (जर्मनी) में वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर की 'फास्ट आर्म्स फास्ट लेग्स' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में 23-वर्षीय कुजूर ने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10.14 सेकंड्स का समय निकाला जोकि हीट्स में एक दिन पहले उनके 10.19 सेकंड्स से बेहतर था। गौरतलब है कि इस साल मई में फेडरेशन कप (रांची) में गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मी. 10.09 सेकंड्स में दौड़कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था, लेकिन वह भारतीय धरती पर था। 100 मी. में भारत के जो पांच सर्वश्रेष्ठ समय हैं, उनमें से तीन कुजूर के नाम हैं।

सर्वेश अनिल कुशारे 31 साल के हैं, दो वर्ष की एक बेटी के पिता हैं। मोनाको में आयोजित डायमंड लीग में वह पहली बार भाग ले रहे थे और 10 जुलाई 2026 को उन्होंने यह कमाल किया कि पोडियम फिनिश करने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर बने। कुछ समय के लिए वह संयुक्त रूप से पहले स्थान पर थे, लेकिन उनकी 2.26 मी की जम्प उन्हें तीसरा स्थान ही दिला सकी। यह भी कम बड़ी उपलब्धि नहीं है, विशेषकर इसलिए कि उन्होंने टोक्यो ओलंपिक चैंपियनों गियनमार्को तम्बेरी व मुताज बर्शिम को पराजित किया। इस वर्ष के वर्ल्ड लीडर, यूक्रेन के ओलेह डोरोशचुक (2.32 मी) पहले स्थान पर व ब्रिटेन के जैक किमानी (2.30 मी) दूसरे स्थान पर रहे। हाई प्रेशर मुकाबले में कुशारे ने अपना संयम बनाये रखा और उन भारतीयों की कुलीन सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया जिन्होंने डायमंड लीग में टॉप श्री में फिनिश की है- जेवलिन में नीरज चोपड़ा (2022 से 13 बार), लांग जम्प में मुरली श्रीशंकर (2023 में एक बार) और चक्का फेंक में विकास गौड़ा (2015 में दो बार)। कुशारे का नासिक के देवरगांव ग्राम से विश्व मंच तक पहुंचने का सफर अपने आपमें दिलचस्प कहानी है। भूसे व बोरियों से लैंडिंग पिट्स बनाकर प्रैक्टिस करने वाले कुशारे के पिता अनिल का कहना है कि उनके व्हाट्सएप्प पर उनके बेटे की जम्प के वीडियोज की बाढ़ आ गई है। उनका कहना है, 'गांव में हर कोई अपने व्हाट्सएप्प पर जम्प का स्टेट्स लगाये हुए है। जब उसने हाई जम्प शुरू की थी तो मेरे दिमाग में सिर्फ.एक बात थी कि वह हमारे परिवार की किस्मत बदल देगा। लेकिन उसने तो पूरे गांव को ही प्रभावित कर दिया है। बच्चे हाई जम्प की प्रैक्टिस करने लगे हैं।' कुशारे को अपना पीक फॉर्म जीवन के 30 बसंत गुजारने के बाद ही मिल सका। भुवनेश्वर में आयोजित इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में उन्होंने 2.31 मी. की जम्प से आठ साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। अब वह सबसे अधिक आयु के सक्रिय भारतीय एथलीट हैं, जिनके पास राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। कुशारे की तारीफ करते हुए पूर्व रिकॉर्ड धारक वस्टार डेकाथलीट तेजस्विन शंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'इस उपलब्धि से मानसिक बाधा टूट गई है और 2.34 मी. या 2.35 मी का मार्क अब अधिक दूर नहीं है।' पिछले साल वर्ल्ड चैंपियनशिप्स में कुशारे फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय हाई जम्पर बने थे; वह अंत में छठे स्थान पर रहे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि कुशारे की उपलब्धियों से उनके गांव में हाई जम्प क्रांति आ गई है। इस बारे में उनके पूर्व कोच रावसाहेब जाधव का कहना है, 'आज मैं 30 से अधिक बच्चों को ट्रेनिंग दे रहा हूं। फिजिकल एजुकेशन टीचर के रूप में मैं चार साल पहले रिटायर हो गया था, लेकिन बच्चों ने मेरे पास आना नहीं छोड़ा। जब एक दशक पहले कुशारे ने राष्ट्रीय पदक जीतने शुरू कर दिये तो 12 बच्चों के पहले बैच ने इस खेल को अपनाया। सभी ने सरकारी जॉब्स हासिल करके अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति बदल दी।' जाधव ने ही कुशारे को स्पॉट किया था।

अवांछनीय आदतें

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

जनता परेशान, बंदर मजेमान

व्यंग्यलोक


रामविलास जॉगिड़

वाशिंगटन, बीजिंग से लेकर दिल्ली तक के बंदरों को पकड़ने का ठेका लेने के लिए कोई भी फर्म इच्छुक नहीं है। प्रशासन ने बंदरों को पकड़ने के लिए अपने भाई-भतीजों को टेंडर भरने के लिए कहा था। इसमें नियमानुसार भ्रष्टाचार का प्रावधान भी था। लेकिन एक भी फर्म ने निविदा नहीं दी। अब दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। तब तक राजधानी में बंदरों की उछलकूद जारी रहेगी। हमारे ग्राउंड जीरो पर खिलखिलायमान बंधु ने बताया कि प्रशासन ने पिछले साल 26 जनवरी को बंदर पकड़ने का वर्क ऑर्डर जारी किया था। सम्बन्धित फर्म को 1800 बंदर पकड़ने थे। एक बंदर के लिए 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार सहित लगभग 2999 रुपये का भुगतान करना तय हुआ था। टेंडर की अवधि 30 मार्च को खत्म हो गई। मगर अंतिम तिथि तक एक भी निविदा नहीं आई। राजधानी में उछल कूद करते बंदरों पर कंट्रोल करने के लिए सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। राजधानी के बंदर इस ऑफिस से उस ऑफिस। इस फाइल से इस फाइल धमाल मचा रहे हैं। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, यूक्रेन, श्रीलंका से लेकर भारत तक पसरे पड़े हैं बंदर! लेकिन प्रशासन को इन बंदरों की कोई सुध नहीं है। जनता परेशान है और बंदर मजेमान है। कहा जाता है कि प्रशासन ने छांट-छांट कर 1500 बंदरों को पकड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया था। पिछली बार की तुलना में बंदर पकड़ने की राशि दस प्रतिशत बढ़ाई भी। भ्रष्टाचार के नए अवसर भी दिए। टेंडर की शर्तों के अनुसार सम्बन्धित ठेकेदार को बंदर पकड़कर शहर से 200 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र में छोड़ना होगा। बंदर को छोड़ने की वीडियोग्राफी करानी होगी। बंदरों के हाथों में जीपीएस सिस्टम भी लगाना होगा।

हर एक बंदर का हिसाब मेंटेन करना होगा। एक रजिस्टर डालना होगा, जिसमें बंदरों की दैनिक गतिविधियों को रिकॉर्ड करना होगा। इन बंदरों की रिपोर्ट को अखबारों में सार्वजनिक करना पड़ेगा। बंदरों के आतंक से परेशान जनता ने अब सरकारी दफ्तरों में जाना बंद कर दिया है। खासतौर से सरकारी दफ्तरों में उछल कूद मचाते प्राइवेट बंदरों का सरकारीकरण बहुत परेशानी पैदा कर रहा है। यातायात के सरकारी कार्यालय तो सिर्फ इन्हीं का आतंक बने है। नरक निगम, जिला परिषद, कलेक्टरेट आदि रमणीक स्थानों पर भी इन्हीं बंदरों का जमावड़ा लगा हुआ है। बंदरों के आतंक से शहर-गांव में रहने वाले सभी लोग परेशान हैं। फिर उन बंदरों का क्या करें, जो सरकारी कर्मचारी के कपड़े पहनकर कुर्सियों से चिपक जाते हैं। यही बंदर खूब गुर्राते हैं। फिर शहर से दूर वन क्षेत्र में इन्हें छोड़ना बहुत मुश्किल काम है। क्योंकि इस देश में वन क्षेत्र तो बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। जंगलों के सारे बंदर शहरों में बस गए हैं।

विचार

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।
-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हम से सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।
-महात्मा गांधी.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।
-प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।
-स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।
-शेख सादी.

आप की बात

गरीबों का उत्थान

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

कामकाजी शिक्षा जरूरी

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसलिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

हर आपदा में राहत के लिए तैयार रहे रेड क्रॉस सोसाइटी: कटियार

मथुरा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की उत्तर प्रदेश शाखा के महासचिव रामानंद कटियार दो दिन के प्रवास पर मथुरा पधारे। इस प्रवास के दौरान उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी, जनपद मथुरा की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में जहां संस्था की जिला स्तर की गतिविधियों की चर्चा हुई, वहीं श्रीकटारिया ने रेड क्रॉस के काम को जन जन तक पहुंचाने और जन सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में श्री कटारिया ने संभावित रक्तदाताओं की एक सूची बनाने, आगामी दिनों में बाढ़ जैसी आपदा से निबटने और बाढ़ पीड़ितों के राहत कार्य की रणनीति अभी से बनाने पर बल दिया। उन्होंने रेड क्रॉस से स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को सक्रिय रूप से जोड़ने और वहां कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। उन्होंने आगे कहा कि यूथ रेड क्रॉस ब्रिगेड जितनी सक्षम होगी, रेड क्रॉस की क्षमता उतनी ही बढ़ेगी। प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों को उन्होंने सघन सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए। रेड क्रॉस की मथुरा इकाई के सभापति महेश खंडेलवाल बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए।,

मुख्यमंत्री ने लोधेश्वर महादेव का किया दर्शन - पूजन

जिला संवाददाता



बाराबंकी/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोधेश्वर धाम में दर्शन-पूजन कर महादेव का अभिषेक किया। सीएम ने बाबा भोलेनाथ की आरती भी उतारी और ईश्वर से सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मंदिर परिसर में डमरू वादन संग उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने

- सीएम ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन, दिव्यांगों को दी ट्राइसाइकिल

स्थानीय कलाकारों की हौसलाअफजाई की। मुख्यमंत्री ने दर्शन-पूजन के उपरांत निमार्णाधीन कॉरिडोर का अवलोकन भी किया और कार्यों के निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री लोधेश्वर महादेव मंदिर के पीछे स्थित प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने यहां बच्चों का अन्नप्राशन किया और उन्हें खिलौने देकर दुलारा-पुचकारा। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों से उनके मॉडल के बारे में जानकारी ली। साथ ही बच्चों को चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल प्रदान की। बाराबंकी के विकास को लेकर लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया।

छह माह से जर्जर सड़क और पाइप लाइन लीकेज से लोग त्रस्त

ललितपुर। गोविंद सागर बांध से लेडियापुरा होते हुए नई बस्ती पानी की टंकी तक बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन के बाद जर्जर हुई सड़क और लगातार हो रहे पाइपलाइन लीकेज को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग को लेकर एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। बताया कि पाइपलाइन डालने के लिए करीब छह माह पूर्व सड़क खोदी गई थी, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया। वर्तमान में सड़क पूरी तरह गडढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने से सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ फैलने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में विशेष रूप से बालाजी हनुमान मंदिर के सामने की बदहाल स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यहां लगातार पानी भरने से श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। आरोप लगाया गया कि जल संस्थान और जल निगम एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे, जिससे आम जनता परेशान हो रही है। बताया कि इस मार्ग पर ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, मां शारदा इंटर कॉलेज, लिटिल फ्लावर जूनियर हाई स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थान, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय, आरोग्य केन्द्र तथा धार्मिक स्थल स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं, मरीज, श्रद्धालु और आम नागरिक इसी मार्ग से गुजरते हैं। कीचड़ और गडढों के कारण आए दिन स्कूली बच्चे फिसलकर चोटिल हो रहे हैं तथा उनकी स्कूल ड्रेस खराब होने से उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारियों के साथ दो बार मौके का निरीक्षण किए जाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि सड़क को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण की सूची में शामिल किया जाए तथा संबंधित ठेकेदारों और पाइपलाइन लीकेज ठीक कराने और सड़क का निर्माण कराने के निर्देश दिए जाएं।

ट्रेन वेंडर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

ललितपुर। जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांसी में 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दावा किया जा रहा है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सीने में लगी अंदरूनी चोट बताया गया है। दोनों तथ्यों में विरोधाभास सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। ग्राम बांसी निवासी रामप्रताप कुशवाहा पुत्र बालचंद्र कुशवाहा को शनिवार शाम करीब 6.50 बजे उसका भाई गंभीर हालत में उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा था। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रामप्रताप ट्रेनों में वेंडर का कार्य करता था और शराब पीने का आदी था। शनिवार शाम वह शराब के नशे में घर पहुंचा और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारकर तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रविवार शाम करीब 6 बजे तीन डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सीने में लगी अंदरूनी चोट बताया गया है, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की शराब की लत के कारण घर में अक्सर विवाद होता रहता था। अब पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल की परिस्थितियों तथा परिजनों के बयानों सहित सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। जांच के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

युवकों से 40 हजार और दो मोबाइल की लूट

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के रोहिणी बांध के पास बाइक से घर लौट रहे दो युवकों से चार लोगों द्वारा 40 हजार की नकदी और दो मोबाइल फोन लूट लेने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रजौला निवासी पूरन पुत्र मंगल सिंह लोधी अपने गांव के भरत पुत्र रणधीर सिंह लोधी के साथ 15 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे मोटरसाइकिल से मड़ावरा से वापस रजौला लौट रहे थे। जैसे ही दोनों रोहिणी बांध के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद चार लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। मड़ावरा निवासी जागेश्वर पुत्र सुरेंद्र यादव, मानवेंद्र पुत्र जुगराज लोधी तथा ग्राम रनगांव निवासी प्रिंस पुत्र भुजबल और राजपाल पुत्र हल्के भैया अहिरवार ने उनके साथ छिनैती की। आरोप है कि हमलावरों ने पूरन की जेब से 7 हजार रुपए नकद और इनफिनिक्स कंपनी का मोबाइल, जबकि भरत की जेब से 33 हजार रुपए नकद और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। इस प्रकार आरोपियों ने कुल 40 हजार रुपए की नकदी और दो मोबाइल फोन लूट लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 134 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

नवागत एसपी ने किया पुलिस लाइंस का निरीक्षण



ललितपुर। नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई द्वारा जनपद की पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जीडी कार्यालय, साइबर थाना, आरक्षी बैरक, कैंटीन, डायल-112 कंट्रोल रूम, आवासीय परिसर एवं मैस सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य इंस्पेक्टर एवं अधिकारी मौजूद रहे।

फिरोजाबाद में पांच शातिर लुटेरे गिरफ्तार

फिरोजाबाद। जिले में थाना नसीरपुर पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने रविवार देर रात मुठभेड़ के बाद आगरा जिले के पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी लूट और डकैती की कई वारदातों में वांछित बताए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया।ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनुज चौधरी ने सोमवार को बताया कि थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव रहल में 12 जुलाई को भंवर सिंह के घर की दीवार काटकर बदमाश सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की थीं।

यूपी में 2017 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी भाजपा: रमेश सिंह

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने सोमवार को दावा किया कि उनकी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी।श्री सिंह का सोमवार को यहां प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। इस अवसर उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ को और मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इसलिए 'बूथ जीता, चुनाव जीता' के संकल्प के साथ हर घर तक पहुंचना होगा। इसी के दम पर पार्टी 2027 में 2017 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी और प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी।एसएसपी सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में सुनीं फरियादियों की समस्याएं।सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन ने 20 जुलाई 2026 को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भगवान श्रीकृष्ण पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जन आक्रोश



ललितपुर। भगवान श्रीकृष्ण पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को ललितपुर में जय बजरंग कल्याण समिति एवं समस्त सनातन हिंदू समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में साधु-संतों, सामाजिक कार्यकताओं और नागरिकों ने विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर मौलाना जरजिस अंसारी के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया और विभिन्न समाचार माध्यमों पर मौलाना जरजिस अंसारी का एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक और विवादित टिप्पणी की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस बयान से करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में व्यापक रोष व्याप्त है। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ ? तथा धार्मिक तनाव उत्पन्न करने का प्रयास हैं। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय कानून के तहत कठोर धाराओं में कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। इस दौरान जय बजरंग कल्याण समिति प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर, जिलाध्यक्ष डा.दीपक पस्तोर, जगतगुरु स्वामी कृष्णगिरि महाराज, महंत प्रयागदास महाराज, सुदामा तिवारी, पं.गुरुदत्त रावत, राजाराम साहू सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, संगठन के पदाधिकारी एवं सनातन समाज के लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने सील किया मकान



चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र के भट्ठा चौराहे पर स्थित एक मकान को स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस ने सोमवार को सील कर दिया। जबकि मकान के भूमि तल पर कपड़े की दुकान चलता है जबकि दूसरे मंजिल पर अवैध रूप से अस्पताल संचालित था।

चौकी प्रभारी जंगल धूसड़ आदित्य उपाध्याय ने बताया कि भट्ठा चौराहे पर स्थित तीन मंजिला मकान में अवैध रूप से बिना नाम का अस्पताल संचालित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के चरगांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. वीके चौधरी ने बताया कि अवैध रूप से अस्पताल संचालित होने की सूचना पर स्थानीय पुलिस के मदद से जांच करने पर कुछ दवाएं, तीन बेड के साथ ही चिकित्सकीय उपकरण से संबंधित सामग्री बरामद किया गया है ।

मनमाने प्रस्ताव रखने पर नगर पालिका में घमासान

ललितपुर। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक को लेकर सियासी और प्रशासनिक विवाद गहरा गया है। भाजपा पार्षद आलोक कुमार जैन मयूर के नेतृत्व में कई पार्षदों ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) को दो अलग-

- अध्यक्ष के परिजनों पर लगाये गये गम्भीर आरोप, पार्षदों ने की स्वतंत्र जांच समिति बनाने की मांग
- अवैधानिक प्रस्ताव निरस्त करने और विकास कार्यों के भुगतान पर रोक लगाने की मांग

अलग ज्ञापन सौंपकर बोर्ड बैठक की वैधानिकता, विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं तथा पालिका प्रशासन में बाहरी हस्तक्षेप की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया कि 18 जुलाई 2026 को आयोजित नगर पालिका बोर्ड बैठक में 26 में से 14 पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार किया था। इसके बावजूद आवश्यक कोरम के अभाव में बैठक संचालित कर कई प्रस्ताव पारित कर दिए गए, जो नगर पालिका अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत हैं। पार्षदों ने मांग की कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति गठित की जाए तथा जांच पूरी होने तक बैठक में पारित सभी प्रस्तावों को निरस्त किया जाए। ज्ञापन में नपाध्यक्ष सोनाली जैन के परिजनों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पार्षदों का कहना है कि वह नियमित रूप से नगर पालिका कार्यालय में बैठकर विकास कार्यों और प्रशासनिक फाइलों में हस्तक्षेप करते हैं। आरोप है कि पालिका की गोपनीय फाइलें उनके आवास तक भेजी जाती हैं और वे सरकारी कार्यों में प्रभाव डालते हैं। पार्षदों ने 18 जुलाई की बोर्ड बैठक की सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखकर उसकी जांच कराने तथा बाहरी व्यक्तियों के प्रशासनिक हस्तक्षेप पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी को दिए गए दूसरे ज्ञापन में नगर पालिका क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों ने आरोप लगाया कि कई कार्यों में नियमों की अनदेखी कर भुगतान की तैयारी की जा रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच होने तक संबंधित ठेकेदारों के भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही जिस वार्ड में कार्य हुआ है, उसकी जांच समिति में संबंधित वार्ड के पार्षद को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए ताकि जांच पारदर्शी और निष्पक्ष हो सके। पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक जनआंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे।

शैक्षिक भ्रमण पर प्रशिक्षु आईएएस पहुंचे गीता शोध संस्थान, कार्यकलापों की ली जानकारी

जिला संवाददाता



मथुरा। वर्ष 2025 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु महिला एवं पुरुष अधिकारियों का दल शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत 20 जुलाई (सोमवार) को गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन पहुँचा। संस्थान के सभागार में आयोजित परिचयात्मक सत्र में उन्हें ब्रज की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन कार्यकलाप व गतिविधियों से परिचित कराया गया। गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पहल पर वर्तमान में स्वच्छ अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ब्रज के तीर्थस्थलों, परिक्रमा मार्गों, घाटों तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को वृंदावन की लगभग 11 किलोमीटर लंबी परिक्रमा पर एक साथ विशेष स्वच्छता का महाअभियान चलाया गया। परिषद द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े पौराणिक स्थलों, यमुना के प्राचीन घाटों एवं ऐतिहासिक कुंडों के संरक्षण, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक पर्यटन अवसंरचना और टूरिस्ट फैसिलिटेशन से जुड़े अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। पांचजन्य प्रेक्षागृह, श्रीस्वामी हरिदास प्रेक्षागृह, आधा दर्जन मुक्ताकाशीय मंच भी बनवाए गए हैं। इस अवसर पर गीता शोध संस्थान की ओर से प्रोफेसर दिनेश खन्ना, डा. उमेश चंद्र शर्मा तहसील सदर के अधिकारी आदि मौजूद थे।गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में रासलीला का प्रशिक्षण एवं मंचन, श्रीमद्भगवद्गीता के प्रेरक कार्यक्रमों के साथ-साथ साहित्यिक, सांस्कृतिक आयोजन नियमित रूप से होते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों ने ब्रज की सांस्कृतिक विरासत, तीर्थ विकास, स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक प्रशिक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी अनुभव बताया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रम्हपुर की बदहाली के विरोध में ओबीसी पार्टी ने किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता



चौरीचौरा, गोरखपुर। झगहा थाना क्षेत्र के ब्रम्हपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच कर सोमवार को वन भारत सिटीजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र पर व्याप्त अव्यवस्थाओं, जर्जर भवन तथा यहाँ स्थित बीपीएमयू यूनिट को यहाँ से लगभग 20किलोमीटर दूर भेजे जाने के विरोध में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर पर स्थित बीपीएमयू यूनिट को यहाँ से स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे यहां जन्म प्रमाण पत्र और गर्भवती महिलाओं को सुविधा मिलने में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। तथा स्वास्थ्य केंद्र में व्यापक अव्यवस्था व्याप्त है। जहाँ मरीजों को बाहर से दवाइयाँ लिखी जा रही हैं। तथा बाहर से ही जाँच कराने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन्हीं जनसमस्याओं को लेकर आज ग्रामीणों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया गया तथा तत्काल ही अपर निदेशक स्वास्थ्य से वार्ता करके यह मांग की गई कि बीपीएमयू यूनिट को पुनः ब्रह्मपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही रखा जाए तथा क्षेत्र की जनआवश्यकताओं को देखते हुए ब्रह्मपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए।

काली शंकर यदुवंशी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा पर हमला बोलते हुए कहा कि यहाँ के विधायक और सांसद कभी भी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं रहे और न ही कभी यहाँ की दुर्दशा तथा जनता को हो रही समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि चौरी-चौरा में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर नहीं बनाई गईं और माँगें पूरी नहीं हुईं, तो निश्चित तौर पर पार्टी अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करते हुए चौरी-चौरा शहीद स्मारक के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का काम करेगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सीएमओ ने किया दस्त नियंत्रण पखवाड़े का शुभारंभ



मथुरा। दस्त नियंत्रण पखवाडे का शुभारम्भ सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राधा वल्लभ द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डायरिया से डर नहीं स्लोगन के साथ प्रारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि पीएसआई इण्डिया एवं कैन्व्यू संस्था के सहयोग से जिले के सभी ब्लॉकों में प्रचार वाहनों द्वारा प्रचार प्रसार कर जनता को जागरुक किया जायेगा, समस्त आशाऐं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर व्यक्तियों को जागरुक करते हुए ओ.आर.एस. पैकिट एवं जिक की गोलियों का वितरण छः माह से पाँच साल तक के बच्चों को करेंगी। साथ ही दस्त से प्रभावित बच्चों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर संदर्भित करेंगी, पच्चीस अगस्त 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान जनपद में लगभग तीन लाख पचास हजार बच्चों को ओ.आर.एस. के पैकिट वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बल्देव डा विजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने अवगत कराया कि समस्त ए.एन.एम. एवं आषाओं का प्रशिक्षण डायरिया रोको अभियान के लिए पूर्ण करा दिया गया है आशाऐं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर डायरिया ग्रसित बच्चों की देखभाल, शुद्ध पेयजल एवं हाथ धोने हेतु जन मानस को प्रषिक्षित करेंगी, उन्होने बताया कि डायरिया के कारण असमय बच्चों की मृत्यु को रोकना एवं व्यक्तियों को डायरिया के प्रति जागरुक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है, आज समस्त मथुरा जनपद हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बल्देव से मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा डायरिया रोको अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर डा. अनुज चैधरी, मुकेश गौतम, कोमल घई, अजय कुमार, चोब सिंह, विवेक सारस्वत, अजय सोलंकी, कुलदीप सारस्वत, अनिल राठौड, यषपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय ए.एन.एम. एवं आशाऐं उपस्थित रहीं।

अटल आवासीय विद्यालय में फूड प्वॉइजनिंग पर कांग्रेस का प्रदर्शन

जिला संवाददाता

ललितपुर। धौर्रा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद करीब पांच दर्जन से अधिक बच्चों के बीमार होने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा विद्यालय की व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कहा कि प्रशासन की तत्परता से अधिकांश बच्चे स्वस्थ होकर विद्यालय लौट चुके हैं, लेकिन बच्चों के बीमार होने की घटनाएं पूरी तरह थमी नहीं हैं। ऐसे में केवल औपचारिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे मामले की गहन जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। कहा कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रदेश के गरीब एवं श्रमिक परिवारों के बच्चे अध्ययन करते हैं। ऐसी घटना के बाद उनके अभिभावकों में भय और असुरक्षा का माहौल है। प्रशासन को चाहिए कि वह अभिभावकों को विद्यालय की वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए बच्चों की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं का भरोसा दिलाए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, पेयजल एवं अन्य खाद्य सामग्री की वैज्ञानिक जांच कराई जाए। साथ ही आरओ सिस्टम, फिल्टर और भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा केवल कागजी कार्रवाई के बजाय वास्तविक सुधार किए जाएं।

संक्षेप

फिक्की फ्लो की दो दिवसीय दूसरी गवर्निंग बॉडी मीटिंग का उद्घाटन

हैदराबाद। फिक्की फ्लो (फिक्की महिला संगठन) की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग के नेतृत्व में, देश में महिला उद्यमियों के शीर्ष संगठन फिक्की फ्लो की वर्ष 2026-27 के लिए दूसरी गवर्निंग बॉडी मीटिंग का उद्घाटन हैदराबाद में सफलतापूर्वक शुरू हुई। यह दो दिवसीय कार्यक्रम फ्लो हैदराबाद अध्याय द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के 25 वर्ष पूरे होने के उत्सव का हिस्सा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'रजत जयंती समारोह' था, जिसमें तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हैदराबाद अध्याय को 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए, राज्यपाल ने महिला उद्यमिता, नेतृत्व, कौशल विकास और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने में फिक्की फ्लो के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

जियोस्टार इस फेस्टिव सीजन को बनायेगा और भी बिग

मुंबई। जियोस्टार देश के सबसे बड़े रियलिटी एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइजी बिग बॉस के छह संस्करणों–हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला–को लॉन्च करने जा रहा है। पहली बार देशभर के दर्शक एक साथ विभिन्न भाषाओं में बिग बॉस का रोमांच, ड्रामा और फैनडम अनुभव करेंगे, जो भारतीय रियलिटी मनोरंजन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। सितंबर 2026 से ये सभी संस्करण जियोस्टार के टेलीविजन नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन को और खास बनायेगी शो की प्रतिष्ठित होस्ट्स की टीम–सलमान खान, विजय सेतुपति, किच्चा सुदीप और मोहनलाल–जो अपने-अपने क्षेत्रों में बिग बॉस का पर्याय बन चुके हैं। इस बार बंगाल के गौरव और देश के प्रिय दादा सौरव गांगुली भी इस फ्रेंचाइजी से जुड़ रहे हैं, जिससे इसकी स्टार पावर और मजबूत होगी।

आरएमएल हॉस्पिटल्स में मिल रहे हैं रोबोटिक जी.आई सर्जरी प्रोग्राम के बेहतरीन नतीजे

नयी दिल्ली। आरएमएल हॉस्पिटल्स में 400 से अधिक रोबोटिक गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल सर्जरी की जा चुकी हैं। यह पब्लिक हैल्थकेयर सिस्टम में एडवांस्ड गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल केयर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हॉस्पिटल में दा विंची सर्जिकल सिस्टम अपनाए जाने से रोबोटिक गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल सिस्टम का धीरे-धीरे विस्तार हुआ और यह कुछ जटिल मामलों से एक विस्तृत सेवा में विकसित होता गया। आज इस सिस्टम द्वारा हेपेटोबिलियरी, कोलोरेक्टल, अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाईनल और बैरियाट्रिक सर्जरी की जाती है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को मिनिमली इन्वेजिव प्रक्रियाओं का लाभ मिल सके।

जी5 ने पेश की बहुभाषी स्लेट

नई दिल्ली। जी5 ने नई पीढ़ी के दर्शकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कहानियां, रचनाकारों और फॉर्मेट्स के अपने अब तक के सब से महत्वाकांक्षी बहुभाषी प्रदर्शन की प्रस्तुति की है। हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और बांग्ला भाषा में फैला यह मंच मूवीज, सीरीज, लाइव स्पोर्ट्स, एआई संचालित स्टोरीटेलिंग, एनिमेशन और किड्स एंटरटेनमेंट के व्यापक लाइन अप को एक जगह लाता है।मनोरंजन निडर, सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा हुआ और अनदेखा नहीं किया जा सके ऐसा होना चाहिए, इस दृढ़ विश्वास पर बनी यह नई स्लेट जी5 का दीर्घकालिक विजन दशार्ती है, जिसका उद्देश्य ऐसी कहानियाँ रचना है जो केवल मनोरंजन करने के बजाय संवाद शुरू करें, संस्कृति को गढ़ें और भाषाओं तथा सीमाओं के पार पहुँचें। प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजीस और प्रीमियम ओरिजिनल्स से लेकर नए फॉर्मेट्स बनाने तक, जी5 भारत और दुनिया भर के दर्शकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और गहरा करने के साथ-साथ स्टोरीटेलिंग की सीमाओं का विस्तार करना जारी रख रहा है।जी5 की स्लेट को असाधारण क्रिएटिव पार्टनर्स का साथ मिला है, जिसमें भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध स्टूडियो, फिल्ममेकर्स और स्टोरीटैलर्स शामिल हैं।

सेंसेक्स में 443 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 95.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है। मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारती एयरटेल शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। एचडीएफसी बैंक में तेज गिरावट ने नुकसान को और बढ़ा दिया। उम्मीद से कमजोर शुद्ध ब्याज मार्जिन ने निवेशकों को निराश किया। इससे बैंक क्षेत्र और शेयर बाजार पर दबाव पड़ा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 88.06 डॉलर प्रति बैरल पर पर रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 376.41 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 964.58 अंक चढ़ा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 261.55 अंक का लाभ रहा था।

सोना 1400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का सिलसिला जारी



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में ।,400 रुपये की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1400 रुपये बढ़कर 146,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह ।,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। चांदी ।,000 रुपये टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपये यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला। वहीं, चांदी में बिकवाली का दबाव बना रहा, क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखने की संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद सस्ते स्तर पर खरीदारी आने से सोमवार को सोने में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में नरमी से भी विदेशी खरीदारों के लिए सोना अधिक आकर्षक बना। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ करीब 4,020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत चढ़कर 57 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई। अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मध्यस्थता के प्रयास जारी रहने से बाजार पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव एक प्रमुख कारक बना हुआ है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया।

बिहार विधानसभा में विकास योजनाओं को मिलेगी रफ्तार

पटना। बिहार विधानसभा के पांच दिवसीय मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 87,383.43 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश किया गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने अनुपूरक व्यय विवरणी प्रस्तुत की।

सरकार की ओर से जारी बयान के अनुसार, कुल 87,383.43 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट में 57,077.96 करोड़ रुपये वार्षिक योजनाओं के लिए, 30,265.99 करोड़ रुपये वेतन, पेंशन तथा अन्य अनिवार्य दायित्वों (स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय) के लिए प्रस्तावित किए गए हैं। अनुपूरक बजट पर विधानसभा में चर्चा के बाद इसे सदन से पारित कराया जायेगा। सरकार के अनुसार, वार्षिक योजनाओं के लिए प्रस्तावित राशि में 32,707.24 करोड़ रुपये केंद्र प्रायोजित योजनाओं तथा 24,370.72 करोड़ रुपये राज्य योजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के लिए 9,335.35 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के लिए 3,342.12 करोड़ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए 3,308.69 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

रुपया 14 पैसे टूटकर 96.44 प्रति डॉलर पर



मुंबई। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को 14 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.44 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका और ईरान संघर्ष बढ़ने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 96.53 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.35 से 96.53 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 96.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये में नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता रुपये में तेज गिरावट को रोक सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक का संभावित हस्तक्षेप भी निचले स्तर पर रुपये को सहारा दे सकता है। चौधरी ने बताया कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96.10 से 96.70 के दायरे में रहने का अनुमान है। भू-राजनीतिक तनाव के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेजी से भारतीय रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव पड़ा है। आरबीआई के आक्रामक और अनुमानित हस्तक्षेप ने रुपये में गिरावट को प्रभावी ढंग से सीमित किया है। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक टूटकर 77,708.52 अंक पर और एनएसई निफ्टी 95.80 अंक की गिरावट के साथ 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.81 पर रहा।

अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत फिर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंची

न्यूयॉर्क। अमेरिका और ईरान के बीच हमलों के नए दौर के बीच सोमवार को अमेरिका में पेट्रोल की औसत खुदरा कीमत फिर बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई।

नियमित श्रेणी के पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब चार डॉलर प्रति गैलन हो गई है। एक साल पहले यह औसतन 3.14 डॉलर प्रति गैलन थी। यह राष्ट्रीय औसत कीमत है। इसका मतलब है कि कुछ राज्यों में वाहन चालक पहले से ही चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक कीमत चुका रहे हैं, जबकि कुछ अन्य राज्यों में कीमत इससे कम है। राज्यों के बीच पेट्रोल की कीमतों में अंतर स्थानीय आपूर्ति, कर की अलग-अलग दरों तथा अन्य कारणों से होता है। युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों में भी लोग पेट्रोल की ऊंची कीमतों का सामना कर रहे हैं। मार्च के अंत में अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत पहली बार चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंची थी। जून के मध्य में यह इससे नीचे आ गई थी और अमेरिका तथा ईरान के बीच अंतरिम समझौता होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से इसमें और गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, तब भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि पेट्रोल की कीमतों में कच्चे तेल की तुलना में अपेक्षित तेजी से कमी नहीं आ रही है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 119वां स्थापना दिवस



लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने 119वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ अंचल में विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं ग्राहक-केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन कर इस ऐतिहासिक दिवस को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया। वर्ष 1908 में महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ द्वारा स्थापित बैंक ने इस अवसर पर समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ौदा भवन, लखनऊ में महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, लखनऊ अंचल तथा बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत लखनऊ अंचल में निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए: उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स सम्मान समारोह: समाज एवं कानून व्यवस्था के प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अमूल्य योगदान के सम्मान में एक विशेष पेंशनर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अरविन्द कुमार जैन, सेवानिवृत्त आईपीएस एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर इंस्टीट्यूट, अविनाश चन्द्र, सेवानिवृत्त आईपीएस तथा श्यामपाल सिंह, सेवानिवृत्त पीपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अतिथियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस वेतन पैकेज की सुविधाओं को पारिवारिक पेंशनभोगियों तक विस्तारित किए जाने की बैंक की पहल की सराहना की। उन्होंने बैंक की ग्राहक-हितैषी नीतियों, पुलिस परिवार के लिए समर्पित बैंकिंग सेवाओं की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक पेंशनर्स से बैंक की सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर: सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बैंक द्वारा लायंस क्लब ब्लड बडीज, अपोलो हॉस्पिटल एवं संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के सहयोग से बड़ौदा भवन, लखनऊ में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, वहीं उपस्थित कर्मचारियों एवं आगंतुकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की भी व्यवस्था की गई।

नौ बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि जून में 5.0 प्रतिशत पर, पांच माह का उच्चस्तर

नयी दिल्ली। देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जून में बढ़कर पांच महीने के उच्चतम स्तर पांच प्रतिशत पर पहुंच गया।

सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। जून, 2025 में बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि 1.1 प्रतिशत और मई, 2026 में 3.2 प्रतिशत रही थी। आंकड़े 2011-12 के स्थान पर 2022-23 को आधार वर्ष मानकर जारी किए गए हैं। सरकार ने सूचकांक में लौह अयस्क को शामिल किया है जिससे बुनियादी उद्योगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। वहीं, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में 9.8-9.8 प्रतिशत तथा नई श्रृंखला के तहत सूचकांक में शामिल किए गए लौह अयस्क के उत्पादन में 43.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह वृद्धि एक प्रतिशत रही थी।

सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के विजेताओं की घोषणा

वाराणसी। हमेशा से ही श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का केंद्र रहे बनारस के पुराने शहर में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ के कुशल प्रबंधन, आम लोगों की पहुंच को बेहतर बनाने के लिये इनोवेटिव मोबिलिटी और कुशल भीड़ प्रबंधन के सर्वोत्तम सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किये गये सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज वाराणसी के विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी गयी है। वाराणसी नगर निगम के नेतृत्व में टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ), चैलेंज वर्क्स और डब्ल्यू आर आई इंडिया के सहयोग से शुरू किये गये सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में सिटीडेटा.एआई और निप्पोन कोए के सिटीफ़्लो तथा द अर्बनाइजर के जनजात्रा को विजेता के तौर पर चुना गया है। इन विजेताओं को काशी में अपने समाधानों को आगे बढ़ाने के लिये वित्तीय और परामर्शी सहयोग मिलेगा। इसके अलावा वोजिक एआई के बेहतर वे और प्रमेया कंसल्टिंग के नयी चाल को वाराणसी में अधिक समावेशी और दक्षतापूर्ण मोबिलिटी सुनिश्चित करने की दिशा में अपने योगदान के लिये ऑनरेबल मेंशंस के तौर पर मान्यता दी गयी है।

पेज एक का शेष

लखनऊ के

स्थित एक कार्यालय में लगी थी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग बुझाने के अभियान में जिले से कुल 15 दमकल वाहन तैनात किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर इमारत में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाल दिया गया है। जवाहर भवन में आम लोगों का प्रवेश बिना पास के प्रतिबंधित है। अधिकारियों के अनुसार, घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने संवाददाताओं को बताया कि जवाहर भवन में काम करने वाले कर्मचारियों ने जानकारी दी कि चौथी मंजिल पर आग लगी है। उन्होंने कहा इस भवन और आस-पास के दूसरे भवनों को पूरी तरह खाली करा लिया गया है। अग्निशमन दल की टीम मौके पर मौजूद है और उन्होंने स्थिति को पूरी तरह काबू में कर लिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के बाद ही आग लगने की वास्तविक वजह का पता चल सकेगा।

जम्मू कश्मीर

सुरक्षा कर्मी और स्थानीय स्वयंसेवक शामिल हैं। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 20 जुलाई को मृतकों के परिजनों के लिए छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस राहत पैकेज में राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से चार लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये शामिल हैं। मौसम विभाग ने 23 जुलाई तक जम्मू और कश्मीर में मध्यम से भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अब्दुल्ला ने 19 जुलाई को सभी जिला प्रशासनों को 24 जुलाई तक हर छह घंटे में स्थिति रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।

यूपी में 24

पुवायां (शाहजहांपुर) में 150.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आने वाले मजबूत मानसूनी प्रवाह के कारण उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है और इस दौरान अनेक स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने 21 जुलाई से 25 जुलाई तक दक्षिणी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। आईएमडी के अनुसार, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद और जालौन में भी भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान जताया गया है।

सपा-कांग्रेस

दिव्य-भव्य बन गई है। देश से जो भी काशी व अयोध्या आता है, हमें भी धन्यवाद देकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी में 36 वर्ष बाद भारतीय टीम ने ओलंपिक में पदक जीता लेकिन उससे पहले मेजर ध्यानचंद व केडी सिंह बाबू के समय भारत ने लगातार तीन बार स्वर्ण पदक जीता था। जिस खिलाड़ी ने हॉकी को पूरा जीवन दिया, उन केडी सिंह बाबू की हवेली बिक जाए, हमारी सरकार यह कतई स्वीकार नहीं करेगी। हमने तय किया कि वहां संग्रहालय का निर्माण होगा। सीएम ने अमेरिका के न्यू जर्सी में हुए फीफा विश्वकप का भी जिक्र करते हुए कहा कि स्पेन व अर्जेंटीना के मैच को देखकर लोगों में गजब का उत्साह था। ऐसे ही जब हॉकी चलती है तो भारत की निगाहें उस पर रहती हैं। मेजर ध्यानचंद व केडी सिंह बाबू ने इसे नई ऊंचाई दी थी। सीएम ने कहा कि विरासत के संरक्षण व सनातन मूल्यों के रक्षा के लिए महापुरुषों ने योगदान दिया। राजा बलभद्र सिंह, लाखन पासी, बिजली पासी, महाराज सुहेलदेव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह ने देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए योगदान दिया। सुहेलदेव ने जहां सालार मसूद को मारा था, हमारी सरकार ने बहराइच में वहीं उनका भव्य स्मारक बनाया है। देश के लिए योगदान व सनातन के लिए समर्पण देने वाले महापुरुषों को सरकार ने सम्मान दिया है। सनातन की सुदृढ़ नींव पर ही हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। सनातन सुरक्षित है तो हम सभी सुरक्षित हैं। सनातन पर खतरा आया तो कोई बच नहीं पाएगा।

नाइट सफारी

12.50 लाख परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें लगभग 9 लाख परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र पाए गए हैं, जबकि लगभग 5 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाना है। इसके अतिरिक्त 6.67 लाख परिवारों के पास अभी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं हैं। इनमें से लगभग 5 लाख लोगों का भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण हो चुका है, जबकि शेष पात्र परिवारों का पंजीकरण कराया जा रहा है। साथ ही 10.60 लाख परिवारों के एक सदस्य को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की प्रमुख एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 88.45 प्रतिशत, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 72.71 प्रतिशत, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 63 प्रतिशत तथा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 59.35 प्रतिशत भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

बाढ़ हो या

जनपद की स्थिति अलग है, इसलिए राहत एवं बचाव की रणनीति भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जनपदों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां कृषि गतिविधियां प्रभावित नहीं होनी चाहिए। नहरों, जलाशयों, राजकीय नलकूपों तथा अन्य उपलब्ध सिंचाई संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। बोआई एवं सिंचाई के रियल टाइम आंकड़ों की नियमित समीक्षा कर किसानों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। जहां वर्षा की कमी के कारण बोआई प्रभावित होने की आशंका है, वहां कृषि एवं सिंचाई विभाग संयुक्त कार्ययोजना बनाकर तत्काल राहत उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही अधिक वर्षा वाले जिलों में बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियां पूरी सतर्कता के साथ संचालित की जाएं।

कॉजपा के

और संसद की ओर बढ़ने लगे, जो जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर है। पूर्वाह्न करीब 11:25 बजे, भारत माता की जय वंदे मातरम और इंकलाब जिंदाबाद के नारों के बीच, प्रदर्शनकारियों ने अति सुरक्षा वाले क्षेत्र में एहतियातन लगाए गए कई अवरोधकों को पार करने की कोशिश की, जिससे धक्का-मुक्की जैसी स्थिति पैदा हो गई। भीड़ में मौजूद उपद्रवियों ने वस्तुएं भी फेंकीं, जिससे पुलिस समेत कई लोग घायल हो गए। कई प्रदर्शनकारी घायल हुए और कई पुलिसकर्मी खून से लथपथ दिखे।

भारी बारिश

रूपेश कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने हबीबपुर गांव का दौरा किया, जहां रविवार रात एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।

भारी बारिश

वहां उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उनके लिए सुरक्षित आवास, भोजन, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधा, दवाइयों और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ-साथ नियमित निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इधर, यात्रा मार्गों को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें संयुक्त अभियान चला रही हैं। जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद से मलबा हटाने का कार्य लगातार जारी है, जबकि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग लगातार मौसम की गतिविधियों और सड़कों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जिलों से मिल रही रिपोर्टों के आधार पर स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मौसम में सुधार और मार्गों के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद ही चारधाम यात्रा को पुनः शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा।

प्रशासन ने यात्रा मार्गों पर रुके श्रद्धालुओं से संयम बनाये रखने और केवल अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करने की अपील की है। राहत शिविरों में चिकित्सा दल, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचायी जा सके। साथ ही श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अगली सूचना जारी होने तक चारधाम यात्रा के लिए प्रस्थान न करें। यात्रा पर निकलने से पहले मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी नवीनतम अपडेट अवश्य देखें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और अपुष्ट सूचनाओं से बचें।

विराज सागर

बेस्ट जूडो का कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस महाकुम्भ की सबसे खास विशेषता यह है कि इसमें सबसे कम उम्र के जूडोका लखनऊ के गोविन्द मिश्रा वर्ष साढ़े तीन वर्ष व काशवी आयु 04 वर्ष एवं सबसे अधिक उम्र के जूडोका नोयडा के राम गोपाल आयु 69 वर्ष ने प्रतिभाग किया बल्कि पदक भी अर्जित किया है। सीनियर वर्ग के परिणाम के अनुसार पुरुष-60 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम वासु पांडे-मुरादाबाद, द्वितीय अभिषेक दिवाकर-मुरादाबाद, तृतीय अमूल्य पटेल-प्रयागराज, तृतीय मोध आदिल लखनऊ रहे। वहीं, पुरुष-66 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम दीक्षांत-बरेली, द्वितीय लकी कुमार-मुरादाबाद, तृतीय वंश सैनी-सहारनपुर, तृतीय सूरज संभल रहे। पुरुष-73 किलोग्राम श्रेणी में प्रथम कार्तिकय मि



फीफा : स्पेन बना वर्ल्ड चैंपियन

विश्व चैंपियन स्पेन के स्वदेश लौटने पर होगा शाही स्वागत, मैड्रिड में निकलेगी विजय परेड

एजेंसी

मैड्रिड। स्पेन की विश्व कप विजेता टीम सोमवार दोपहर को स्वदेश लौटने के लिए तैयार है, जहां टीम के 11 सदस्यों का स्वागत स्पेन के शाही महल और प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज द्वारा किया जाएगा। इसके बाद शाम को खिलाड़ी खुली छत वाली बस में सवार होकर शहर के मध्य भाग में विजय परेड में हिस्सा लेंगे। टीम के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद है। परेड प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास मोनक्लोआ पैलेस के निकट से शुरू होकर सिबेल्स स्क्वायर तक जाएगी। इसके बाद सिबेल्स स्क्वायर पर खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित होगा। यह वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां स्पेन की राष्ट्रीय टीमें और उनके समर्थक बड़ी जीत के बाद पारंपरिक रूप से जश्न मनाते रहे हैं। स्पेन ने रविवार को न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेले गए





फाइनल में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। स्पेन ने इससे पहले 2010 में दक्षिण अफ्रीका में पहली बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती थी। इस तरह यह उसके इतिहास का दूसरा विश्व कप खिताब है। फाइनल की समाप्ति के साथ ही मैड्रिड जश्न में डूब गया। हजारों समर्थक बार और रेस्तरां से निकलकर सड़कों पर उमड़ पड़े। कई लोग स्पेन का राष्ट्रीय ध्वज ओढ़े हुए थे, जबकि अनेक प्रशंसक टीम के रंगों वाली जर्सियां पहने हुए थे। राजधानी के पुर्ता देल सोल सहित प्रमुख चौक लोगों से खचाखच भर गए।

समर्थकों ने गीत गाए, नृत्य किया, आतिशी की और पूरे शहर में वाहनों के हॉर्न गूंजते रहे। कई लोग सोमवार तड़के तक जीत का जश्न मनाते रहे। सोमवार सुबह 19 वर्षीय विक्टर आल्वारेज ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैंने केवल तीन-चार घंटे ही सोया है, लेकिन टीम के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। पुरुष विश्व कप के साथ-साथ 2023 में स्पेन द्वारा जीते गए महिला विश्व कप को मिलाकर यह यूरोपीय देश एक साथ पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब अपने पास रखने वाला पहला देश बन गया है। जश्न के बीच एक दुखद घटना भी सामने आई। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, मैड्रिड के उत्तर-पश्चिम में स्थित सलामांका में 13 वर्षीय एक किशोर की उस समय मृत्यु हो गई, जब वह दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए जिस फव्वारे पर चढ़ा था, वह ढह गया। स्पेन फुटबॉल टीम के कई युवा समर्थकों के लिए यह पहली बार है जब उन्होंने पुरुष राष्ट्रीय टीम को विश्व कप ट्रॉफी उठाते देखा है। इसी कारण पूरे देश में उत्साह और उल्लास का अभूतपूर्व माहौल है। टीम के लौटने से पहले ही मैड्रिड के बराखास हवाई अड्डे के आगमन क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रशंसक उनका स्वागत करने के लिए पहुंच गए।

अनेक लोग टीम की जर्सी पहने हुए थे और हाथों में स्पेन के राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। टीम के समर्थक सोमवार सुबह से ही सिबेल्स स्क्वायर के आसपास अपनी जगह सुरक्षित करने लगे। तेज धूप और 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने वाले संभावित तापमान से बचने के लिए वे अपने साथ छतरियां भी लेकर पहुंचे। वहीं दूसरी ओर स्पेन ने फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार फुटबॉल वर्ल्ड कप जीत लिया। मैच खत्म होने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी हार के बाद भावुक हो गए। उन्होंने अपने से 20 साल छोटे स्पेनिश स्टार लामिन यमाल को गले लगाकर बधाई दी। 2007 में मेसी ने यमाल को गोद में खिलाया था और अब दोनों वर्ल्ड कप फाइनल में आमने-सामने नजर आए। फाइनल से पहले हुई क्लोजिंग सेरेमनी में शकीरा और जस्टिन बीबर ने परफॉर्म किया। अमेरिका के प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेन को विजेता ट्रॉफी दी। फाइनल हारने के बाद मेसी रोने लगे। उनके पास लगातार दूसरा वर्ल्ड कप जीतने का मौका था। मैच के बाद अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने लामिन यमाल को गले लगाया।

स्पेन ने मेस्सी को बेअसर कर दिया

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व फुटबाल खिलाड़ियों ने विश्व कप के फाइनल में स्पेन के दबदबे, मजबूत रक्षापंक्ति और लगातार दबाव बनाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे लियोनेल मेस्सी को बेअसर करने और 120 मिनट तक अर्जेंटीना पर हावी रहने के बाद विश्व कप खिताब के सच्चे हकदार थे। स्पेन ने फेरान टोरेस के अतिरिक्त समय (106वें मिनट) में किए गए गोल की मदद से अर्जेंटीना को लगातार दूसरी बार विश्व कप खिताब जीतने से रोक दिया। भारत के पूर्व कप्तान विक्टर अमलराज ने कहा कि स्पेन ने फाइनल पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा और वह अधिक बड़े अंतर से जीत सकता था। उन्होंने कहा स्पेन ने शानदार खेल दिखाया और फाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। स्पेन तीन गोल कर सकता था। लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर ने शानदार प्रदर्शन किया। अमलराज ने कहा कि स्पेन की मजबूत रक्षा पंक्ति ने मेस्सी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा फाइनल में मेस्सी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। स्पेन ने उन्हें पूरी तरह से रोके रखा। पूरे 120 मिनट में उन्होंने गेंद को मुश्किल से कुछ बार ही स्पर्श किया होगा। स्पेन की रक्षापंक्ति इतनी मजबूत थी कि उन्हें अपने कौशल दिखाने का मौका ही नहीं मिला।

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में मनु, स्वप्निल करेंगे भारत की अगुवाई



हांगझोउ (चीन)। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले के नेतृत्व में भारत का मजबूत दल बुधवार से शुरू हो रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेगा। भारतीय टीम में मनु और कुसाले के अलावा ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, सुरुचि, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा, सोनम उत्तम मस्कर, अनीश भानवाला, राइजा ढिल्लों, गनेमत सेखों और ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरुका जैसे प्रमुख निशानेबाज शामिल हैं।

पुरुष 10 मीटर राइफल स्पर्धा पार्थ राकेश माने, हिमांशु ढिल्लों, शाहू तुषार माने और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल चुनौती पेश करेंगे तो वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में इलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और साक्षी सुनील पाडेकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार और रुद्रांक्ष पाटिल जबकि महिलाओं में आशी चौकसे, विदार्सा के. विनोद और सिफ्ट कौर समरा मैदान में होंगी। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सुरुचि, सैन्यम और ईशा सिंह भारत की अगुवाई करेंगी। पुरुष वर्ग में केदारलिंग बी. उचगांवकर, कमलजीत और आकाश भारद्वाज हिस्सा लेंगे। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में मनु भाकर, ईशा सिंह और राही सरनोबत को टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश भानवाला, ओंकार सिंह और भावेश शेखावत भारत की चुनौती पेश करेंगे। पुरुष ट्रैप स्पर्धा में उदावीर सिंह जाजी, भवनीश मेंदिरत्ता और विवान कपूर उतरेंगे, जबकि महिला ट्रैप में प्रगति दुबे, कीर्ति गुप्ता और राजेश्वरी कुमारी हिस्सा लेंगी। पुरुष स्कीट में गुरजोत सिंह खंगूरा, परमपाल सिंह गुरोन और अभय सिंह सेखों भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिला स्कीट में गणेमत सेखों, दर्शना राठौर और यशस्वी राठौर पर जिम्मेदारी होगी।

भारत 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भी अपनी चुनौती पेश करेगा। प्रतियोगिता का आगाज 22 जुलाई से होगा। पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के पदक विजेताओं का फैसला होगा। विश्व कप 28 जुलाई तक चलेगा, जहां अंतिम दिन 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम और ट्रैप मिश्रित टीम के पदक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

संक्षेप

भारत अंडर19 की स्थिति मजबूत

कोलंबो। कुशाग्र ओझा के नाबाद शतक से भारत अंडर 19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन सोमवार को खराब शुरूआत के बाद पारी को संभाला। भारत ने 65 ओवर में तीन विकेट पर 253 रन बना लिये थे जब खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की। ओझा 177 गेंद में 103 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान यशबर्धन चौहान ने 89 गेंद में 78 रन की पारी खेली जबकि मनल चौहान ने 108 गेंद में 55 रन बनाये। भारत के दो विकेट उस समय गिर गए थे जब खाता भी नहीं खुला था। पहले मैच में दोहरा शतक जमाने वाले लक्ष्य रायचंदानी और शतक लगाने वाले सागर विर्क शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद ओझा ने पहले यशबर्धन और फिर मनल के साथ उपयोगी साझेदारियां की।

दलीप ट्रॉफी में कप्तानी करेंगे रुतुराज गायकवाड़

मुंबई। भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को 23 अगस्त से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि शम्श मुलानी उप कप्तान होंगे। मुंबई के मुख्य चयनकर्ता राजेश पवार की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सोमवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल दो में पश्चिम क्षेत्र का मुकाबला 23 से 26 अगस्त के बीच उत्तर क्षेत्र से होगा। दलीप ट्रॉफी में कुल पांच मैच खेले जाएंगे। इनमें फाइनल भी शामिल है जो छह से 10 सितंबर तक खेला जाएगा। पृथ्वी साव भी पश्चिम क्षेत्र की टीम में शामिल हैं, जो पिछले साल मुंबई से महाराष्ट्र चले गए थे। सरफराज खान और मुशीर खान को भी टीम में जगह दी गई है।

फीफा के प्रमुख ने 115 घंटे विमान में बिताए

न्यूयॉर्क। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने रविवार को समाप्त हुए विश्व कप के दौरान लगभग 60000 मील की दूरी तय की और इस दौरान लगभग 115 घंटे विमान में बिताए। इन्फेंटिनो ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेले गए विश्व कप के दौरान तीन देशों के 16 शहरों का दौरा किया। उनकी यह यात्रा आखिर में अर्जेंटीना और स्पेन के बीच न्यू जर्सी में खेले गए फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त हुई।

न्यूजीलैंड ने रोमांचक जीत से जीती श्रृंखला



एजेंसी

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। मार्क चैपमैन ने 80 रन बनाए और मिचेल सैंटनर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ अच्छा तालमेल बिठाया जिससे न्यूजीलैंड को रविवार को चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

न्यूजीलैंड को जब तीन रन की जरूरत थी और एक विकेट हाथ में था, तभी सैंटनर को जीवनदान मिला। अंतिम बल्लेबाज जेडन लेनोक्स विकेटकीपर के हाथों कैच आउट और एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू से बचे। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 35 गेंदें शेष रहते वेस्टइंडीज के 188 (सभी आउट) के स्कोर को नौ विकेट खोकर पार कर दिया। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने 45वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाया। वह 34 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे वेस्टइंडीज की सीरीज बराबर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। वेस्टइंडीज इस मैच में जीत हासिल करके गैरी सोबर्स को उनके गृह नगर ब्रिजटाउन और केंसिंग्टन ओवल में श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता था।

यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने अपने करियर को संवारा और नाम कमाया। सोबर्स का शुक्रवार को 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। दोनों टीमों ने उनकी याद में काली पट्टी बांधी और झंडे आधे झुकाए गए। सोबर्स के नाम पर बने पवेलियन में दो सीटें खाली छोड़ दी गईं और खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा गया। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज हालांकि फिर से नहीं चल पाए। एक समय उसका स्कोर छह पर विकेट पर 81 रन था। इसके बाद आमिर जांगू और गुडाकेश मोती के बीच सातवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। जांगू ने 71 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा करते हुए 51 रन बनाए जबकि मोती ने 41 रन का योगदान दिया। मोती ने बाद में 47 रन देकर पांच विकेट भी लिए। न्यूजीलैंड ने पहला मैच सात विकेट से गंवाने के बाद दूसरा मैच पांच विकेट से और तीसरा मैच छह विकेट से जीता था।

डोपिंग मामले : उत्तर प्रदेश व पंजाब सबसे आगे : खेल मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में खुलासा किया कि भारत में इस साल 15 जुलाई तक डोपिंग के 78 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश और पंजाब में सबसे अधिक 13-13 मामले दर्ज किए गए। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पिछले तीन वर्षों में प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ियों की संख्या के बारे में सवाल पूछा था जिसके लिखित जवाब में मांडविया ने बताया कि 2026 में डोपिंग के 78 मामले दर्ज दर्ज किए गए हैं।

करांटे चैंपियनशिप में आद्या ने जीता कांस्य



लखनऊ। बांग्लादेश में आयोजित दक्षिण एशियाई करांटे चैंपियनशिप में लखनऊ की युवा खिलाड़ी आद्या चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही लखनऊ के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत एवं दो कांस्य पदक जीते। वर्ल्ड करांटे फेडरेशन एवं एशियन करांटे फेडरेशन के तत्वावधान में बांग्लादेश करांटे फेडरेशन द्वारा 15 से 19 जुलाई 2026 तक आयोजित 10वीं कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर दक्षिण एशियाई करांटे चैंपियनशिप तथा द्वितीय अंडर-14 दक्षिण एशिया करांटे कप में आद्या ने बालिका सब जूनियर कुमिते (55 किलोग्राम से अधिक) भार वर्ग में दमदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। करांटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि आद्या चौहान का यह पदक उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले लखनऊ के खिलाड़ियों ने बालक जूनियर टीम काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के साथ व्यक्तिगत स्पधाओं में रजत और कांस्य पदक भी अपने नाम किए थे। आद्या चौहान की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय, करांटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के चेयरमैन कुणाल सिल्कू (आईएएस), अध्यक्ष टी.पी. हवेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी, आयोजन समिति के चेयरमैन संतोष जायसवाल तथा करांटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सर्वाधिक अंक के साथ अभिज्ञान व आभास चैंपियन

खेल संवाददाता



स्पार्क 64 यूथ शतरंज टैलेंट हंट में वरीय खिलाड़ियों का रहा दबदबा

लखनऊ। लखनऊ क्षेत्र के मजबूत रेटिंग वाले युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित स्पार्क64 ऑल इंडिया यूथ शतरंज टैलेंट हंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में खिताब अपने नाम किए। स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ग्रुप रेवेन रोस के द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं में अंडर-6 में अभिनंदन जायसवाल (6 अंक), अंडर-8 में वीति मित्तल (6.5 अंक), अंडर-10 में अद्विक शुक्ला (6.5 अंक), अंडर-12 में अभिज्ञान कटियार (7 अंक), अंडर-14 में दक्ष मलिक और अभ्युदय राज सिंह (दोनों 5.5 अंक), अंडर-16 में शुभ श्रीवास्तव (6 अंक), अंडर-18 में आभास कुमार श्रीवास्तव (7 अंक) तथा अंडर-20 में सारांश शुक्ला (6 अंक) ने अपने-अपने वर्ग में सर्वोच्च अंक अर्जित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश की वरिष्ठ निशानेबाज एवं एथलीट तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की पूर्व कार्यकारी निदेशक रचना गोविल ने विजेताओं को सम्मानित किया।

आखिरी तीन ओवर में काफी रन दिये, वहीं मैच गंवा दिया : गिल

लंदन। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के हाथों तीसरे वनडे में 27 रन से मिली हार के बाद श्रृंखला गंवाने का ठीकरा डैथ ओवरों में रनों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे गेंदबाजों पर फोड़ा। मैच के निर्णायक मोड़ के बारे में पूछने पर गिल ने कहा कि इंग्लैंड की पारी के आखिरी ओवरों में काफी रन बने। उन्होंने मैच के बाद कहा हम 45वें ओवर तक मैच में थे लेकिन आखिरी तीन ओवरों में काफी रन दे दिये और वहीं मैच हमारे हाथ से निकल गया।

मेरे इर्द-गिर्द चर्चाओं का शोर रहेगा जारी : रोहित

एजेंसी

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर जारी अटकलों के बीच भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने स्पष्ट किया कि उन्हें इस शोर (आलोचना, अफवाहें, अटकलें और लगातार होने वाली चर्चाएं) की पूरी जानकारी है, लेकिन इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। रोहित ने कहा कि वह जब तक क्रिकेट खेलते रहेंगे, ऐसी चर्चाएं होती रहेंगी और उनका पूरा ध्यान केवल टीम के लिए रन बनाने पर है। इस 39 साल के बल्लेबाज ने लॉर्ड्स में रविवार को 138 रन की शानदार पारी खेली। उनकी यह बेहतरीन पारी भी भारत को 27 रन की हार से नहीं बचा सकी।

मैच के बाद रोहित ने अपनी भावनाओं पर संयम बनाए रखा। एकदिवसीय क्रिकेट में भारत की ओर से शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बने रोहित ने बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, जब से मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है, तब से इस तरह की बातें सुनता आ रहा हूं। जब तक मैं खेलता रहूंगा, यह चलता रहेगा। इसलिए इससे मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है।

भारतीय महिला स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम : कोच नीवा

नयी दिल्ली। भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि उनकी प्रत्येक खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में सक्षम है और उम्मीद जताई कि टीम पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेगी।

भारतीय महिला मुक्केबाजों ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है तथा विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। नीवा ने पीटीआई से कहा हमारे पास एक मजबूत टीम है और हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद के साथ उच्च मानक निर्धारित किए हैं।

यूपी टी-20 लीग के चौथे सीजन का शंखनाद

पहली बार लखनऊ इकाना व कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होंगे मुकाबले

खेल संवाददाता



इकाना स्टेडियम में लॉन्च हुआ सीजन-4 के उद्घाटन समारोह का टिकट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेलों के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा है। आधुनिक खेल अवसंरचना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और बड़े खेल आयोजनों को बढ़ावा देने की नीति के चलते प्रदेश अब राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खेल केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश टी-20 लीग के चौथे सीजन का शंखनाद सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हो गया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में लीग के उद्घाटन समारोह के टिकटों की लॉन्चिंग की गई।

कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन की 4000 टिकट रियायती रेट पर लांच की गई है। इसमें अपर ब्लाक की टिकट 349 रुपए व लोअर विंग की टिकट 499 रुपए की होंगी, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा। यह टिकट ई- डिस्ट्रिटएप पर भी मिलेंगे। इकाना स्टेडियम में 14 अगस्त को होने वाले उद्घाटन समारोह में सुप्रसिद्ध सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा तथा प्रसिद्ध गायिका जैस्मीन सैंडलास अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं भव्य ड्रोन शो व आतिशबाजी से ऐसा भव्य नजारा पेश किया जाएगा जो यूपी में पहली बार दिखेगा। समारोह का संचालन सुप्रसिद्ध एंकर जतिन सप्रू करेंगे। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि पहली बार लीग का आयोजन दो शहरों में किया जा रहा है। पहला चरण 14 से 26 अगस्त तक लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जहां उद्घाटन समारोह सहित कुल 22 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद दूसरा चरण 28 अगस्त से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां 12 मैच खेले जाएंगे। लीग का फाइनल मुकाबला 6 सितंबर को कानपुर में भव्य समापन समारोह के साथ खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा।

उन्होंने कहा कि इस बार लीग में छह टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रदेश के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बार फिर बड़ा मंच मिलेगा। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में खेल अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। लीग के समापन के बाद कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा वाराणसी का नया अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी जल्द प्रदेश को समर्पित किया जाएगा, जबकि गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। आने वाले समय में प्रदेश को कई आधुनिक खेल सुविधाएं

लखनऊ में 22 और कानपुर में होंगे क्रिकेट के 12 रोमांचक मुकाबले

मिलने वाली हैं। मुख्य अतिथि ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने पर भी जोर देते हुए सुझाव दिया कि यूपी टी-20 लीग की तर्ज पर महिला लीग भी शुरू की जानी चाहिए, जिसमें शुरूआती चरण में कम से कम चार टीमों को शामिल किया जाए। इसमें कानपुर की टीम ली जाये तो मैं इसमें पूरा सहयोग करुंगा। इस पर यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस दिशा में गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने पैरा तीरंदाज शीतल देवी के संघर्ष और उपलब्धियों की भी चर्चा की।

सिंधू करेंगी चीन ओपन में भारतीय अभियान की अगुवाई

एजेंसी



चांग्झू (चीन) जापान ओपन का खिताब जीतकर शानदार लय में लौटी भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी।

सात्विक-चिराग चोट के चलते बाहर

भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जापान ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची को हराया।

उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर खिताब अपने नाम किया। सिंधू अपने अभियान की शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है।

महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। पिछले महीने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने जापान ओपन से भी सात्विक की बार-बार उभर रही कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। अब दोनों ने विश्व चैंपियनशिप से पहले पूरी तरह फिट होने के उद्देश्य से चीन ओपन नहीं खेलने का फैसला किया है। विश्व चैंपियनशिप 17 वर्ष बाद भारत में आयोजित होने जा रही है।

मुर्मू आज और कल मकदूनिया की यात्रा पर

राष्ट्रपति मोल्दोवा पहुंचीं, प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी



किशनॉउ (मोल्दोवा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोल्दोवा की ऐतिहासिक यात्रा पर यहां पहुंचीं, जो किसी भी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस यूरोपीय देश की पहली यात्रा है।

यह यात्रा यूरोप के तीन देशों के उनके दौरे का हिस्सा है, जिसका मकसद व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ करना है। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, किशनॉउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर, मोल्दोवा गणराज्य के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मिहाई पॉपसोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपनी यात्रा के पहले चरण में, राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया संदू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। वह मोल्दोवा गणराज्य की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ वार्ता करेंगी, एक व्यापार मंच को संबोधित करेंगी और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेंगी। मोल्दोवा पूर्वी यूरोप में स्थित है। यह रणनीतिक रूप से पश्चिम में रोमानिया और उत्तर, पूर्व व दक्षिण में यूक्रेन के बीच स्थित है। मोल्दोवा में लगभग 2,000 भारतीय नागरिक रहते हैं, जिनमें से करीब 1,800 मेडिकल छात्र हैं। राष्ट्रपति मुर्मू 21 और 22 जुलाई को उत्तरी मकदूनिया की यात्रा करेंगी। भारत की किसी राष्ट्रपति की इस दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा होगी। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में मुर्मू 23 से 25 जुलाई तक रोमानिया की यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति के साथ यूरोपीय देशों की यात्रा पर गए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और लोकसभा सदस्य विजय बघेल शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत में व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश निवेश के लिए अनुकूल माहौल और व्यापक कारोबारी संभावनाएं उपलब्ध कराता है। यहां भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, वित्तीय प्रौद्योगिकी, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, आधारभूत ढांचा, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां सौर ऊर्जा, बैटरी भंडारण, स्मार्ट ग्रिड, हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मोल्दोवा की विकास परियोजनाओं में भागीदारी की इच्छुक हैं। भारत भी मोल्दोवा की कंपनियों के लिए व्यापार और निवेश के अच्छे अवसर प्रदान करता है। हम पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं मोल्दोवा के कारोबारियों को भारत आकर अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती हूं। मुर्मू मोल्दोवा की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। उनके साथ भारत का एक कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी गया है। उनकी उपस्थिति मोल्दोवा की आर्थिक क्षमता के प्रति भारतीय उद्योग के बढ़ते विश्वास और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कॉजपा के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से मुलाकात की



नयी दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की। सरकार की ओर से नड्डा ने वार्ता की पहल ऐसे समय की जब संगठन के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मध्य दिल्ली में पहुंच चुके हैं और उन्होंने संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया।

कॉजपा ने दावा किया कि नड्डा ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस मुद्दे पर सरकार के भीतर चर्चा करेंगे और संगठन की मांगों पर सरकार के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के लिए कुछ समय मांगा है। कॉजपा की मांगों में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि की कि कॉजपा के प्रतिनिधियों ने नड्डा से मुलाकात की जिन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ सरकार की ओर से बातचीत की पहल की। सूत्रों ने बताया कि कॉजपा के प्रदर्शन को लेकर सरकार के भीतर बातचीत जारी है और सरकार की ओर से एक औपचारिक बयान जारी किए जाने की संभावना है। कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर उनसे लगभग 10 मिनट तक मुलाकात की। दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दो घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद आशुतोष रांका और मैंने जे.पी. नड्डा जी से उनके आवास पर लगभग 10 मिनट तक मुलाकात की। हमने अपनी मांगों से संबंधित एक लिखित ज्ञापन उन्हें सौंपा। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वह इस बीच सरकार के भीतर इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे। इस संबंध में प्रक्रिया जारी है। इस बीच, बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिये जाने जैसी खबरें भी आ रही हैं।

संक्षेप

भारी बारिश और भूस्खलन से चारधाम यात्रा रोकी गयी

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट तथा चारधाम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए सोमवार को एहतियातन चारधाम यात्रा अस्थायी तौर पर रोक दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मौजूदा मौसम और यात्रा मार्गों की स्थिति के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मार्ग पूरी तरह सुरक्षित होने और परिस्थितियां सामान्य होने के बाद ही यात्रा दोबारा शुरू की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश और भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर यात्रा मार्ग प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया। गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्गों पर मौजूद तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाए तथा किसी भी यात्री को तब तक आगे न भेजा जाए।

फ्रांस में बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध की तैयारी

पेरिस। फ्रांस के सांसद 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी विधेयक पर सहमति बनाने के प्रयास में जुटे हैं, ताकि इसे सितंबर में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से लागू किया जा सके।

संसद के ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले इसके लिए समय तेजी से निकलता जा रहा है। नेशनल असेंबली के सात सदस्यों और सीनेट के सात सदस्यों की सोमवार को संयुक्त समिति की एक बैठक होनी है, जिसमें ऐसे समझौते पर पहुंचने का प्रयास किया जाएगा, जिस पर इस सप्ताह के अंत तक मतदान कराया जा सके। यूरोपीय आयोग ने पाया है कि विधेयक का नवीनतम मसौदा यूरोपीय संघ (ईयू) के कानून के पूरी तरह अनुरूप नहीं है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस प्रतिबंध के प्रबल समर्थक हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अगले वर्ष उनके पद छोड़ने से पहले यह उनके कार्यकाल के अंतिम प्रमुख विधायी कदमों में से एक हो सकता है। नेशनल असेंबली और सीनेट के बीच प्रमुख मतभेद इस बात को लेकर है कि प्रतिबंध किन मंचों पर लागू होगा।

एक सितंबर से सभी सरकारी पत्राचार बांग्ला भाषा में होंगे



कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार एक सितंबर से सभी आधिकारिक पत्राचार बांग्ला भाषा में करेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में यह घोषणा की और सदन में अमित शाह का पत्र पढ़कर सुनाया, जिसमें भारतीय भाषाओं के अधिक से अधिक इस्तेमाल और उनके विकास के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें लिखे एक पत्र में राज्य प्रशासन के हर स्तर पर बांग्ला भाषा के व्यापक उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, एक सितंबर से राज्य सरकार के हर स्तर पर बांग्ला भाषा का उपयोग अनिवार्य होगा। हम केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ होने वाले सभी आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के साथ पत्राचार बांग्ला के साथ-साथ हिंदी में भी किया जाएगा। वर्तमान में केंद्र के साथ आधिकारिक पत्राचार सामान्यतः अंग्रेजी भाषा में होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार बांग्ला भाषा के अधिक व्यापक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के आधिकारिक पत्राचार में बांग्ला भाषा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के अपने तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री ने उन्हें बांग्ला भाषा में एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने भाषा की विविधता पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों पर प्रकाश डाला था।

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर सेना तैनात, रेल सेवाएं प्रभावित



गुवाहाटी। ऊपरी असम में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्यों में राज्य की एजेंसियों की मदद के लिए सेना के जवानों को तैनात करना पड़ा। वहीं क्षेत्र में रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं, उन्हें अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है या गंतव्य से पहले रोका गया है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, इस साल आई बाढ़ में अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। प्राधिकरण ने बताया कि चराईदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, जोरहाट, शिवसागर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों में 57,100 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य के कई चाय बागान बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। टी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की असम इकाई ने कहा कि आने वाली नदियों का जलस्तर अचानक बढ़ गया है और वे खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। संस्था ने बताया कि दोरिका नदी का तटबंध टूटने से स्थिति और खराब हो गई है, जिससे नाजिरा क्षेत्र के चाय बागानों का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कहा कि भारी बारिश के कारण उफनती दिखौ नदी ने तिनसुकिया मंडल के तहत शिवसागर जिले के शिमलुगुड़ी शहर को जलमग्न कर दिया है। बाढ़ का पानी स्टेशन यार्ड और रेलवे कॉलोनी में घुस गया है। क्षेत्र में रेलवे ट्रैक भी डूब गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए शिमलुगुड़ी-नामतियाली और शिमलुगुड़ी-सेलेनघाट खंडों में ट्रेनों की आवाजाही अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई है। डिब्रूगढ़ और तिनसुकिया से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर रंगिया-रंगपारा मार्ग से बदल दिया गया है, जबकि कई स्थानीय ट्रेनों को या तो रद्द कर दिया गया है।

यूक्रेन ने मॉस्को पर 400 से अधिक ड्रोन दागे




कीव। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर बड़े हमले में 400 से अधिक ड्रोन दागे। मॉस्को के मेयर ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह हमला रूस द्वारा कीव और यूक्रेन के अन्य शहरों पर बैलिस्टिक मिसाइल से किए गए भीषण हमलों के बाद हुआ। दोनों देशों के बीच लगातार जारी जवाबी हमलों के कारण किसी भी समझौता-वार्ता की संभावना फिलहाल कमजोर नजर आ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। पिछले सप्ताह सरकार में फेरबदल के बाद देश में पैदा हुए राजनीतिक संकट को कम करने की कोशिश के तहत यह बैठक हो रही है। इस फेरबदल ने युद्ध लड़ने की रणनीति को लेकर सैन्य नेतृत्व और अन्य धड़ों के बीच गहरे मतभेद उजागर कर दिए हैं। जेलेंस्की के सामने यह भरोसा दिलाने की चुनौती है कि मिखाइलो फेदोरोव (35) को रक्षा मंत्री पद से हटाने और सोवियत प्रशिक्षित जनरल ओलेक्सांद्र सिर्स्की (60) पर सशस्त्र बलों के प्रमुख के रूप में भरोसा बनाए रखने से रूस के खिलाफ जारी युद्ध प्रभावित नहीं होगा। उनके इस फैसले के बाद फेदोरोव के समर्थन और सिर्स्की के विरोध में कई दिन तक सड़कों पर प्रदर्शन हुए। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रविवार देर रात से सोमवार तड़के तक यूक्रेन ने रूस की राजधानी की तरफ 400 से अधिक ड्रोन दागे। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकतर ड्रोन राजधानी से काफी दूर ही मार गिराए गए, जबकि मॉस्को के आसपास 85 ड्रोन को अवरुद्ध किया गया। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन हमलों में 10 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि कई आवासीय इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचे से जुड़ी सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी सेना ने रातभर दक्षिणी यूक्रेनी बंदरगाह शहर ओडेसा में ईंधन भंडारण टैंकों को निशाना बनाकर हमला किया। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रातभर यूक्रेन पर दो मिसाइल और लंबी दूरी तक मार करने वाले 94 ड्रोन दागे।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर लॉन्च



मुंबई। फिल्म 'रामायणः प्रथम संकल्प' का ट्रेलर शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इवेंट में लॉन्च किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर नितेश तिवारी, प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा और फिल्म की स्टार कास्ट मौजूद रही। मेकर्स ने घोषणा की कि ट्रेलर 24 जुलाई को दुनियाभर में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा। इवेंट में भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल, रवि दुबे, विवेक ओबेराय सहित अन्य कलाकार शामिल हुए। इवेंट के दौरान रणबीर ने सनी देओल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मंच पर यश ने हिंदी में बात करने की कोशिश की। इस दौरान जुबान फिसलने की वजह से उन्होंने गलती से 'अवसर' (मौका) की जगह 'अवकाश' (छुट्टी) शब्द बोल दिया। करीब चार मिनट के ट्रेलर में फिल्म के भव्य विजुअल्स, बड़े पैमाने पर तैयार की गई दुनिया और प्रमुख किरदारों की पहली विस्तृत झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में बाबा रामदेव और कुमार विश्वास भी थे। इवेंट में बाबा रामदेव ने मंच पर योग भी करके दिखाया। वहीं, बाबा रामदेव ने हंसते हुए कहा कि जब उन्होंने पहली बार सुना कि इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए है, तो यह सुनकर उनकी समाधि लग गई।

रणबीर ने सनी देओल के पैर छुए बाबा रामदेव ने मंच पर किया योग

बेटे वीर के लिए कोई शॉर्टकट नहीं रखा कई ऑडिशन देकर बने 'प्रीतम': हिरानी



मुंबई। इस वेब सीरीज में अरशद वारसी, वीर हिरानी, विक्रांत मैसी, बोमन ईरानी और मोना सिंह महत्वपूर्ण रोल में हैं। राजकुमार हिरानी ने वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से ओटीटी डेब्यू किया। इससे उनके बेटे वीर का भी डेब्यू हुआ। बॉक्स ऑफिस के बाद अब हिरानी ओटीटी पर भी इतिहास रच रहे हैं। आज तकनीक रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है, लेकिन बुजुर्गों या तकनीक से कम परिचित लोगों के लिए यह आसान नहीं है। ट्रेन की टिकट बुक करने से लेकर बैंकिंग तक हर काम ऑनलाइन हो गया है। साइबर क्राइम की कुछ कहानियां पढ़ने के बाद लगा कि अब अपराध करने के तरीके ही नहीं, उन्हें सुलझाने का तरीके भी बदल चुके हैं। यहीं से मेरे मन में एक कहानी जन्मीं, जिसमें एक ईमानदार पुलिस अधिकारी अचानक साइबर सेल में भेज दिया जाए तो वह इस नई दुनिया में कैसे खुद को ढालेगा और क्राइम की जांच कैसे करेगा। इसके बाद प्रीतम का किरदार जुड़ा, जो युवा हैकर है। दोनों की अलग सोच और अनुभव से एक अनोखी दोस्ती और रोमांचक कहानी बनती है।

दो सदियों में इंसान ने की बड़ी तरक्की : जावेद

मुंबई। जावेद कहते हैं धर्मों को समझने के लिए इंसान को उसके ऐतिहासिक संदर्भ में देखना होगा। वो उस जमाने में जन्मा जब इंसान के पास प्रकृति की वैज्ञानिक व्याख्या नहीं थी। इंसान ने शायद अपनी पूरी तारीख में कभी इतनी तरक्की नहीं की जितनी पिछले सौ-दो सौ सालों में की है। उसने समंदर की गहराइयां नाप लीं आसमान की ऊंचाइयां छू लीं, चांद पर कदम रख दिया और अरबों किलोमीटर दूर मौजूद ग्रहों तक अपने यान भेज दिए। उसने परमाणु की बनावट समझ ली, इंसानी जीनोम को पढ़ लिया और ऐसी मशीनें बना लीं जो सीख भी सकती हैं और फैसले भी कर सकती हैं। लेकिन इन सब उपलब्धियों के बीच एक सवाल अब भी हमारे सामने खड़ा है।

आर्टिकल 370 को बेस्ट फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड



मुंबई। यामी गौतम ने 'आर्टिकल 370' में ठकअ अधिकारी जूनी हक्सर और 'चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया था। फिल्म आर्टिकल 370 को शनिवार को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में वर्ष 2024 की बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। वहीं, फिल्म 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार मिला और यामी गौतम को लीडिंग रोल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिया गया।

कार्तिक आर्यन बेस्ट एक्टर, यामी गौतम बेस्ट एक्ट्रेस, 72वें नेशनल अवॉर्ड का एलान

वहीं, 'ब्रमायुगम' के लिए ममूटी और 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन को संयुक्त रूप से लीडिंग रोल में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया।

बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली 'आर्टिकल 370' का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया था। फिल्म में यामी गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जो उनका पहला नेशनल अवॉर्ड होगा। सैकनिल्क के मुताबिक, करीब 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 110 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया। आदित्य सुहास जांभले को इससे पहले 2016 में शॉर्ट फिल्म 'आबा ऐकताय ना?' के लिए बेस्ट डायरेक्शन (नॉन-फीचर) और 2019 में शॉर्ट फिल्म 'खारवस' के लिए बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

आदित्य सुहास जांभले को इससे पहले 2016 में शॉर्ट फिल्म 'आबा ऐकताय ना?' के लिए बेस्ट डायरेक्शन (नॉन-फीचर) और 2019 में शॉर्ट फिल्म 'खारवस' के लिए बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। कार्तिक आर्यन और ममूटी को संयुक्त रूप से बेस्ट एक्टर का पुरस्कार मिला। यह कार्तिक का पहला नेशनल अवॉर्ड है, जबकि ममूटी का यह चौथा नेशनल अवॉर्ड है। बेस्ट हिंदी फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का डायरेक्शन तुषार हीरानंदानी ने किया था। फिल्म में मुख्य भूमिका में राजकुमार राव नजर आए थे।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com